Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10




खेल

**इस्लामिक स्टेट ने न्यूयार्क में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट विश्व कप मैच को लेकर दी धमकी**



देश


**एलजी सुझाव देते तो अच्छा लगता, वो हमारे ...गर्मी को लेकर वीके सक्सेना के पत्र पर...**


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 31 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 170 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 72, 760 | ₹96,500 |

## आज का इतिहास

- 1774 : भारत में डाक सेवा शुरू हुई, पहला डाकघर खुला।
- 1972: भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मीना कुमारी का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### केजरीवाल की जमानत याचिका पर विशेष अदालत ने ईडी से किया जवाब तलब

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया। राउज एवेन्यू स्थित ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर धराया

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसावां बिगहा गांव के समीप बटाने नदी से अवैद्य बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। इस क्रम में पुलिस ने एक बाइक, दो कुदाल व दो तगाड़ी भी जब्त किया है। हालांकि चालक पुलिस को देखते गाड़ी छोड़कर भाग गया। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी राजा कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर की है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि इस मामले में गाड़ी मालिक व चालक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### कन्याकुमारी पहुंचे मोदी, अम्मन मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नई दिल्ली (ए.)।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिये प्रचार खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को तमिलनाडु के कन्याकुमारी पहुंचे और समुद्र तट पर देवी कन्याकुमारी को समर्पित "108 शक्तिपीठों" में से एक ऐतिहासिक श्री भगवती अम्मन मंदिर गए और पूजा-अर्चना की श्री मोदी केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के हेलिकॉप्टर से यहां सरकारी गेस्ट हाउस के अंदर बनाये गये हेलीपैड पर पहुंचे। यहां पर थोड़ी देर आराम करने के बाद वह समुद्र तट पर देवी कन्याकुमारी को समर्पित "108 शक्तिपीठों" में से एक ऐतिहासिक श्री भगवती अम्मन मंदिर गये और पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने प्रधानमंत्री 'पूर्ण कुंभ' सम्मान के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। भगवान की विशेष पूजा की गयी। पारंपरिक 'वेष्टि' (धोती) और अंगवस्त्रम पहने प्रधानमंत्री ने पीठासीन देवता की पूजा करने के बाद गर्भगृह की परिक्रमा की। मंदिर प्रशासन की ओर से श्री मोदी को देवी भगवती अम्मन का चित्र भेंट किया गया। बाद में, वे एक विशेष नाव में सवार होकर विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे, जहां वे आज शाम से एक जून तक स्मारक के अंदर ध्यान मंडपम में दिन-रात ध्यान करेंगे।

# सातवां चरण के लिए चुनाव प्रचार समाप्त आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान कल

**एजेंसी | नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में 8 राज्यों की कुल 57 सीटों पर चुनाव होना है। जिन आठ राज्यों में कल मतदान होना है, उसमें बिहार की 8 सीट, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटें, झारखंड की तीन सीटें, ओडिशा की 6 सीटें, पंजाब की सभी 13 सीटें, उत्तर प्रदेश की 13 सीटें, पश्चिम बंगाल की 9 सीटें और छत्तीसगढ़ की एक मात्र सीट पर 1 जून को मतदान होगा। 7वें चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री अपना दल (एस) की नेता अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर), पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर बलिया से, माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी गाजीपुर से, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय चंदौली से, केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी महाराजगंज से, भोजपुरी अभिनेता रवि किशन गोरखपुर से शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकसभा सीट वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव और दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के लिए



प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया। इन सीट पर एक जून को मतदान होगा। इस चरण में इन लोकसभा क्षेत्रों के लिए कुल 144 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष और 10 महिलाएं हैं। सातवें चरण में राज्य की 13 लोकसभा सीट में से 11 सामान्य श्रेणी की हैं, जबकि दो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण की 13 लोकसभा सीटों में महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सुरक्षित), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) शामिल हैं, जो 11 जिलों में स्थित हैं। दुद्धी विधानसभा क्षेत्र सोनभद्र जिले में है। उधर, छह चरणों का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के बाद निर्वाचन आयोग का पूरा जोर सातवें चरण के चुनाव को भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर है। इसे लेकर वह पूरी ताकत से जुटा हुआ है। आयोग इस दौरान हर दिन की चुनावी गतिविधियों पर पूरी नजर रख रहा है। साथ ही चुनाव के दौरान फैलाए जाने वाले दुष्प्रचारों को लेकर न सिर्फ सतर्क है बल्कि ऐसे झूठ की तुरंत हकीकत भी सामने ला रहा है। आयोग ने पर्यवेक्षकों को भी अतिरिक्त सतर्क रहने का सुझाव दिया है। बता दें कि पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के सात मई को, चौथे चरण के लिए 13 मई को, पांचवें चरण के लिए 20 मई को और छठे चरण के लिए मतदान 25 मई को हुआ था।

वहीं चुनाव के प्रचार थमने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी पहुंचे। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर (कन्याकुमारी मंदिर) में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद विवेकानंद शिला जाकर एक जून तक ध्यान लगायेंगे।

### नतीजे चार जून को

सातवें एवं अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 144, पंजाब की 13 सीटों पर 328, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों के लिये 124, बिहार की आठ सीटों पर 134, ओडिशा की छह सीटों पर 66, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर 37, झारखंड की तीन सीटों पर 52 और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सात चरणों में कराये जा रहे लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा। नतीजे चार जून को आयेंगे।

# जम्मू में 150 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 21 लोगों की मौत, 40 घायल

**एजेंसी | श्रीनगर**



जम्मू के अखनूर में गुरुवार दोपहर तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई। 40 लोग घायल हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हादसा जम्मू-पुंछ राजमार्ग पर हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस में उत्तर प्रदेश के हाथरस के करीब 60 लोग सवार थे। हाथरस से शिव खोरी जा रहे थे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। 15 नवंबर 2023 को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के अस्सार इलाके में एक बस 300 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। हादसे में 9 महिलाओं समेत 38 लोगों की मौत हुई थी। बस किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों के साथ स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव का काम किया था। बस बुरी तरह डैमेज हो गई थी इसलिए इसे काटकर डेड बॉडी और घायलों को बाहर निकालना पड़ा था। घायलों को किश्तवाड़ जिला अस्पताल और डोडा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था

### राष्ट्रपति ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए कहा है कि इस घटना में जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए दुख है, साथ ही परिजनों के प्रति संवेदना है। घायलों के लिए जल्दी स्वस्थ होने की कामना करती हूं। दुर्घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारी वहां पहुंच गए हैं। बचाव कार्य जारी है, बस में 60 व्यक्ति सवार थे, यह जानकारी मिली है।

## इंडिया गठबंधन की बनने जा रही सरकार : तेजस्वी



**पटना(नि.सं.)।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने दावा किया कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमलोग 300 पार करने जा रहे हैं। श्री यादव गुरुवार को चुनाव प्रचार के लिए रवाना होने के पूर्व पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात कर रहे थे। नेता प्रतिपक्ष ने तंज किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी प्रिय बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई चुनाव हरवा रही है। तेजस्वी ने कहा कि जब से हमने कहा कि 4 जून को हमारे चाचा (नीतीश कुमार) अपनी पार्टी को बचाने के लिए बड़ा निर्णय ले सकते हैं, तब से वे प्रचार में नहीं निकले। प्रशासन का काम गवर्नर देख रहे हैं। अधिकारियों को बुलाकर समीक्षा कर रहे हैं।

## सदर अस्पताल में छह लोगों की संदिग्ध हालत में मौत



**निज संवाददाता | जहानाबाद**

जहानाबाद सदर अस्पताल में छह लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। परिजनों का कहना है कि गर्मी के कारण तबीयत बिगड़ी थी। वहीं परिजनों ने अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए तोड़फोड़ भी की है। मृतकों की पहचान ओमप्रकाश मखदुमपुर, अरुण नदौल, दुलारचंद मांझी पलेया, रामनिवास शर्मा मोकर, श्याम सुंदर चैता अलीपुर, देवेंद्र शर्मा झारखाके रूप में हुई है। मृतकों के परिवार द्वारा डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है जिसके कारण अस्पताल परिसर में हंगामा एवं तोड़फोड़ भी किया गया। परिजन का आरोप है कि डॉक्टर द्वारा सही ढंग से इलाज नहीं किया गया जिसके कारण मौत हुई है। घटना से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। इसकी सूचना नगर थाना के पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची। लोगों को समझाकर शांत कराया। जिला पदाधिकारी अल्किता पांडेय ने मौत के कारणों के बारे में किसी तरह की पुष्टि नहीं की है। मृतक के परिजन द्वारा गर्मी के कारण मौत होने की बात बताई जा रही है। डॉक्टर इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। जिले वासियों से अपील की जा रही है कि घर से बाहर नहीं निकलें, अत्यधिक गर्मी पड़ रही है जिसके कारण अस्पताल में एकाएक अधिक संख्या में मरीज पहुंच गए हैं।

## बिहार की सभी 40 सीटों पर राजग की होगी जीत : चिराग



**गया (नि.सं.)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के वरिष्ठ नेता चिराग पासवान ने बिहार की सभी 40 सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का दावा करते हुए आज कहा कि इस लोकसभा चुनाव में राजग 400 सीट का आंकड़ा पार करेगा। श्री पासवान ने गया जिले के अतरी विधानसभा के खिजरसराय बाजार स्थित यशवंत सिंह उच्च विद्यालय के प्रांगण में एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो 400 पार का नारा दिया है, उसे पूरा कर दिखाना है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि पुराने दिनों को याद कीजिए, उस समय को वापस नहीं आने देना है। जंगलराज को याद कीजिए। महागठबंधन वाले जनता को दिग्भ्रमित करने वाले लोग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश का विकास हो रहा है। लोजपा नेता ने दावा किया कि बिहार की सभी 40 सीटों पर राजग का कब्जा होगा। पूरे देश में राजग 400 का आंकड़ा पार करेगा।

# संपत्ति नहीं बताने वाले 39 नौकरशाहों पर होगी कार्रवाई, भेजा गया नोटिस

- **बिहार के जिन वरीय आईपीएस अधिकारियों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा अब तक नहीं दिया है, बिहार के 36 आईएएस और तीन आईपीएस शामिल हैं। अब सरकार इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई के मूड में है।**

**निज संवाददाता | पटना**

नीतीश सरकार के आदेश के बावजूद बिहार के 39 वरीय अधिकारियों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा घोषित नहीं किया है। इनमें 36 सीनियर आईएएस और तीन आईपीएस अफसर शामिल हैं। संपत्ति का ब्योरा नहीं मिलने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने इन्हें अल्टीमेटम जारी किया है। संपत्ति की जानकारी 15 फरवरी तक ही देनी थी। प्रावधान के अनुसार संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक नहीं करने की स्थिति में उनके वेतन से कटौती समेत प्रशासनिक कार्रवाई करने का नियम है। बिहार के जिन वरीय आईपीएस अधिकारियों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा अब तक नहीं दिया है, बिहार के 36 आईएएस और तीन आईपीएस शामिल हैं। अब सरकार इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई के मूड में है। इन लोगों से सरकार ने संपत्ति का ब्योरा नहीं देने का कारण पूछा है। सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव सिद्धेश्वर चौधर ने इन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे अब तक संपत्ति का ब्योरा न देने का कारण बताते हुए यथाशीघ्र जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव सुनील बर्थवाल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की सचिव सुजाता चतुर्वेदी, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, राज्यसभा सचिवालय के सचिव राजित पुनहानी, औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के सचिव अरुनीश चावला, पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष राहुल सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार के संयुक्त सचिव जितेंद्रतें श्रीवास्तव, मगध प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरवड़े, नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आओ, औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के संयुक्त सचिव पलका साहनी, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव आर लक्ष्मणन, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अजय यादव, उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बालामुरुगन डी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशपें न मंत्रालय के निदेशक अश्विनी दत्तात्रेय ठकरे, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष आदेश तितरमारे, राजस्व विभाग वित्त मंत्रालय के निदेशक मनोज कुमार सिंह, पटना नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर शामिल हैं।

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने जारी किया 10वीं के परीक्षा का शेड्यूल



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबास) के प्रथम माध्यमिक (10वीं) जून 2023 व द्वितीय माध्यमिक दिसंबर 2023 की परीक्षा एक साथ 15 जून से आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में प्रथम माध्यमिक व द्वितीय पाली में द्वितीय माध्यमिक की परीक्षा होगी। परीक्षा समिति ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा सुबह 9.30 से 12.45 प्रथम पाली में और दोपहर दो बजे से शाम 5.15 तक दूसरी पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा 26 जून तक चलेगी। दोनों पालियों में प्रश्न पत्र को पढ़ने व समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा समिति ने कहा है कि प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को सुबह नौ बजे तक और दूसरी पाली के परीक्षार्थियों को 1.30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर जाना है। विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। समिति ने बताया कि जो परीक्षार्थी स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, उन्हें नियमानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा नन-मैट्रिक स्तर के लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों को निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय दिया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षा 27 से 29 जून के बीच आयोजित होगी। प्रायोगिक परीक्षा भी दो पालियों में अध्ययन केंद्रों पर आयोजित होगी।

## भारत में हो रही अंटार्कटिक संसद की बैठक

**नई दिल्ली (ए.)।** केरल के कोच्चि में 46वीं अंटार्कटिक संसद चल रही है। भारत की मेजबानी में ये संसद 20 मई से आज 30 मई तक चलेगी, जिसमें 56 देश हिस्सा ले रहे हैं। दरअसल, ये सभी देश अंटार्कटिक में वर्चस्व की लड़ाई के खात्मे के लिए एकजुट हुए हैं। सभी देश अंटार्कटिक में क्लाइमेट चेंज और क्षेत्र को बचाने के लिए कदम उठाने के बारे में वार्ता करेंगे। दरअसल, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अंटार्कटिक महाद्वीप पर कई देशों ने अपना दावा ठोक दिया था। 1950 के करीब ब्रिटेन, अर्जेंटीना, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नार्वे और चिली ने अंटार्कटिका के अलग-अलग हिस्सों पर अपना दावा ठोकना शुरू कर दिया। इसके बाद अंटार्कटिका को लेकर दुनिया एक और विश्वयुद्ध नहीं चाहता था, जिसके लिए अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे 12 देशों ने अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए।

# बिहार में हर घर नल का जल के तहत एक घंटे ज्यादा मिलेगा पानी

**निज संवाददाता | पटना**





बिहार में हर घर नल का जल के तहत लोगों को पानी की सप्लाई एक घंटा ज्यादा की जाएगी। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) ने भीषण गर्मी को देखते हुए यह फैसला लिया है। दोपहर में जलापूर्ति का समय एक घंटे बढ़ा दिया गया है। अभी दोपहर के समय एक घंटे ही जलापूर्ति की जा रही है। अब से लोगों को एक के बजाय दो घंटे पानी मिलेगा। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय पेयजल अन्य कार्यों के लिए पानी की जरूरत बढ़ गई है। इसे देखते हुए पीएचईडी ने यह फैसला लिया है। हर घर नल का जल योजना के तहत बिहार में अभी 6 घंटे जलापूर्ति की जा रही है। घरेलू उपभोक्ताओं को सुबह 3 घंटे, दोपहर में एक घंटा और शाम में दो घंटे पानी की सप्लाई की जाती है। अब दोपहर के समय में दो घंटा पानी मिलेगा। यानी कि कुल 6 की बजाय 7 घंटे वाटर सप्लाई की जाएगी। विभाग की ओर से गुरुवार को को सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिया गया। बता दें कि राज्यभर में इन दिनों भीषण गर्मी और लू की स्थिति बनी हुई है। इस वजह से पेयजल और अन्य कार्यों के लिए पानी की मांग काफी बढ़ गई है। लोगों को पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कई जिलों में भूजल स्तर भी चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक बीते 24 घंटे के भीतर बक्सर जिले में सर्वाधिक तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गया, नवादा, नालंदा, वैशाली, औरंगाबाद, रोहतास, भोजपुर और नालंदा जिले में भी गुरुवार को पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ।

**आईएमडी ने 31 मई तक इसके केरल में पहुंचने की संभावना जताई थी**

# केरल पहुंचा मानसून, 27 जून तक दिल्ली आने की संभावना

**एजेंसी | नई दिल्ली**



देश के 7 राज्यों में गुरुवार (30 मई) को हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के कुछ हिस्सों, बिहार, झारखंड, ओडिशा शामिल हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में ऑरेंज अलर्ट है। उत्तर-पश्चिमी राज्यों में भीषण गर्मी के बीच राहत की खबर आई है। केरल में मानसून पहुंच चुका है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में भी मानसून की एंट्री हो चुकी है। दिल्ली में मानसून 27 जून तक आएगा। इस बार मानसून पूर्वानुमान के एक दिन पहले आया है। आईएमडी ने 31 मई तक इसके केरल में पहुंचने की संभावना जताई थी। मानसून जल्दी आने का कारण रेमल साइक्लोन बताया जा रहा है, जो 26 मई को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में आया था।

इससे पहले 30 मई, 2017 को साइक्लोन मोरा के कारण मानसून समय से पहले आया था। 2023 में केरल में मानसून की एंट्री सात दिनों की देरी के बाद 8 जून को हुई थी। आमतौर पर केरल में एक जून को मानसून प्रवेश करता है और 5 जून तक देश के अधिकांश हिस्से को कवर कर लेता है। दूसरी तरफ, दिल्ली में गर्मी से हीटस्ट्रोक के कारण आज पहली मौत दर्ज की गई। 40 साल के एक व्यक्ति ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसे सोमवार (27 मई) की रात भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने बताया कि वह बिना कूलर या पंखे वाले कमरे में रह रहा था और उसे तेज बुखार था। डॉक्टर के मुताबिक, मृतक के शरीर का तापमान 107 डिग्री फारेनहाइट पहुंच गया था, जो सामान्य से लगभग 10 डिग्री ज्यादा है। व्यक्ति बिहार के दरभंगा का रहने वाला था और दिल्ली में मजदूरी करता था। दिल्ली में बुधवार (29 मई) को अलग-अलग जगहों पर तापमान 45.2 डिग्री से 49.1 डिग्री के बीच रहा। हालांकि, कल दोपहर में आईएमडी ने जानकारी दी थी कि दिल्ली के मुंगेशपुर में तापमान 52.3 डिग्री पहुंच गया है। हालांकि, रात में बताया गया कि 52.3 डिग्री का डेटा गलत था। दिल्ली समेत देश के 11 शहरों में बुधवार (29 मई) को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया। हरियाणा के रोहतक में सबसे ज्यादा 48.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। दिल्ली के रिज में 47.3 डिग्री तापमान रहा।

दिल्ली में पाइप से कार धोने पर 2000 रुपए फाइनः दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे तुरंत दिल्ली भर में 200 टीमें तैनात करें, ताकि पाइप से कार धोने, पानी की टंकियों के ओवरफ्लो होने और निर्माण या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए घरेलू जल आपूर्ति के उपयोग पर नकेल कसी जा सके।

आतिशी ने निर्देश दिया कि 30 मई को सुबह 8 बजे से टीमें तैनात की जाएंगी और पानी की बर्बादी करने वाले किसी भी व्यक्ति पर 2000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और निर्माण स्थलों या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अवैध पानी के कनेक्शन


बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त

श्री राज नर्सिंग एंड पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट

मीठापुर बस स्टैंड रोड, जक्कनपुर पुलिस थाना के पास, पटना

Paramedical Course

» BPT » BOT

» BMLT » BHM

Students Credit Card Facility Available

Nursing Courses

» B.Sc. Nursing

» GNM

» ANM

Registration for Session 2024




प्रशिक्षण हेतु संस्थान का अपना आधुनिक अस्पताल

Ph. 0612-2360081, 9155558888, 9162413233

E-mail: srthospital@gmail.com, Web : www.biharparamedical.org

## संक्षिप्त समाचार

### 28 लाख की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**गया।** पटना में फ्लैट देने के नाम पर 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शख्स को रामपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया राजेश राज कंकड़बाग पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के लोहियानगर का रहने वाला है। मार्च माह में गया के युगेश कुमार की दर्ज शिकायत पर पुलिस ने कांड के अनुसंधान के बाद राजेश राज को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर मोहल्ले का रहने वाला युगेश कुमार ने राजेश राज सहित तीन पर 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोही होम प्रा. लिमिटेड के तीन पार्टनर राजेश राज, गिरि शांत दिप्त व राकेश कुमार सिन्हा ने रुपसपुर ब्लॉक बी में बने अपार्टमेंट में फ्लैट देने के नाम पर किश्त में 28 लाख रुपए लिये। इसके बाद फ्लैट की रजिस्ट्री करने में टालमटोल किया जाने लगा। 28 मार्च को कहा गया कि वह फ्लैट बेच दिया गया है ।

### एजेंट को लूटकर की फायरिंग

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में लूटपाट और छिनतई की वारदात थामने का नाम नहीं के रहा है। आए दिन अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे है। नतीजतन आम आवाम में भय और दहशत का माहौल है।ताजा मामला मंगलवार को मधुमति आश्रम के समीप हुए दिनदहाड़े लूट का है।बताया जाता है कि चार की संख्या में रहे हथियारबंद अपराधी बाइक सवार कलेक्शन एजेंट को मारपीट कर रुपए से भरे बैग और बाइक लूट कर फरार हो गए। इस दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की।पीड़ित भारत फाइनेंस सिक्योरिटी लिमिटेड (लखीबाग) ब्रांच के कलेक्शन एजेंट बबलू कुमार द्वारा मामले की लिखित तहरीर स्थानीय थाना में दी।जिसके बाद हरकत में आए स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गए।पीड़ित ने बताया कि जनकपुर स्थित मधुमति आश्रम के समीप नदी किनारे स्वयं सहायता समूह से जुड़े महिलाओं से 1,29,000 नगद कलेक्शन कर लौट रहा था।तभी मधुमति आश्रम चौमुहानी समीप घात लगाए चार बदमाशों ने बाइक को जबरन रोक लिया और मारपीट करने लगे। उन्होंने बताया कि जबतक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते बदमाश रुपए से भरे बैग और बाइल लेकर फरार हो गए।बता दे की पूर्व में भी भारत फाइनेंस सिक्योरिटी के कर्मी के साथ लूटपाट की घटना हुई है। इस बाबत थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि आवेदक बबलू कुमार मूल रूप से नालंदा जिला के मंदीपुर का रहने वाला है।फिलहाल भारत फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट के पद पर कार्यरत है।लूट कि घटना में लिप्त बदमाश की पहचान हो गई है।

### बदमाशों ने टोटो से जा रही महिला के गले से उड़ाई सोने की चेन

**बोधगया।** गया शहर के छोटकी नवादा मुहल्ले के रहने वाले अरुण प्रसाद की पत्नी सोनी देवी के साथ बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े छिनतई की घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता सोनी देवी अपने परिवार के साथ टोटो से बोधगया महाबोधि मंदिर घूमने निकली थी। पीड़िता ने बताया कि एक बाइक पर सवार दो युवक पुलिस लाइन से उनके टोटो के आगे-पीछे चल रहा था, पर उस पर विशेष ध्यान नहीं दिया। इसके बाद गया-डोभी मार्ग ट्रांसफॉर्मर गोदाम के पास दोपहर 03:50 के आसपास बाइक सवार युवक उनके टोटो के पास आकर गले से सोने का चेन छिन लिया। इस चेन में दुर्गा माता का लॉकेट भी था। चेन छीनने के बाद बदमाश टेकुना मोड़ की तरफ भाग निकले। टोटो ने उन बाइक सवार बदमाशों के पीछा करने का प्रयास किया पर अचानक वे गायब हो गए। घटना के बाद बोधगया थानाध्यक्ष ने बताया कि लगातार सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है।

### आवास योजना : छह पर केस दर्ज, 71 लोगों को नोटिस

**टनकुप्पा।** टनकुप्पा में आवास योजना के छह लाभुकों के ऊपर बीडीओ ने सख्त कार्रवाई करते हुए सर्टिफिकेट केस किया है। साथ ही 71 लाभुकों के ऊपर आवास योजना निर्माण कार्य नहीं शुरू करने पर रेड नोटिस भेजा गया है। बीडीओ अलिषा कुमारी ने ये जानकारी दी। बीडीओ ने कहा कि आवास योजना में लापरवाही बरतने वाले को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। आवास निर्माण कार्य शुरु नहीं करनेवाले लाभुकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस प्रखंड क्षेत्र में वर्ष 2021 - 22 अंतर्गत कुल 3214 लोगों का चयन आवास योजना अंतर्गत किया गया था। जिसमें 71 लोगों के द्वारा निर्माण कार्य नहीं शुरू किया गया।

### परीक्ष्यमान अवधि में शिक्षकों को सिर्फ आकस्मिक अवकाश

**गया।** प्राथमिक, मिडिल व उच्च विद्यालयों में विभागीय नियम के विरूद्ध शिक्षकों द्वारा अवकाश का उपभोग किए जाने के विरूद्ध डीपीओ ने हेडमास्टरों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि विद्यालय अध्यापक, निदेशक माध्यमिक शिक्षा के आदेश के विपरीत मनमानी तरीके से अवकाश का आवेदन देकर विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। जबकि विभागीय नियमानुसार अध्यापकों को परीक्ष्यमान अवधि (नियुक्ति के बाद प्रथम 02 वर्ष की अवधि) आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश देय नहीं है। निर्देश दिया गया कि इस नियम के विरूद्ध अवकाश का उपभोग करने वाले शिक्षक का विद्यालय में योगदान डीपीओ की अनुमति के बाद ही कराने का निर्देश हेडमास्टरों को दिया गया है। इधर इस आदेश के बाद खासकर शिक्षक-शिक्षिकाओं में भारी रोष है। इनलोगों का कहना है कि इस आदेश के मुताबिक बीपीएससी से बहाल शिक्षक/शिक्षिका को परीक्ष्यमान अवधि में सिर्फ आकस्मिक अवकाश ही देय होगा। जबकि महिला शिक्षकों को प्रति माह विशेष अवकाश के रूप में दो दिनों की छुट्टी मिलती रही है।

### छेड़खानी के मामले में दोषी को हुई तीन साल की सजा

**गया।** नाबालिग लड़की से छेड़खानी के मामले में कोर्ट ने बुधवार को एक अभियुक्त को तीन साल की सजा सुनाई । पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज असिताभ कुमार ने अभियुक्त अनुज कुमार को तीन साल की सजा एवं एक हजार रुपया आर्थिक दंड भी लगाया । कोर्ट ने इस मामले के सात अन्य अभियुक्त शिवकुमार यादव , अर्जुन यादव , तोरीक यादव , अजय यादव , धनंजय यादव , बंसी यादव , मीना देवी को एक- एक हजार रुपया आर्थिक दंड लगाकर छोड़ दिया । इन सभी अभियुक्तों ने पीड़िता के परिजन के साथ मारपीट किया था । अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कैसर सरफुद्दीन व कमलेश कुमार सिन्हा ने बहस किया । जबकि बचाव पक्ष से अधिवक्ता मुकेश कुमार ने बहस किया । घटना 23 अगस्त 2018 की है । उस दिन पीड़िता बेलागंज स्थित एक स्कूल में जानवर का रस्सी लाने गई थी । इसी दौरान अनूज कुमार ने पीड़िता के साथ छेड़खानी किया था एवं बुरा नियत से उसे टूटा मकान में ले जा रहा था । जब उसकी बहन हल्ला की तब वह उसे छोड़कर भाग गया था । इसकी शिकायत पीड़िता के परिजन द्वारा करने पर अभियुक्तों ने पीड़िता के घर जाकर उसके परिवार के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था ।


### संपत्ति के लालच में घटना को दिया अंजाम, हुआ गिरफ्तार

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत गांधी नगर मोहल्ले से दिल दहलाने वाली खबर सामने आते ही मोहल्ले में खलबली मच गई।चर्चाओं की बाजार गर्म हो गया।जारी चर्चाओं की माने तो बेटा नालायक हो जाय तो उसका कहना ही क्या।लोभ लालच में खून के रिश्ते भी खून के प्यासे हो जाते हैं।ऐसे में समाज को भी जागरूक होने की जरूरत है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संपत्ति के विवाद में एक बेटे ने अपने ही परिवार को जहर देकर मारने का प्रयास किया।भुक्तभोगी दंपती बच्चन दास एवं शिव कुमारी दास ने पुलिस को मामले कि लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरा तीन बेटा है।जिसमे बड़ा बेटा 38 वर्षीय जितेंद्र दास हमेशा घर मकान बंटवारा को लेकर झगड़ा झंझट करता रहता है।लेकिन परिजन परिवार उसे समझा बुझाकर सभी परिवार को साथ रहने की नसीहत देते रहे।इधर सोमवार की शाम घर में मछली चावल बना था। बड़ा बेटा जितेंद्र ने चुपके से मछली में जहर मिला दिया। जिसे रात में सभी लोग खाने के बाद आराम करने लगे।इसी दौरान माता शिव कुमारी दास,पिता बच्चन दास,भाई सत्येंद्र कुमार, आशीष कुमार एवं मुकेश कुमार की तबियत खराब हो गया।जिसकी सूचना मिलते ही आनन फानन में आसपास के लोग इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।जहा से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल में रेफर कर दिया।

# अविस्मरणीय रहेगी महारानी अहिल्याबाई की प्रजावत्सलता : डॉ रश्मि प्रियदर्शनी

## विष्णुपद मंदिर की निर्मात्री को ओजस्विनी ने दी भावांजलि

निज संवाददाता। गया




मोक्षधाम गया स्थित विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर का जीर्णोद्धार करने वाली इंदौर की महारानी माता अहिल्याबाई होल्कर की 31 मई को मनायी जा रही 299वीं जयंती पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की महिला शाखा-ओजस्विनी द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम में भावांजलि दी गयी। इसके साथ ही एक परिचर्चा का भी आयोजन हुआ, जिसका संचालन तथा समन्वयन ओजस्विनी की जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मंत्री अमीषा भारती द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। रजनी त्यागी, शिल्पा साहनी, हर्षिता मिश्रा, जूही, अन्या गुप्ता, अमीषा भारती और ओजस्विनी की अन्य सदस्यों ने भी अहिल्याबाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महारानी अहिल्याबाई होल्कर को महिला सशक्तीकरण का अग्रदूत बताते हुए ओजस्विनी की अध्यक्ष डॉ रश्मि ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन प्रेरक है, उनके द्वारा उठाया गया हर कदम प्रणम्य है। 31 मई 1725 से लेकर 13 अगस्त 1795 तक भारत भूमि की मनसा वाचा कर्मणा सेवा में संलग्न महारानी अहिल्याबाई का विराट प्रजावत्सल व्यक्तित्व सभी को 'स्व' से ऊपर उठकर 'पर' उपकार के लिए प्रेरित करता है। अपने प्रियजनों, यथा श्वसुर मल्हार राव, पति खंडे राव, पुत्र माले राव तथा पुत्री मुक्ता बाई की अकाल मृत्यु के बाद भी उन्होंने स्वयं को टूटने नहीं दिया। डॉ रश्मि ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई ने दिखावे के लिए नहीं, अपितु लोकहित की भावना से अनुप्रेरित होकर भारत के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर मंदिर, धर्मशाला, कुंड और घाट आदि बनवाये। उनके द्वारा निर्मित मंदिरों एवं मंडपों में गया का विष्णुपद मंदिर भी शामिल है। डॉ रश्मि ने कहा कि गया की पावन भूमि विष्णुपद मंदिर की निर्मात्री देवी अहिल्याबाई के प्रति सदैव ऋणी तथा कृतज्ञ रहेगी। माता अहिल्याबाई ने देशभक्ति, परोपकार एवं समाज सेवा को अपने जीवन का परम उद्देश्य बना लिया था। वह आजीवन हिन्दू धर्म, भारतीय संस्कृति, संगीत, शिक्षा, साहित्य तथा विभिन्न कलाओं की समर्पित उद्धारिका तथा संरक्षिका बनी रहीं। राष्ट्रीय महिला परिषद (अहिप) की जिला संरक्षक रजनी त्यागी ने विष्णुपद मंदिर को एक अनुपम कृति बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई की उदार धार्मिक प्रवृत्ति ने ही उन्हें एक गरीब व साधारण परिवार में पली-बढ़ी बालिका से महारानी बना डाला। ओजस्विनी की जिला मंत्री अमीषा भारती ने अहिल्याबाई द्वारा बनाये गये अन्य प्रसिद्ध मंदिरों की जानकारी देते हुए उन्हें हिन्दू धर्म एवं भारतीय संस्कृति का गौरव बतलाया। अन्या गुप्ता ने कहा कि वह अक्सर विष्णुपद दर्शन के साथ ही मंदिर की निर्मात्री माता अहिल्याबाई की प्रतिमा के आगे सिर नवा कर उनके योगदान को स्मरण करती हैं। ओजस्विनी की महामंत्री शिल्पा साहनी ने विष्णुपद मंदिर को गया ही नहीं, अपितु संपूर्ण भारतवर्ष के लिए गौरव का विषय बताया। हर्षिता मिश्रा ने कहा कि बिहार के पर्यटन स्थलों में विष्णुपद मंदिर का नाम अग्रगण्य है। यह भी कि इसकी निर्मात्री महारानी अहिल्याबाई न सिर्फ नारी शक्ति, बल्कि दुनिया के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। जूही ने कहा कि हमें महारानी अहिल्याबाई के संघर्षशील जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि कितने भी दुख आयें, पर हम हिम्मत नहीं हारें और परोपकार करते रहें। परिचर्चा में शामिल अन्य ओजस्विनियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन डॉ रश्मि द्वारा प्रस्तुत पावन शांति पाठ से हुआ।

### विधानसभा वार बनाया गया डिस्पैच सेंटर

**नालंदा ।** नालंदा में सातवें चरण यानी 1 जून लोकसभा का चुनाव होना है। आज चुनावी प्रचार का शोर थम जाएगा। इसके साथ ही चुनाव कर्मियों को मतदान सामग्री देकर बूथों तक भेजने की तैयारी अंतिम चरण में है। निर्वाचन कर्मियों को पत्र भेजा गया है। 30 मई को इन्हें ज्वाइन करना है। 31 मई को मतदान कर्मियों को ईवीएम और अन्य सामग्री देकर बूथों के लिए रवाना किया जाएगा। पहली बार ईवीएम सहित सभी सामग्री एक ही स्थान पर दी जाएगी। इसके लिए विधानसभा वार डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। संसदीय क्षेत्र के साथ विधान सभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। नालंदा संसदीय क्षेत्र में 2365 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होनी हैः बिहार शरीफ, अस्थावां और हरनौत विधानसभा के लिए डिस्पैच सेंटर बिहार शरीफ में होगा। जबकि हिलसा और इस्लामपुर विधानसभा का डिस्पैच सेंटर हिलसा में, राजगीर विधानसभा क्षेत्र का डिस्पैच सेंटर राजगीर में और नालंदा विधानसभा का डिस्पैच सेंटर नालंदा में बनाया गया है। नालंदा संसदीय क्षेत्र में 2365 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होनी है। इसके लिए सुबह 7:00 से लेकर शाम 6:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

## वजीरगंज में रेडिमेड दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

निज संवाददाता। वजीरगंज



थाना से सटे मार्केट के एक रेडिमेड दुकान में बुधवार की अहले सुबह आग लग गई। इस अगलगी में 25 लाख से ऊपर का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित गया बाजार रेडिमेड के दुकानदार श्रवण कुमार ने बताया कि वे रोज की तरह मंगलवार की रात को आठ बजे दुकान बंद कर अपने घर गया के जनकपुर चले गए थे। बुधवार की सुबह लगभग चार बजे किसी ने फोन कर दुकान से धुआं निकलने की जानकारी दी, जब तक मैं दुकान पहुंचता तब तक कपड़ों एवं अन्य सामान ने भीषण आग पकड़ ली थी। किसी प्रकार दुकान का शटर का ताला खोला गया और दमकल कर्मियों ने आग पर इनवर्टर पाया। इस दौरान अधिकांश कपड़े गर्मी पाकर आपस में चिपक गए और जल चुके थे। बिजली बोर्ड, बैट्री एवं इनवर्टर भी जल गया। इस संबंध में लिखित सूचना स्थानीय थाना को दी गई है। करीब 25 लाख का नुकसान हुआ है। दुकानदार ने बताया कि संभवतः दुकान में आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। बता दें कि उक्त मार्केट में किराना, मोबाईल, साइबर कैफे, एनएसडीएल सीएसपी, जेटन्स पार्लर, ज्वेलर्स, केक पैलेस सहित अन्य कई दुकानें हैं।

## चुनावी ड्यूटी के लिए नालंदा पहुंचे होमगार्ड जवान की मौत, गश खाकर जमीन पर गिर पड़े

निज संवाददाता। नालंदा

लू लगने से मौत की आशंका



बिहार में गर्मी ने पिछले 55 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। नालंदा में हीटवेव और भीषण गर्मी के चलते लोगों का हाल बेहाल है। चुनावी ड्यूटी पर नालंदा पहुंचे होमगार्ड जवान की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि लू लगने से ही जवान की मौत हुई है।

**26 मई को नालंदा पहुंचे थेः** मृतक की पहचान सीवान जिला के बेन निवासी रमेश प्रसाद(54) के तौर पर हुई है। नौतन थाना में पदस्थापित थे। सातवें चरण के वोटिंग के लिए 26 मई शाम को नालंदा पहुंचे थे। दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन कॉलेज में ठहरे थे। चुनावी ड्यूटी का कमान भी कट चुका था।

**अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पड़ेः** मिली जानकारी के मुताबिक रमेश प्रसाद गुरुवार को कॉलेज कैंपस में घूम रहे थे। अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में सहयोगियों ने इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बिहार थानाध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

**चार पुलिसकर्मियों की तबीयत बिगड़ी थीः** बुधवार को भी हीटवेव के कारण चार पुलिसकर्मियों की तबीयत बिगड़ गई थी। इनमें तीन पुलिस बल चुनावी ड्यूटी पर नालंदा आए हुए हैं। जहानाबाद की प्रियंका कुमारी, रोहतास की अमीषा कुमारी, आरा के जनार्दन प्रसाद और ट्रैफिक हवलदार बृजेश कृष्ण शामिल हैं।

## 47.4 पहुंचा तापमानः गया में कभी नहीं पड़ी इतनी गर्मी

निज संवाददाता। गया



गया में भीषण गर्मी ने अब तक के सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पहली बार गया का पारा 47.4 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने भी दिन के तापमान में हुई अप्रत्याशित वृद्धि पर चिंता जाहिर की है, साथ ही भीषण गर्मी व लू से सभी को सचेत रहने के लिए अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों ने साफ कहा है कि घर से बेवजह बाहर न निकले। अगले 48 घंटों तक फिलहाल गर्मी से किसी भी प्रकार की राहत की उम्मीद नहीं है। बुधवार का मौसम देखे तो सुबह नौ बजे के बाद से ही भीषण गर्मी का कहर शुरू हो गया था। दोपहर तक गर्मी अपने चरम पर थी। शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित किया। गर्मी का आलम यह था कि कई प्रमुख सड़कें दोपहर में सुनी दिखीं। तापमान की बात करें तो जिले का अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 30.0 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया है। नमी सुबह में 47 तो शाम में 32 फीसदी दर्ज की गई है। वहीं मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया था। समय दिन का तापमान 08:30 बजे 37.4 डिग्री 09:30 बजे 41.0 डिग्री 10:30 बजे 44.0 डिग्री 11:30 बजे 45.6 डिग्री 12:30 बजे 46.2 डिग्री 01:30 बजे 47.2 डिग्री 02:30 बजे 47.4 डिग्री 03:30 बजे 46.0 डिग्री 04:30 बजे 43.8 डिग्री 05:30 बजे 42.4 डिग्री 1970 के रिकॉर्ड को गर्मी ने तोड़ा मौसम विज्ञान केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक एस.के.पटेल ने बताया कि मई माह में गर्मी का ऑल टाइम रिकॉर्ड वर्ष 1970 को था। वर्ष 1970 में 14 मई को 47.1 डिग्री तक अधिकतम पारा गया था। यह अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड था, जिसे इस वर्ष की गर्मी ने तोड़ दिया है। पहली बार गया का तापमान 47.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में गर्मी के प्रकोप से बचना है तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। सूबे का दूसरा सबसे गर्म शहर है गया श्री पटेल ने बताया कि सूबे का दूसरा सबसे गर्म शहर गया है। पहले स्थान पर औरंगाबाद जिला है। यहां का पारा 48.2 डिग्री सेल्स. तक पहुंच गया है। अन्य शहरों की बात करें तो नवादा का 47.3 डिग्री, अरवल का 47.1 डिग्री, पटना का 42.0 डिग्री, भागलपुर का 39.3 डिग्री, पूर्णिया का 37.8 डिग्री, छपरा का 42.3 डिग्री सेल्स. है। सूबे के 11 शहरों को भीषण हीट वेब की चपेट में है।

## करंट लगने से किसान की मौत, पटवन के लिए खेत में गए थे

निज संवाददाता। नालंदा



♦ 440 वोल्ट के तार से झुलस गए, इलाज के दौरान तोड़ा दम

नालंदा में बुधवार की रात करंट से किसान की मौत हो गई। मामला पावापुरी ओपी क्षेत्र के चोरसुआ गांव का है। मृतक की पहचान पावापुरी गांव निवासी स्व. कैलाश प्रसाद के (46) वर्षीय पुत्र कामता प्रसाद के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि कामता प्रसाद घर से खाना लेकर बुधवार की रात फसल पटवन के लिए खेत की ओर गए थे। जहां 440 वोल्ट के तार के संपर्क में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। खेतों में काम कर रहे लोग जब पहुंचे तो देखा कि कामता प्रसाद खेत में पड़े हुए हैं। इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगीः** ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जर्जर तारों की अनदेखी के कारण ही यह हादसा हुआ है। आए दिन तार टूट कर खेतों में यहां वहां गिरे रहते हैं। पावापुरी ओपी प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि करंट से मौत की सूचना पर पुलिस पावापुरी मेडिकल कॉलेज पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## तेजस्वी बोले- प्रशासन का काम राजभवन से गवर्नर देख रहे

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के इस्लामपुर और हिलसा में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने जनसभा को संबोधित किया। इंडी गठबंधन समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार डॉ. संदीप सौरभ के लिए वोट मांगा। इस मौके पर वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी, भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी मौजूद रहे। तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार का प्रशासन सीएम आवास के बदले राजभवन से चल रहा है। प्रशासन का काम राजभवन से गवर्नर देख रहे हैं। अधिकारियों को बुलाकर समीक्षा कर रहे हैं। जेडीयू वाले लोग अपनी सीटों पर लगे हुए हैं और बीजेपी के लोग अपनी सीटों को बचाने में जुटे हैं। यह चीजें बता रही है कि चार जून के बाद कुछ बड़ा होने वाला है। जब से मैंने कहा है कि हमारे चाचा अपनी पार्टी को बचाने के लिए चार जून को कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। तब से वह प्रचार के लिए नहीं निकले हैं। पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा कि तीन वजह से उनकी हार होगी। इनकी पहली महबूबा बेरोजगारी, दूसरी गरीबी और तीसरी महंगाई है। ये तीनों महबूबा मिलकर नरेंद्र मोदी को चुनाव हरवा रही हैं। पीएम के कन्याकुमारी दौरे पर कहा कि अपनी मार्केटिंग के लिए जा रहे हैं। पिछली बार गुफा में बैठकर फोटो खिंचवा रहे थे। इस बार वह कन्याकुमारी जा रहे हैं। प्रधानमंत्री से निवेदन है कि मीडिया और कैमरा पर प्रतिबंध लगाएं। शांति से वहां जाकर ध्यान करें, ध्यान करने में बाधा नहीं होने दें। तेजस्वी यादव ने कहा कि आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। अब तक कुल 251 सभाएं मैंने की है।

## बुजुर्ग की पीठ पर मारी तीन गोलियां, ऑन स्पॉट मौत

### जमीन को लेकर गांव के लोगों से विवाद, खेत जाने के दौरान बाइक सवारों ने किया हमला

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में जमीन विवाद को लेकर बुधवार की रात एक बुजुर्ग की गोली मार हत्या कर दी गई। मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत हुड़ारी गांव का है। मृतक की पहचान हुड़ारी गांव निवासी स्वर्गीय छठु बिन्द के (60) वर्षीय पुत्र राम जी बिन्द के रूप में की गई है। पुलिस की मदद से परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर गुरुवार की सुबह बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के पुत्र बच्चन बिन्द ने बताया कि वे लोग पट्टा पर लेकर खेती करने का काम करते हैं। गांव के ही रज्जन से राजू ने पट्टा पर खेत लेकर हमें खेती करने के लिए दिया है। पहले खेत पर गांव के अनिल महतो खेती करते थे। अनिल महतो ने पूर्व में धमकी दी थी। अनिल महतो ने राजू से दुश्मनी ना लेकर हमलोगों से विवाद ले लिया। जब मेरे पिता बुधवार की रात खेत की तरफ फसल पटवन को जा रहे थे तभी बाइक सवार ने पीठ में तीन गोलियां मार दी। घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**पट्टा पर दो बीघा जमीन लेकर खेती कर रहे थेः** बच्चन ने कहा कि गोलियों की आवाज सुन हमलोग लोग खेत की ओर दौड़े, जहां देखा कि खून से लथपथ पिता जमीन पर गिरे हुए हैं। उनकी मौत हो चुकी थी। पहले हम तीन बीघा में खेती का काम कर रहे थे। इस बार पट्टा पर दो बीघा जमीन और लेकर खेती करने का काम कर रहे थे।

**मामला दर्ज कर छापेमारी की जा रही हैः** हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि बुधवार की रात चिकसौरा थाना की पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम हुड़ारी में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हिलसा डीएसपी, हिलसा इंस्पेक्टर, चिकसौरा थाना अध्यक्ष और करायपरसुराय थाना अध्यक्ष दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। प्रथम दृष्टिया जांच में जमीन विवाद में हत्या की बात सामने आई है। गांव के कुछ लोगों की संलिप्तता सामने आई है। जिनके विरुद्ध कांड दर्ज कर छापेमारी की जा रही है।

# फुलवरिया डैम में नहाने गए युवकों में एक की मौत, शव बरामदगी में जुटी प्रशासन



निज संवाददाता

**रजौली (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम में गुरुवार की दोपहर रजौली के राजवंशी टोला के एक युवक के डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि राजवंशी टोला के 7-8 युवक भीषण गर्मी से बचने के लिए डैम में नहाने की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार नहाने गए युवकों में पिन्टू राजवंशी के 18 वर्षीय पुत्र गोपाल कुमार उर्फ फंटूस राजवंशी की मौत डैम में रहे कीचड़ में फंसकर हो गई। मृतक के साथ दोस्तों में रजौली के ही सुरेंद्र राजवंशी के 19 वर्षीय पुत्र राजू कुमार, बब्लू राजवंशी के 18 वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार, गोरेलाल राजवंशी के 18 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार, कारू राजवंशी के 18 वर्षीय पुत्र मनदीप कुमार, रंजीत राजवंशी के 13 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार आदि डैम नहाने के लिए गए थे। घटना की सूचना मिलते ही सीओ मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार पुलिस बल के साथ फुलवरिया डैम पहुंचे। शव की बरामदगी को लेकर स्थानीय लोग प्रयासरत हैं। किंतु शव को अबतक बरामद नहीं किया जा सका है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। परिजन लगातार शव की बरामदगी को लेकर गुहार लगा रहे हैं। घटना की खबर आसपास के गांवों में आग की तरह फैल गई और आसपास के लोगों का भीड़ फुलवरिया डैम के पास जुटने लगा। वहीं सीओ ने बताया कि प्रशिक्षित गोताखोर रामदेव के द्वारा शव की खोजबीन की जा रही है। इसके अलावे स्थानीय लोगों से भी सहायता ली जा रही है। शव की बरामदगी के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। तत्पश्चात आपदा प्रबंधन के तहत मृतक के परिजन को चार लाख रुपये दिए जाने का प्रावधान है। वहीं एनडीआरएफ की टीम को सूचित किया गया। शुक्रवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम डैम में शव की तलाश करेगी। फुलवरिया डैम घूमने आए लोगों में शांत पानी को देखकर नहाने की खूब इच्छा होती है। कुछ लोग डैम के किनारे रहकर स्नान भी करते हैं, तो कई लोग हाथ पैर धोकर ही डैम के पानी का आनंद लेते हैं। बीते वर्ष मछली पालन के दौरान दर्जनों नाविक वगैरह रहा करते थे। किंतु अभी मछली पालन नहीं हो रहा है। साथ ही भीषण गर्मी में डैम के तरफ सन्नाटा पसरा रहता है। ऐसे में फुलवरिया डैम में नहाना अपनी जान को खतरा में डालने के बराबर है और इसी का नतीजा है कि नहाने गए युवकों की टोली में रहे एक युवक की मौत डूबने के कारण हो गई है। बताते चलें कि इससे भी कई लोगों की मृत्यु नहाने के दौरान डैम में डूबने से हो गई है। किन्तु लोग अब भी बेपरवाह होकर गहरे डैम के पानी मे नहाने का शौक रखते हैं।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 62 लोग हुए लाभान्वित

निज संवाददाता

**रजौली (नि.सं.)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सिरोडावर पंचायत में हैंड इन हैंड इंडिया के ग्राम उत्थान परियोजना अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 62 मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही सभी मरीजों को निःशुल्क परामर्श, दवाइयां एवं सेनेटरी पैड भी दिया गया। शिविर में उपचार के लिए आये मरीजों को डॉक्टर अभिजीत राय ने हीट वेव से बचने के लिए खाली पेट धूप में नहीं निकलने, घर से बाहर जाते समय छत लगाने, भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करने सहित कई बचाव के उपाय बताए। साथ ही उन्होंने कहा कि साफ-सफाई एवं स्वच्छता अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास को स्वच्छ रखने के साथ-साथ शारीरिक स्वच्छता पर भी बल दिया। इस मौके पर उपस्थित रहे हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली, प्रतिदिन योग, व्यायाम एवं स्वच्छ भोजन से शरीर को निरोग रखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है की तर्ज पर आप अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।वहीं सीनियर नर्स निर्मला कुमारी ने सभी के ब्लड प्रेशर एवं वजन की जांच किया। मौके पर फार्मासिस्ट गुरुदेव प्रसाद, ग्राम उत्थान परियोजना के संगीता कुमारी, श्वेता कुमारी, नर्स सुनीता कुमारी, चंद्रभूषण पांडे सहित दर्जनों महिला व पुरुष उपस्थित थे।

## डीएम ने किया कार्यालय का औचक निरीक्षण



निज संवाददाता

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा ने आज विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया गया। वरीय कोषागार पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित पाये गए। उपस्थित सभी कर्मियों एवं प्रधान सहायक सहित को निर्देश दिया गया कि कर्म पुस्त में माह के अंतिम मंगलवार को उस माह में कुल प्राप्त पत्रों की संख्या, निष्पादित पत्रों की संख्या, लंबित पत्रों की संख्या लाल स्याही से अंकित करते हुए गत माह में पत्रों की स्थिति अंकित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कोषागार कार्यालय, नवादा में कृषि विभाग के कर्मियों को कोषागार से संबंधित कार्यो का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। वरीय कोषागार पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कोषागार कार्यालय, नवादा में कोषागार पदाधिकारी का एक पद तथा सहायक पद का दो पद स्वीकृत है। जिसमें वरीय कोषागार पदाधिकारी के रूप में एक पद कार्यरत है तथा सहायक कोषागार पद का एक पद रिक्त है। श्री सिंह द्वारा बताया गया कि नवादा जिला में जिला पदाधिकारी द्वारा अधिकृत कुल 19 स्टाम्प भेंडर है, जिसमें से एक स्टाम्प भेंडर की मृत्यु हो गयी है। जिला पदाधिकारी द्वारा कोषागार कार्यालय के निरीक्षण के उपरांत भविष्य निधि कार्यालय नवादा, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय नवादा, जिला सांख्यिकी कार्यालय नवादा एवं जिला योजना कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। जिला सांख्यिकी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह कार्यालय कक्ष में उपस्थित नहीं थे।उक्त के संबंध में स्पष्टीकरण मांग करने का निर्देश दिया गया साथ ही जिला सांख्यिकी कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी।

## 24 घंटे के अंदर 21 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

निज संवाददाता

**नवादा।** कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 29 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, डकैती में 01, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, आर्म्स एक्ट में 02, हत्या के प्रयास में 04, मद्य निषेध में 03 एवं अन्य गिरफ्तारी 10 कुल 21 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 125 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 07 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 387 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 64 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत देशी कट्टा 01, जिंदा कारतूस01, ट्रैक्टर 01, मोबाईल 02 एवं अपहृता 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## लू से अस्पताल के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की मौत

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** रेलवे स्टेशन परिसर में लू की चपेट में आकर मौत का शिकार हुए व्यक्ति की पहचान वारिसलीगंज के पीएचसी का चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी अवधेश यादव के रूप में हुई। पीएचसी में फिलहाल पिछले आठ दस महीनों से प्रतिनियुक्ति पर था। कई लोगों ने बताया की नवादा से आना जाना होता है।

## आसमां से बरस रहे आग के शोले, लू से एक की मौत

निज संवाददाता



नवादा रोहिणी नक्षत्र हो और आसमान से आग के शोले न बरसे, ऐसा भला हो सकता है क्या सो जिले में सुबह से ही तेज धूप निकल रही है। भीषण गर्मी के कारण लोगों का आवश्यक काम-काज प्रभावित हो रहा है। 10 बजे के बाद शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। इस बीच लू से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक रहा है। इसके पूर्व मंगलवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री तो बुधवार को 48 डिग्री सेल्सियस रहा था। ती दिनों से बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कें और गलियां दोपहर विरान जाती हैं। प्रचंड गर्मी के कारण घर से बाहर निकलते ही शरीर झुलस रही है। आसमां से बरस रही आग के शोले के बीच कहीं आना-जाना मुश्किल हो गया है। सुबह से ही सूर्य की किरणों की तपिश बढ़ने लगती है।

**कूलर और पंखों से भी नहीं मिल रही राहतः-** कूलर और पंखे से भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। बढ़ती गर्मी के चलते जन जीवन पर इसका गहरा असर देखने को मिल रहा है। पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल हैं। सुबह से शाम तक अचानक गर्मी बढ़ने से राहगीरों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिले के प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों जैसे अकबरपुर, गोविन्दपुर,रजौली, सिरदला, वारिसलीगंज, पकरीबरावा, कौआकोल, मेसकौर आदि बाजारों पर भी गर्मी का असर है और दोपहर में बाजारों, सड़कों पर सन्नाटा छा जा रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में तालाबों व आहर आदि में पानी नहीं रहने के कारण पशुओं और पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए भारी दिक्कत हो रही है। कई गावों में हैण्डपंप की खराबियों के चलते लोगों को पानी के लिए फजीहत उठानी पड़ रही है।

**कुलर, एसी की बढ़ी बिक्री :-** भीषण गर्मी दुकानदारों को मुनाफा कमाने का खूब मौका मिल रहा है। कपड़ा बाजार से लेकर इलेक्ट्रानिक सामान और शीतल पेय आदि की दुकानों पर कदम रखने तक की जगह नहीं है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। इस बीच सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के बोधीबिगहा गांव के कामेश्वर यादव की मौत लू लगने से उस समय हो गयी जब वे मंझवे बाजार से घर वापसी के क्रम में टीमलबिगहा गांव के बाहर पेड़ के पास आराम कर रहे थे। सोये तो फिर हमेशा के लिए सो गये।वारिसलीगंज में भी एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है जो देखने से लू की चपेट में आने से मौत हुई प्रतीत होता है।

## भीषण गर्मी के कारण डीएम ने जारी किया आदेश

निज संवाददाता

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए आदेश निर्गत किया गया है कि नवादा जिला के सभी निजी विद्यालय, कोचिंग संस्थान एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में दिनांक 30.05.2024 से 08.06.2024 तक शिक्षण कार्य बंद रहेगा। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा एवं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, नवादा जिला, सरकारी/निजी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों को इस आशय का नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस नवादा को सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष/ओ0पी0 अध्यक्ष नवादा जिला को निर्देश दिया गया है कि उक्त आदेश का सख्ती से अक्षरशः अनुपालन करायेंगे। इस आदेश का किसी स्तर पर अनुपालन नहीं होने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत् सख्त कार्रवाई की जायेगी। हालांकि डीएम के आदेश के बाद स्कुल में शैक्षणिक कार्य तो बंद है लेकिन शिक्षा विभाग के द्वारा कोई आदेश नहीं निकाले जाने के कारण शिक्षकों में काफ़ी उहापौह की स्थिति रही। कई विद्यालयों में 12 बजे तक शिक्षक बिना कोई कार्य के विद्यालय में मौजूद रहें। जिले के गोविंदपुर प्रखंड में हीट वेव से एक शिक्षिका के बेहोश होने की खबर है वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान महासचिव ललितेश्वर शर्मा भी लू की चपेट में आ जाने की खबर है जिन्हें निजी चिकित्स्कों के यहाँ सलाइन किया गया।

## नए उधमियों को ऋण उपलब्ध कराने पर दिया बल

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमिटी की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ रंजीत कुमार ने की। इस दौरान संयोजक अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार दास ने बैठक को संचालित किया, उन्होंने कहा कि ए.सी.पी,सी .डी. अनुपात को बढाना है। नये उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान वितीय साक्षरता समन्वयक डॉ. सुबोध कुमार ने वित्तीय साक्षरता पर प्रकाश डालते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए आग्रह किया। वही नाबार्ड के डी .डी. एम. ने नाबार्ड की योजनाओं पर प्रकाश डालें। इस बैठक में आर.सेटी निदेशक, जीविका के बी पी एम, अग्रणी बैंक के विपीन कुमार व विभिन्न बैंको के प्रबंधक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में बीडीओ ने बैठक की समीक्षा करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## जेल में बंद महिला कैदी की मौत

**नवादा (नि.सं.)।** मंडल कारा में एक विचाराधीन महिला बंदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस महिला कैदी पर बहू की हत्या का आरोप है। बता दें कि मृतका बंदी की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के अंबातारी गांव के किशुन प्रसाद यादव की 61 वर्षीय धनमा देवी बताई जाती है। जेल अधीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि महिला बंदी धनमा देवी को शुगर की बीमारी थी और उसकी तबीयत जेल में ही बिगड़ने लगी। उसकी स्थिति को देखते हुए उसका इलाज मंडल कारा में तैनात चिकित्सक द्वारा किया गया।

## धड़ल्ले से हो रहा बीड़ी के पत्ते का व्यापार

**रजौली (नि.सं.)।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के डेलवा,चोरडीहा व परतौनिया, धमनी पंचायत के धमनी व बुढ़ियासाख एवं सवैयाटांड़ पंचायत में वन संसाधनों की अधिकता है। यहां विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे पाए जाते हैं।इन्हीं में केंदुइ नामक पेड़ के सूखे पत्तों से बीड़ी बनाई जाती है। केंदुइ के पत्ते का व्यापार में जुटे लोग अधिक से अधिक पेड़ के सूखे पत्तों के लिये पेड़ों को काटने से पीछे नहीं हटते हैं। साथ ही जंगल में ही इन पत्तों को सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है। जब पेड़ के पत्ते सूख जाते हैं, तो इसे एकत्रित कर बंडल बनाकर बड़े-बड़े बोरे में भरकर ट्रैक्टर द्वारा बाजार में व्यापारियों के पास पहुंचा दिया जाता है। चूंकि केंदुइ के पत्ते सूखे होते हैं, इसलिए ये विभागीय कार्रवाई से बच जाते हैं। किंतु केंदुइ के पत्ते को ज्यादा मात्रा में प्राप्त करने के लिए इससे जुड़े व्यापारी जंगल में मौजूद पेड़ को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक तरफ सरकार प्रत्येक 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस मनाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। वहीं दूसरी ओर बीड़ी के पत्तों का व्यापार बेरोकटोक जारी है। जबकि बीड़ी से ज़्यादा निकोटीन, कार्बन मोनोऑक्साइड और टार निकलता है, जिससे पारंपरिक सिगरेट की तुलना में मौखिक कैंसर का ज़्यादा जोखिम होता है।

## भीषण गर्मी में छात्रा हुई बेहोश

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड अंतर्गत वारिसलीगंज खराठ पथ पर चंडीपुर के समीप स्थित बैधनाथ कालेज आफ एडुकेशन (नर्सिंग) में क्लास के दौरान दो छात्रा अंजली कुमारी एवं आरती कुमारी बेहोश के गर्मी के कारण बेहोश हो जाने एवं अन्य शिक्षक कर्मी को भी चक्कर आने के कारण छुट्टी लेना पड़ा। भीषण गर्मी के कारण विद्यालय परिसर में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी प्रभावित हुए। जिसके कारण तत्काळ विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी प्रभावित छात्रों एवं शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी की प्राथमिक उपचार के उपरान्त तत्काल उन्हें घर छोड़ दिया गया। इस घटना के कारण विद्यालय प्रबन्धन ने बैठक कर शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को 2 दिन की छुट्टी दी गई है। विद्यालय के मैनेजमेन्ट कमेटी द्वारा अविलम्ब छुट्टी का निर्णय लिया गया। जिसकी सूचना प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारी एवं मीडिया कर्मी को ही गई। विद्यालय के निदेशक ने बताया की भीषण गर्मी एवं पारा 47 -48 डिग्री तक चले जाने के कारण बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण प्रबंधन को निर्णय लेना पड़ा है।

RAJMUNI DEVI B.Ed. COLLEGE
Recognized by ERC NCTE & Affiliated to M.M.H.A.& P University & BSEB, Patna
ADD-NH-2, MANIURAHI, AURANGABAD, BIHAR-824101
WALK-IN-INTERVIEW
B.Ed. COURSE
(A) HOD/PRINCIPAL (01) (B) PERSPECTIVE IN EDUCATION OR FOUNDATION (04) (C) PEDAGOGY SUBJECT- HINDI (1), ENG (1), SNK (1), URDU (1), MATHS (02), PHY (01), CHE (01), BIO (01) (D) PHYSICAL EDUCATION 01 (E) FINE ART-DANCE/MUSIC (01)
D.El.Ed. COURSE
(A) HOD (01), (8) PERSPECTIVE IN EDUCATION OR FOUNDATION (03), (C) SCIENCE - PHYSICS (01), CHE (01), BIO (01) (D) HUMANITIES & SOCIAL (2), (E) MATHS (02), (F) LANGUAGE (03), (G) FINE ART- MUSIC/ DANCE (01) (H) PHY.EDU (01)
SECRETARY
Rajmuni Devi B.Ed. College
NOTE: 1. Applicant's Qualification & Experience For All Vacant Seats Should Be Based On NCTE Norms, MMHA&P Universitis & BSEB, Patna.
2. Applicant's Are Advised To Submit Their Testimonials With Two Set Of Xerox At College Campus.
EMAIL-rdbcollege2015@gmail.com, MOB-7739634587

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा नोटिस सं०- 03 ऑफ 2024-25/खुला/गतिशक्ति, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/गतिशक्ति/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। **(1) (i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** निविदा सं०-03-डीडीयू-व०मं०इंजी०-गतिशक्ति-24-25 डी०डी० यू० मंडल के गतिशक्ति ईकाई के अधीन सिविल इंजीनियरिंग कार्य से संबधित ''ट्रक की आवाजाही हेतु हेवी डयूटी सर्कुलेटिंग एरिया का प्रावधान, वार्फ में सुधार शेष नाली का प्रावधान, प्रदूषण नियंत्रण उपाय एवं ग्राहक सुविधाँए'' **(ii) कार्य का अनुमानित लागतः** ₹9,29,16,021.54 **(iii) धरोहर राशिः** ₹6,14, 600.00 **(2) (i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** निविदा सं०-04-डीडीयू-व०मं०इंजी०-गतिशक्ति-24-25 डी०डी०यू० मंडल के गतिशक्ति ईकाई के अधीन सिविल इंजीनियरिंग कार्य से संबधित नविनगर रोड, कोसियार एवं जपला में ''प्रदूषण नियंत्रण उपाय का प्रावधान, श्रमिक एवं व्यापारी सुविधाँए, ग्राहक सविधाँए करके गूडस शेड का उन्नयन'' **(ii) कार्य का अनुमानित लागतः** ₹8,32,12,718.73 **(iii) धरोहर राशिः** ₹5,66,100.00 **(3) (i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** निविदा सं०-05-डीडीयू-व०मं०इंजी०-गतिशक्ति-24-25 डी०डी०यू० मंडल के गतिशक्ति ईकाई के अधीन सिविल इंजीनियरिंग कार्य से संबधित भभूआ रोड एवं दूर्गावती में, प्रदूषण नियंत्रण उपाय कर वार्फ में सुधार, श्रमिक एवं व्यापारी सुविधाँए और ग्राहक सुविधाँए करके गूडस शेड का उन्नयन'' **(ii) कार्य का अनुमानित लागतः** ₹9,98,68,500.00 **(iii) धरोहर राशिः** ₹6,49, 400.00 **(iv) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 20.06.2024 को 12:00 बजे तक **(v) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारीः** www.ireps.gov.in नोटः- विवाद की स्थिति मे अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक, (गतिशक्ति)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00376/डीडीयूजीएस/ईएनजी/टी/24-25/52

विज्ञापन संख्या 01/2024
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
वेबसाइट: www.sanskrit.nic.in

शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक रिक्त पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के द्वारा डेक्कन कॉलेज, पोस्टग्रेजुएट और रिसर्च इंस्टीट्यूट (डीयू), पुणे (महाराष्ट्र) में स्थापित भारतीय ज्ञान परम्परा एवं संस्कृत विश्वकोश केंद्र (आई.के.एस.-ईडीएस सेन्टर) हेतु भर्ती की अधिसूचना

अनुसंधान, प्रशिक्षण, संस्कृत शब्दकोश परियोजना के विकास और आई.के.एस. विश्वकोश के निर्माण तथा विभिन्न विषयों पर क्रेडिट आधारित आई.के.एस.-स्वयं पाठ्यक्रमों के सृजन हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (के.सं.वि.), दिल्ली के द्वारा डेक्कन कॉलेज, पोस्टग्रेजुएट और रिसर्च इंस्टीट्यूट (डीयू), पुणे (महाराष्ट्र) में स्थापित भारतीय ज्ञान परम्परा एवं संस्कृत विश्वकोश केंद्र (आई.के.एस.-ई.डी.एस. सेन्टर) में निम्नलिखित शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों पर भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक आवेदकों द्वारा के.सं.वि. की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in पर "भर्ती / अधिसूचना" शीर्षक के अन्तर्गत दिए गए लिंक अथवा डेक्कन कॉलेज, पुणे की वेबसाइट https://www.dcpune.ac.in/News.aspx में उपलब्ध लिंक पर ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन किया जा सकता हैं।

| क्र.सं. | पद सहित शैक्षणिक/वेतन मैट्रिक्स स्तर | आरक्षण | | | | संख्या | दिव्यांग जन ** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस* | अना. | कुल | |
| 1. | एसोसिएट प्रोफेसर (सहायक संपादक) [शैक्षणिक वेतन स्तर - 13ए (रु.131400-217100)] | - | 01 | - | 03 | 04 | 01(VH) |
| 2. | सहायक आचार्य (उप संपादक) [शैक्षणिक वेतन स्तर - 10 (रु.57700-182400) | 01 | 03 | 01 | 07 | 12 | |
| 3. | अनुसंधान सहायक (संपादकीय सहायक) [शैक्षणिक वेतन स्तर - 06 (रु.35400-112400)] | - | 01 | - | 03 | 04 | - |
| 4. | अनुभाग अधिकारी (सचिव) [पे मैट्रिक्स लेवल - 07 (रु.44900-142400)] | - | - | - | 01 | 01 | - |
| | Total no. of vacancies | 01 | 05 | 01 | 14 | 21 | 01 |

ध्यान दें: - अ.जा. (SC) - अनुसूचितजाति, अ.पि.व. (OBC) - अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमीलेयर), दिव्यांगजन (PwBD) - बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति, ई.डब्ल्यू.एस (EWS)- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अना. - अनारक्षित
*ई. डब्ल्यू. एस:- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित कोई भी योग्य उम्मीदवार यदि उपलब्ध नहीं होने के सन्दर्भ में, तो DoPT के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-Estt. (Res) दिनांक 31.01.2019 का खंड 6.3 लागू होगा।
** दिव्यांगजन: - भारत सरकार के मानदंड के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों [VH – दृष्टिबाधित] के लिए 01 पद निर्धारित किया गया है। PwBD के लिए आरक्षित पद हेतु किसी भी श्रेणी अर्थात UR/SC/OBC/EWS के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण:
(1) निर्धारित पदों के लिए योग्यताएं और अन्य पात्रता मानदंड विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/भारत सरकार के विनियम / के.सं.वि. के भर्ती नियमों/अध्यादेशों के अनुसार होंगे। इनके बारे में विस्तृत जानकारी हेतु के.सं.वि. के वेबसाइट में उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना का अवलोकन करें।
(2) उपरोक्त पदों के लिए योग्यताएं, विशेषज्ञता एवं अन्य पात्रता मानदंड, आवेदन जमा करने की प्रक्रिया और शर्तों तथा अन्य नियमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in या डेक्कन कॉलेज, पुणे की वेबसाइट www.dcpune.ac.in पर अवलोकन करें।
(3) अपेक्षित शुल्क के साथ अलग-अलग पद के लिए अलग-अलग आवेदन ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रस्तुत करें।
(4) प्रत्येक आवेदक को रुपये 2000/- (अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग जन के लिए 1000 रुपये) का आवेदन शुल्क देना होगा; जिसका भुगतान केवल ऑन लाइन मोड के माध्यम से ही किया जा सकता है। आवेदन शुल्क के लिए किसी अन्य प्रकार का भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं दिया जाएगा।
(5) इन विज्ञापित पदों पर नियुक्त व्यक्ति केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 और उसके क़ानून, समय-समय पर संशोधित अध्यादेशों, के.सं.वि. द्वारा अपनाई गई नीतियों, के.सं.वि. और डेक्कन कॉलेज के बीच हुए समझौता ज्ञापन (MoU) के अनुसार नियम और शर्तों और के.सं.वि. की कार्यकारी परिषद के संकल्प और भारत सरकार के नियम / के.सं.वि. द्वारा समय-समय पर अपनाए गए यूजीसी के दिशानिर्देशों द्वारा शासित होंगे।
(6) आवेदन जमा करने की समय सीमा इस प्रकार है: -

| | | |
|---|---|---|
| (i) | ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की आरंभ तिथि और समय | 08.06.2024 [प्रातः 10:00 बजे (आई.एस.टी.)] |
| (ii) | ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 08.07.2024 [रात 11:59 बजे (आई.एस.टी.)] |

(7) आवश्यकता के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा उपरि निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाया जा सकता है। इस आशय की अधिसूचना के.सं.वि., दिल्ली और डेक्कन कॉलेज, पुणे की वेबसाइटों पर उपलब्ध करा दी जाएगी। उम्मीदवारों को नवीनतम जानकारी के लिए के.सं.वि. की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in अथवा डेक्कन कॉलेज की वेबसाइट www.dcpune.ac.in पर नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है। अधूरे आवेदन और अपेक्षित शुल्क के बिना जमा किए गए आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।
(8) सभी प्रकार की आवश्यक योग्यताओं, संचार और अन्य आवश्यकताओं आदि के लिए अंतिम माना जाएगा।
(9) के.सं.वि. के पास इस आशय का कोई कारण बताए बिना किसी भी समय विज्ञापन को आंशिक या पूर्णरूप से वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है।
हस्त/-
कुलसचिव
CBC 21212/12/0004/2425

दूसरे ट्रक का दूसरे ट्रक के चालक, सहचालक गंभीर रूप से घायल

# दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में एक चालक और एक सहचालक की मौत



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के दावथ थाना क्षेत्र के पचदरवा पुल के पास एनएच-120 पर दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में एक चालक और एक सहचालक की मौत हो गई। दूसरे ट्रक के चालक, सहचालक जख्मी हैं। उनका प्राथमिक उपचार स्थानीय सीएचसी में करा बेहतर इलाज के लिए बाहर भेज दिया गया है। पुलिस ने गुरुवार को शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष कृपाल ने बताया कि गुरुवार की अहले सुबह पचदरवा पुल के पास एनएच-120 पर नासरीगंज की ओर से बालू लेकर जा रहे यूपी 53 जीटी 1511 एक हाइवा ट्रक व बक्सर की तरफ से आ रही यूपी 54 टी 8243 एक ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। ट्रकों की जोरदार टक्कर में दोनों वाहन में आग लग गई। हाइवा ट्रक के चालक बजरंगी सिंह और उपचालक सुजीत कुमार दोनों यूपी निवासी ट्रक के केबिन में दबे होने के कारण जल कर मौत हो गई। घटना स्थल बक्सर जिला व रोहतास जिला का बॉर्डर होने के कारण चुनाव में सुरक्षा को लेकर तैनात पुलिसकर्मियों ने थाना को सूचना दी। जब तक थाना से अग्नि शमन वाहन पहुंचती तब तक आग विकराल रूप धारण कर लिया था। कुछ देर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं दूसरी ट्रक में घायल चालक प्रदीप कुमार 23 वर्ष व उपचालक रामजन्म यादव दोनों लिराली गांव भरौली जिला यूपी को स्थानीय सीएचसी में इलाज के लिए लाया गया। प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों ट्रक मालिकों को सूचना दी गई है। मृतकों एवं घायलों के परिजनों को भी सूचना दी गई है।

## तबीयत बिगड़ने से दो मतदान कर्मियों की मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास में गुरुवार को दो चुनाव कर्मियों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। गर्मी और लू के कारण मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि प्रशासन द्वारा आधिकारिक रूप से मौत के कारण की पुष्टि नहीं की गई है। बताया कि प्रखंड शिक्षक रामध्यान चौधरी मतदान सामग्री लेने के लिए आज जवाहरलाल नेहरू कॉलेज पहुंचे थे। वहां वह कुर्सी पर बैठकर मतदान सामग्री मिलने का इंतजार कर रहे थे कि कुछ ही देर बाद वह कुर्सी से नीचे गिर पड़े। स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनुमंडल अवर निर्वाचित पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि दो मतदान कर्मियों के निधन से पदाधिकारी व कर्मी सभी मर्माहत है। मतदान सामग्री वितरण केंद्र पर पंखा व कूलर की व्यवस्था की गई है। अत्यधिक हीट वेव और गर्मी के कारण परेशानी बढ़ी हुई है। दूसरे मतदान कर्मी का नाम राम प्रवेश राम बताया जाता है, जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबैया, राजपुर में तैनात था। बताते हैं कि वह मतदान सामग्री लेकर जैसे ही डेहरी रेलवे स्टेशन पहुंचा, उसकी तबीयत बिगड़ गई, उसे इलाज के लिए एनएमसीएच ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से पशुपालक की मौत

निज संवाददाता

कुदरा (कैमूर)। कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र के कानडिहरा गांव में पहाड़ी इलाके से मैदानी इलाके में मवेशी चराने के लिए आए पशुपालक की लू लगने से मौत हो गई। इसके बाद इसकी सूचना कुदरा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची कुदरा पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। मृतक की पहचान अधौरा थाना क्षेत्र के बभनी कला गांव के स्वर्गीय राम जन्म सिंह के 50 वर्षीय बेटे महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद कुदरा पुलिस की ओर से परिजनों को सूचना दे दी गई है। इस मामले में मृतक के बेटे दशरथ सिंह ने जानकारी दी है। उन्होंने जानकारी दी है कि गर्मी के दिनों में पहाड़ी इलाकों में पशुओं के पीने के पानी का भीषण संकट उत्पन्न हो जाता है। इसको देखते हुए प्रत्येक साल गर्मी के मौसम में उनके पिताजी पशुओं को लेकर मैदानी इलाके में चले आते हैं। इस बार भी वह गांव के ही तीन-चार लोगों के साथ पशुओं को लेकर आए हुए थे। यहां कुदरा थाना क्षेत्र के तुर्की गांव में रात में वह रहते थे और सारे पशुओं को रखते थे। इसके बाद दिन होने पर मैदानी इलाकों में कानडिहरा के पास गाय को चरा रहे थे।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ बेरोजगार को देंगे नौकरी : तेजस्वी

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। राजद प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद यादव के पक्ष में मखदुमपुर प्रखंड के सुगाव के मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो एक करोड़ बेरोजगार को नौकरी देंगे। केंद्र की मोदी सरकार ने 10 सालों में कोई काम नहीं की है। अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं को 1 लाख रुपए दिया जाएगा। 200 यूनिट तक बिजली फ्री की जाएगी। केंद्र में 10 साल मोदी की सरकार रही है, जिसमें महंगाई और बेरोजगारी की लगातार वृद्धि हुई है। सभा को वीआईपी पार्टी के नेता मुकेश साहनी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं। इसीलिए यह चुनाव संविधान बचाने के लिए है। यह संविधान को भीमराव अंबेडकर ने बनाया है। इस संविधान को यह लोग खत्म करना चाहते हैं। भीमराव अंबेडकर के कारण ही हम लोग आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। तेजस्वी ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने जनता से वादा किया था कि अच्छा दिन आएगा। लेकिन, जनता का अच्छा दिन तो नहीं आया। महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। इसके कारण जनता का बुरा दिन आ गया है। 17 महीने के शासनकाल में तीन लाख लोगों को नौकरी देने का काम किया है। नियोजित शिक्षक को सरकारी दर्जा देने का काम किया है। यह लोकसभा का चुनाव संविधान बचाने के लिए चुनाव है। इस तरह से इस प्रचंड गर्मी में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। इससे प्रतीत हो रहा है कि जनता बदलाव के मूड में है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार की पहली उपलब्धि दवाई, कमाई, सिंचाई होगी। इसलिए सभी लोग एकजुट होकर सुरेंद्र प्रसाद यादव के पक्ष में मतदान करें। मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा वाले देश की सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के झूठे और खोखले वादे का मकसद सिर्फ आपका वोट लेकर देश की सत्ता पर काबिज होना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में आज जो राजनीति हावी है, वह सिर्फ अलगाव फैलाने, आपसे फायदा उठाने वाली राजनीति है। प्रधानमंत्री मोदी सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं और किसानों के आंदोलन के दौरान यह बहुत स्पष्ट हो गया था।

## धान का बीज डालने खेत में गए एक शख्स की हुई मौत

**कुदरा (कैमूर) (नि. सं.)।** कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र के माथा चक गांव के उत्तर दिशा में धान का बीज डालने के लिए खेत बनाने गए व्यक्ति की मौत हो गई। काफी देर तक जब घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। खोजबीन करते हुए जब खेतों तक पहुंचा तो देखा खेतों में मृत अवस्था में पड़ा था। परिजनों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लू से मौत होने की आशंका जताते हुए शव को कागजी कार्रवाई पूरा कर पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया।

# पत्रकारिता विभाग ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर वेबिनार का किया आयोजन

निज संवाददाता

**जमुहार (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आज हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें' वर्तमान परिदृश्य में हिंदी पत्रकारिता की संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में दैनिक हिंदुस्तान रांची के वरिष्ठ पत्रकार व राज्यस्तरीय अंपायर अजय कुकरेती ऑनलाइन उपस्थित हुए। कार्यक्रम के शुरूआत में विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह ने अपने उद्बोधन में हिन्दी पत्रकारिता में हिन्दी भाषा के उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि आज कल लोग पूर्ण रूप से हिन्दी शीर्षक भी नहीं लिख पाते हैं। वर्तमान समय में हिन्दी पत्रकारिता बुरे दौर से गुजर रही है इसपर ध्यान देने की आवश्यकता है। हम हिन्दी पत्रकारिता के योगदान को भूल जाते हैं जबकि देश के स्वाधीनता आंदोलन में हिन्दी पत्रकारिता की विशेष भूमिका रही है। यह हमारा दुर्भाग्य है कि आज की नई पीढ़ी इतने बड़े गर्व के विषय को हेय दृष्टि से देख रही है। मुख्य वक्ता अजय कुकरेती ने अपने संबोधन में हिन्दी पत्रकारिता के सरल इतिहास को बताने से लेकर आज के हिन्दी पत्रकारिता के ज्वलंत मुद्दे को उठाया। उन्होंने एक छात्र के सवाल के जवाब में कहा कि हिंदी पत्रकारिता आज के बाजारवाद के युग में बैलेंस करके चलाया जा सकता है। श्री कुकरेती ने आज के अपने समृद्ध संबोधन से पत्रकारिता के छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने किया और विश्विद्यालय परिवार का धन्यवाद दिया की उन्हें ऐसे कार्यक्रम करने की अनुमति मिली। उन्होनें इस बदलते डिजिटल युग में हिंदी को ऑनलाइन अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ संकर्षण परिपूर्णन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ स्मृति ने किया। वहीं पत्रकारिता तथा जनसंचार विभाग के इस कार्यक्रम में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के पत्रकारिता तथा जनसंचार विभाग के सारे छात्र मौजूद रहें। देश के अन्य विश्वविद्यालय से भी लोग ऑनलाइन जुड़े रहें।

# महाप्रबंधक ने दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का किया निरीक्षण



निज संवाददाता

**हाजीपुर(वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा गुरूवार को दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेषनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत हुए। सर्वप्रथम महाप्रबंधक द्वारा झाझा स्टेषन के पैनल रूम, क्रु लॉबी एवं मेमू शेड का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यहां संरक्षा प्रणाली से जुड़े उपकरणों का गहन मुआयना किया। तत्पश्चात् महाप्रबंधक किऊल जंक्षन पहुंचे जहां उन्होंने इंजीनियरिंग, कर्षण वितरण तथा संकेत व दूरसंचार विभाग के रेलकर्मियों से संरक्षा उपायों के संबंध में पूछताछ कर उनके संरक्षा ज्ञान को परखा तथा अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दिए। महाप्रबंधक द्वारा निर्माणाधीन अषोक धाम रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया गया। उन्होंने झाझा से बाढ़ तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेल विकास से जुड़े निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ स्टेषन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में दानापुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आधार राज तथा दानापुर मंडल एवं मुख्यालय के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पटना से मंगलुरू सेंट्रल एवं मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते पटना और मंगलुरू सेंट्रल के बीच स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 03243 पटना-मंगलुरू सेंट्रल स्पेशल पटना से दिनांक 01.06.2024 को 22.30 बजे खुलकर 04.06.2024 को 07.00 बजे मंगलुरू सेंट्रल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03244 मंगलुरू सेंट्रल-पटना स्पेषल मंगलुरू सेंट्रल से दिनांक 04.06.2024 को 20.00 बजे खुलकर 07.06.2024 को 05.30 बजे मंगलुरू सेंट्रल पहुंचेगी। इसी तरह हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते मुजफ्फरपुर और सिकंदराबाद के मध्य भी एक स्पेषल ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 05295 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद स्पेशल मुजफ्फरपुर से 01.06.2024 को 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 22.00 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05296 सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर स्पेशल 03.06.2024 को सिकंदराबाद से 10.00 बजे खुलकर अगले दिन 21.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।

# धान का बिचड़ा डालने के लिए शुभ है रोहिणी नक्षत्र : डॉ. धनंजय

निज संवाददाता

**जमुहार (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, सासाराम के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के शस्य विज्ञान विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक सह प्रभारी फसल प्रक्षेत्र डॉ. धनंजय तिवारी ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र में खेतों में धान का बीज डालना शुभ माना गया है। खरीफ फसल की खेती को लेकर किसान तैयारी में जुट गए हैं। अच्छी खेती के लिए रोहिणी नक्षत्र को वरदान माना गया है। किसानों का भी मानना है कि इस नक्षत्र में बीज डालने से खेती आगे होती है। रोहिणी नक्षत्र में बीज डालने वाले किसानो की फसल नवंबर माह में तैयार हो जाती है। इससे रबी फसल की बुआई भी समय से हो जाती है। रोहिणी नक्षत्र में धान का बीज डालने से धान का पौधा ज्यादा तेजी से विकास करता है। साथ ही रोहिणी नक्षत्र में लगाए गए धान के बीज से अधिक उत्पादन भी प्राप्त होता है।

कृषि वैज्ञानिक भी मानते हैं कि इस दौरान सूर्य की रोशनी तेजी से सीधे धरती पर पड़ती है, जिससे बीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वहीं तेज धूप से मिट्टी भी रोगमुक्त होती है। क्योंकि इस समय खेत को तैयार करने से उसके अंदर तक धूप जाती है। किसान भाइयों को चाहिए कि धान के बीजों को अंकुरित होने के बाद ही बुवाई करें। बीज को पहले पानी में भिगो दें। इसके बाद बीजो को पानी से छानकर जूट के कट्टो से 15 से 20 घंटे के लिए ढक दें और अंकुरित होने के बाद ही बुवाई करें। बुवाई के समय खेत की सतह पर पानी होना आवश्यक है और उसके बाद भी तापमान अधिक होने के कारण खेतों में पर्याप्त नमी बनाये रखें। साथ ही अगर बीज की मात्रा की बात करें तो 2 से 2.5 किलोग्राम बीज एक बीघा में रोपने के लिए पर्याप्त होता है। हालाँकि बीज में जमाव प्रतिशत कम है तो किसान भाई 3 से 4 किलो बीज प्रति बीघा की दर से बिचड़ा के लिए प्रयोग कर सकते हैं।हमें इसके साथ ही उन्नत प्रजातियों का चयन भी किसान भाइयों को अपने-अपने क्षेत्र के हिसाब से करना चाहिए जिससे अधिक लाभ प्राप्त हो।इसके साथ ही कुछ प्रमुख प्रजातियां बिभिन्न क्षेत्रों के हिसाब से उपयुक्त हैं जैसे सुगंधित धान के प्रभेद में : राजेन्द्र भगवती, राजेन्द्र कस्तूरी, राजेंद्र सुवासिनी, निचली भूमियों के लिएः सबौर हीरा, स्वर्ण सब 1, राजेंद्र मसूरी तथा सूखा वाले क्षेत्रों के लिए : सबौर हर्षित धान, राजेंद्र श्वेता, सबौर सम्पन्न धान, सबौर श्री बहुत ही उत्तम किस्म की प्रजाति है। अगर किसान भाई इन सब बातों का ध्यान रखें तो निश्चित तौर पर बेहतर उत्पादन प्राप्त होगा। अंत में एक और आवश्यक बात किसान भाइयों के लिए जरुरी है की बीज किसी प्रमाणित संस्था, कृषि विश्वविद्यालय से या कृषि विज्ञान केंद्र से ही लेकर बुवाई के लिए प्रयोग करें।

## दुर्घटना के विवाद में मारपीट, प्राथिमकी दर्ज

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** शहर के छावनी मुहल्ला में बाइक व साइकिल के बीच टक्कर के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के वार्ड संख्या 10 निवासी एनुल हक अंसारी के बेटे जावेद अख्तर द्वारा सदर थाने में केस दर्ज कराया गया है। पीड़ित ने आवेदन में बताया है कि उसका भाई 17 वर्षीय जैद अख्तर 25 मई की रात 8 बजे साइकिल से समान खरीदने चकबंदी रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसकी साइकिल की टक्कर सामने से आ रही बाइक में हो गई। दोनों गिरकर घायल हो गए। इसको लेकर मारपीट हो गई। जब वह पहुंचा तो दोनों भाइयों की भी पिटाई की गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# गाड़ी का बोनट पर बैठकर महिलाओं की रैली को पवन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

निज संवाददाता




**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को मतदान होना है। गुरुवार की शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने अपनी जोर आजमाइश की। गुरुवार को पाली रोड से महिलाओं की रैली को पवन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पवन सिंह ने गाड़ी का बोनट बैठकर हरी झंडी दिखाई, जिससे मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इसके बाद महिलाओं की रैली पाली रोड, डेहरी बाजार, जक्कि बिगहा, चुना भट्ठा, स्टेशन रोड होते वापस पवन सिंह के चुनाव कार्यालय पर पहुंच संपन्न हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों के संबोधन में पावर स्टार पवन सिंह ने कहा कि वह काराकाट लोकसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार की जड़ों को कैंची से काटना है। इसलिए उन्हें चुनाव चिह्न के रूप में कैंची छाप मिला है। उनके चुनाव लड़ने की घोषणा के साथ ही आज काराकाट क्षेत्र राष्ट्रीय मंच पर दिखाई दे रहा है। चुनाव जीतने के बाद वह अपने कार्यकाल में काराकाट लोकसभा क्षेत्र को विकसित लोकसभा क्षेत्र बनाएंगे।

# श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार 06 जून से 24 जून 2024 तक जॉब कैम्प का होगा आयोजन

निज संवाददाता

**नवादा।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिला नियोजनालय, नवादा के तत्वाधान में 06 जून 2024 से 24 जून 2024 तक एस0आई0सी0 लिमिटेड गढवा, झारखण्ड के द्वारा नवादा जिले के सभी बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) ब्लॉक परिसर में 10:00 पूर्वा0 बजे से 4:00 बजे अप0 तक जॉब कैम्प का आयोजन किया जायेगा। 06.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) हिसुआ ब्लॉक कैम्पस, 07.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) काषीचक ब्लॉक कैम्पस, 08.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) कौआकोल ब्लॉक कैम्पस, 10.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) पकरीबरॉवा ब्लॉक कैम्पस, 11.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) नारदीगंज ब्लॉक कैम्पस, 12.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) वारिसलीगंज ब्लॉक कैम्पस, 13.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) रजौली ब्लॉक कैम्पस, 14.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) सिरदला ब्लॉक कैम्पस, 15.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) मेसकौर ब्लॉक कैम्पस, 18.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) गोविंदपुर ब्लॉक कैम्पस, 19.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) रोह कैम्पस, 20.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) अकबरपुर ब्लॉक कैम्पस, 21.06.24 को बी0एस0डी0सी0 (कुशल युवा केन्द्र) नरहट ब्लॉक कैम्पस, 24.06.24 संयुक्त श्रम भवन, नवादा में रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। सुरक्षा गार्ड के 150 पद लिए योग्यता मैंट्रिक पास या फेल उम्र 19 से 40 वर्ष, वेतन 15500 से 22500 तक, हाईट-67.5 से0मी0 निर्धारित है। सुरक्षा सुपरवाईजर पद 30 के लिए योग्यता ग्रेजुएषन होना चाहिए, उम्र 21 से 40 वर्ष, वेतन-19000 से 25000 तक, हाईट-170 से0मी0 निर्धारित है। कैष कस्टोडियन के 30 पद के लिए योग्यता वारहवीं होना चाहिए, उम्र 18 से 30 वर्ष, वेतन-14500 से 18500 तक, हाईट-160 से0मी0 निर्धारित है। जी0टी0ओ0 के 30 पद के लिए योग्यता ग्रेजुएषन होना चाहिए, उम्र 21 से 37 वर्ष, वेतन-27000(सी0टी0सी0) पर महीना, हाईट-67.5 से0मी0 निर्धारित है। जॉब लोकेषन-बिहार। इच्छुक आवेदक अपने षैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छायाप्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल पर आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते है। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 10:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर निबंधित है वही आवेदक रोजगार कैम्प में भाग ले सकते है। जो आवेदक निबंधित नही है वो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, नियोजन के षर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

# विशेष लोक अदालत हेतु पक्षकारों को किया गया प्री कॉन्सिलिंग



निज संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में वाद सं0 सीए नम्बर-2513/2024 दिनेश कुमार बगैरह बनाम् यूनियन ऑफ इंडिया वगैरह में विपक्षी गण को प्री सिटिंग के माध्यम से सुलह के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श हेतु गुरूवार को 01:00 बजे अपराह्न में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई 2024 से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु न्यायिक पदाधिकारीण ने पक्षकारों को सुलह हेतु प्रेरित करने के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त विशेष लोक अदालत हेतु पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार कर पंचायत प्रतिनिधियों एवं थाना प्रभारियों/थाना अध्यक्ष के माध्यम से पक्षकारों को सुलह के आधार पर वादों के निष्पादन के लिए सूचित कर दिया गया है। इस बैठक में निम्नलिखित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सबजज प्रथम सह अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम नवादा, सबजज सप्तम् सह अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी षष्ठ नवादा उपस्थित हुए साथ ही विपक्षीगण अनुज कुमार, अर्जून कुमार राम एवं प्रवीण कुमार समिति के समक्ष उपस्थित हुए और अपने वाद के संबंध में सारी बातों को बताया।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने जिले के प्रमुख बैंक के अधिकारियों के साथ की बैठक

निज संवाददाता

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में आज दिनांक 30.05.2024 को एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें दिनांक 13.07.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए जिले के प्रमुख सरकारी बैंकों एवं निजी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के क्रम में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने आश्वस्त किये कि वे लोग अपने अपने बैंकों के ऋण वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा पक्षकारों को सूचित कर रहे हैं जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में ऋणवादों के नोटिसों के शतप्रतिशत तामिला के संबंध में विचार विमर्श किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बताया कि नोटिसों के तामिला पर ही बैंकऋण वादों का निष्पादन संभव है।

बैठक के क्रम में चिन्हित पूर्व विवादित मामले में पूर्व बैठक/पूर्व परामर्श की संख्या एवं चिहिन्त वादों की सूची के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सफलता हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों की सूची बैंक पदाधिकारियों को प्रचार प्रसार हेतु उपलब्ध कराया गया ताकि अधिक से अधिक बैंकऋण वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुनिश्चित हो सके। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के अतिरिक्त एलडीएम क्षेत्रीय प्रबंधक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, नवादा, बैंक आफ बड़ौदा, यूनियन बैंक आफ इंडिया, नवादा, द नवादा सेन्ट्रल कोऑपरेटिव बैंक लि0, नवादा, उत्कर्ष बैंक एवं आई0डी0बी0आई0 बैंक के शाखा प्रबंधक, बैंक अधिकारीगण एवं सुशील कुमार, पेशकार, लोक अदालत, नवादा उपस्थित हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वास्थ्यकर्मियों को किया अलर्ट

**आरा।** मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधा के लिए हर बूथ पर उपलब्ध मेडिकल कीट के अलावे, स्वास्थ्य विभाग के हर केंद्र पर डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी मुस्तैद रहेंगे। सदर अस्पताल में ओटी 24 घंटा सतर्क रहेगा। 24 घंटा इमरजेंसी, और ओपीडी कार्य भी समय से होगा। पीएचसी में सभी चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। एक चलंत मेडिकल गाड़ी भी सदर एवं हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चलेगी। एसीएमओ डॉक्टर केएन सिन्हा ने बताया कि सब केंद्र पर हमारे स्वास्थ्य कर्मी विशेष कर एएनएम और आशा मतदान के दिन भी दवा के साथ मुस्तैद रहेंगे। हर बूथ पर मेडिकल सहायता दी जाएगी।

## केंद्रीय मंत्री आरके सिंह की प्रचार गाड़ी पर हमला, गाड़ी के शीशे तोड़े

**आरा।** एनडीए प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री आरके सिंह की बोलेरो प्रचार गाड़ी को आरा शहर में बाजार समिति के पास दो-तीन बाइक सवार ने ओवरटेक कर जबरन रुकवाया।ड्राइवर के साथ मारपीट किया और प्रचार गाड़ी के शीशे को तोड़ दिया। लोगों ने घायल अवस्था में ड्राइवर को सदर अस्पताल में पहुंचाया। इस सिलसिले में आरा नवादा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना में भाकपा माले और राजद के गुंडों की करतूत है। ये बुरी तरह चुनाव हार रहे हैं। इसी बोखलाहट मे इस तरह को घटना को अंजाम दिए हैं। इंडी गठबंधन का बिहार से सफाया होने वाला है। चार सौ पार सीटों के साथ नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री और आरके सिंह केन्द्र सरकार में मंत्री बनेंगे। जिससे देश और भोजपुर जिला विकसित बनेगा।

## प्रशिक्षण से कुल 44 कर्मी रहे अनुपस्थित, शोकॉज

**बक्सर।** लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों की द्वितीय नियुक्ति पत्र का तामिला कराते हुए निर्धारित तिथि को मतदान कार्य प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया था। प्रशिक्षण कार्य से कुल 44 कर्मी अनुपस्थित पाये गये। आदेश की अवहेलना एवं निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम ने सभी कर्मियों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया है। बता दें कि सभी कर्मी वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए प्रशिक्षण से अनुपस्थित पाये गये। उनका यह कृत्य वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना एवं निर्वाचन जैसे संवेदनशील कार्य में लापरवाही का द्योतक है। निर्देशित किया गया कि पत्र प्राप्ति के 2 दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करेंगे, कि क्यों नहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित रहने एवं निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के लिए लोक प्रतिनिनिधत्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जाय।

## चापाकल और कूलिंग वाटर मशीन खराब

**आरा।** मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को तापमान 42.3 डिग्री रहा। वहीं गर्मी का एहसास 52.6 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसी स्थिति में शैक्षणिक संस्थानों में पीने का पानी नहीं मिले तो बेचैनी बढ़ा लाजमी है। अरबों रुपए बजट वाले वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के विज्ञान भवन में छात्र-छात्राओं के लिए पीने का पानी नहीं है।विज्ञान भवन परिसर के भूतल पर दो चापाकल है। वह चापाकल कई दिनों से खराब है। रसायन शास्त्र विभाग सहित अन्य विभागों में लगे कुलिंग वाटर मशीन की भी स्थिति जर्जर है।

## बक्सर रेलवे स्टेशन से 13 बैग बीयर के साथ 2 तस्कर किए गए गिरफ्तार

**बक्सर।** वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ प्रकाश कुमार पंडा के आदेशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क के तहत शराब के साथ 2 तस्करी के आरोपी गिरफ्तार किया गया। निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल व दिनेश चौधरी व जीआरपी बक्सर के सिपाही प्रिंस कुमार सिंह के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बक्सर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर आई गाड़ी संख्या 12336 के कोच संख्या S-8 के शौचालय का गेट अंदर से बंद पाया। खोलने के लिए कहने पर अंदर से गेट नहीं खोला जा रहा था। तत्पश्चात काफी मसक्कत के बाद गेट को खोलवाया गया। जिसके अंदर कुल 13 बैग बीयर के साथ 2 शराब तस्करों को पकड़ा गया । पूछने पर उन्होंने अपना नाम रोहित कुमार निवासी बरडीहा भोजपुर व रित्तू कुमार निवासी जमीरा भोजपुर बताया। कुल 13 बैग बीयर 259 लीटर जिसकी कुल कीमत 67340 आंका गया। अग्रिम करवाई वास्ते जीआरपी बक्सर को सुपुर्द किया गया।

## फायरिंग के आरोपी समेत दो गिरफ्तार

**बक्सर।** राजपुर पुलिस ने घर में घुस कर फायरिंग और सोने की चेन झपटने के आरोपी समेत मारपीट के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। घटना में संलिप्त अन्य आरोपितों के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। राजपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 28 अप्रैल की रात सगरांव गांव के स्व. विनोद पांडेय के घर में 10-15 की संख्या में हथियार से लैस लोग प्रवेश कर गए। सभी घर में प्रवेश कर घर वालों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान दहशत फैलाने की नीयत से फायरिंग की घटना को अंजाम दी गई। घटना को लेकर स्व. विनोद पांडेय की पत्नी चमेली देवी ने राजपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। घटना की जांच के बाद पुलिस ने घरारी गांव के देव कुमार पांडेय के पुत्र अजय कुमार पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मारपीट के एक अन्य मामले में सुघर गांव के खखनु सिंह और रविन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## पत्नी की साड़ी से लटक की आत्महत्या, सुसाइड से पहले अपने बच्चों के साथ खूब खेला



**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में बुधवार को पंखे से लटक कर एक युवक ने खुदकुशी कर ली। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी स्व. बद्री साह का 28 वर्षीय पुत्र सोनू साह है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर गली नंबर-6 में करीब छह महीने से किराए के मकान में रहते थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह अपने घर पर आया और बच्चों के साथ खेलने लगा। खेलने के दौरान उसने अपनी पत्नी से कहा कि तुम रोटी बनाओ मैं थोड़ा आराम कर लेता हूं। इसके बाद वह अपने कमरे गया। दरवाजा बंद कर पंखे में पत्नी की साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। कुछ देर पत्नी गई तो दरवाजा नहीं खोला।

**आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं:** दरवाजे के छेद से जब उसकी पत्नी ने झांक कर देखा तो वह पंखे से लटका हुआ था। उसने शोर मचाना शुरू किया। आवाज सुनकर घर के अन्य लोग इकट्ठे हुए। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। दरवाजा तोड़कर उसके शव को पंखे की कुंडी से नीचे उतार गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम अस्पताल में करवाया। हालांकि उक्त युवक ने खुदकुशी क्यों की। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक के परिवार में पत्नी चिंता देवी, एक पुत्र और एक पुत्री है।

# स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, फिर दो वाहनों ने रौंदा, मौत

### खेत से महिला लौट रही थी घर, ढाई घंटे तक फोरलेन जाम, अंडरपास बनाने की मांग

निज संवाददाता। आरा

आरा में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। सड़क पर पैदल चल रही महिला को पहले स्कॉर्पियो ने टक्कर मारी, फिर पीछे आ रहे दो वाहनों ने भी रौंद दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज गांव निवासी सुदामा महतो की 55 वर्षीय पत्नी प्रभावती देवी है। जो खेत से काम कर घर लौट रही थी। घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। एनएच पर लाश रखकर सड़क ढाई घंटे तक जाम किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर 10 किमी तक वाहनों की लाइन लग गई। लोग मुआवजे और अंडरपास बनाने की मांग कर रहे थे। घटना आरा-बक्सर नेशनल हाईवे गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज गांव के पास की है।



**आश्वासन के बाद सड़क जाम हटा:** सड़क जाम की सूचना पाकर ASP परिचय कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी रश्मि कुमारी और गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गए। इसके बाद पुलिस ने आरा प्रखंड के सीईओ और BDO को भी बुलाया। मुआवजा और अंडरपास बनाने का आश्वासन देकर सड़क जाम हटवाया।

**आए दिन घटनाएं होती रहती:** पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बीबीगंज के निवासी रोहित कुमार ने बताया कि आए दिन यहां सड़क पर घटनाएं होती रहती है। जिसके कारण कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी है और कई लोगों के हाथ-पैर टूट जाते हैं। इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि अंडरपास बनाया जाए। ताकि ऐसी घटनाएं रुक सके।

**मृतका के तीन बेटे और तीन बेटियां हैं:** मृतका के पति सुदामा महतो ने बताया कि हम दोनों बुधवार की देर शाम खेत में काम करने गए थे। तभी मेरी पत्नी लौटने लगी। मैंने कहा कि हम लोग साथ चलते हैं, लेकिन पत्नी नहीं मानी और वहां से घर के लिए निकल गई। रास्ते में कार ने रौंद दिया। स्कॉर्पियो के रौंदने के बाद दूसरे वाहन ने भी टक्कर मार दी। मृतका के तीन बेटे सूरज, दीपक और प्रदीप और तीन बेटी सुनीता, रीता और अनीता है।

# ट्रेन के बाथरूम से पुलिस ने बरामद की बीयर

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में दो धंधेबाज गिरफ्तार, भागलपुर गोड्डा सुपर फास्ट एक्सप्रेस में मिले 13 बैग

लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ प्रकाश कुमार के निर्देश पर ट्रेनों में ऑपरेशन सतर्क चलाया जा रहा है। इसी के तहत आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार व उप निरीक्षक विजेंद्र मुवाल, दिनेश चौधरी के नेतृत्व में ऑपरेशन सतर्क चलाया गया। गुप्त सूचना मिली कि ट्रेन से तस्करी की शराब लायी जा रही। इसी के आधार पर बक्सर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर गाड़ी संख्या 12336 अप भागलपुर गोड्डा सुपर फास्ट ट्रेन के कोच संख्या एस आठ के शौचालय से 13 बड़े बैग से भारी मात्रा में शराब पाई गई। इसके साथ दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी पकड़े गए बैग व तस्करों को आरपीएफ कार्यालय लाया गया। जिसकी गिनती की गई। इसमें 259 लीटर कुल 518 केन बीयर बरामद की गई। इसकी कीमत बाजार में लाखों की बताई जा रही है।आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि पकड़े गए तस्कर भोजपुर जिले बरडीहा निवासी रोहित कुमार व भोजपुर जिले के जमीरा के ऋतु कुमार हैं। इन लोगों द्वारा यूपी से बीयर की केन झोले में भरकर शौचालय में रख बन्द कर शौचालय को कब्जा किया हुआ था। यात्रियों द्वारा रेल पुलिस को सूचना दी गई। बक्सर में ट्रेन के खड़ी करने के बाद शौचालय को खुलवाया जा रहा था। जबकि, वे दरवाजा खोल नहीं रहे थे, काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खुलवाया गया।जिसके अंदर शराब से भरे कुल 13 बैग पाए गए। इसकी कागजी कार्रवाई पूरी कर जीआरपी को भेज दिया गया।

# पंखे से फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या, मायके वालों ने घरेलू हिंसा का लगाया आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के बुधनपुरवा बस्ती में आपसी विवाद के कारण एक नव विवाहिता ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मायके वालों का कहना है कि घरेलू हिंसा के कारण उसने जान दी है। उसके ससुराल के लोग बहुत परेशान करते थे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कमरे से निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बुधनपुरवा निवासी हिमांशु कुमार की शादी सिमरी थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव निवासी रविन्द्र लाल की बेटी मीनु कुमारी उर्फ रिम्मी से फरवरी महीने में हुई थी। हिमांशु पुणे में किसी कंपनी में नौकरी करता है। शादी के कुछ समय बाद वह नौकरी करने पुणे चला गया। वहीं बुधवार की सुबह हिमांशु की पत्नी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। जब काफी प्रयास के बाद भी उसने अपना कमरा नहीं खोला तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस और विवाहिता के मायके वालों को दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पहले दरवाजे खुलवाने की कोशिश की लेकिन कुछ जवाब नहीं मिला।



♦ दो महीने पहले हुई थी शादी

इसके बाद दरवाजा तोड़ कर देखा तो विवाहिता कमरे में पंखे से लटकी हुई थी। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना को लेकर अभी एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चिराग पासवान ने बक्सर में राजद पर बोला हमला, कहा-

# ये वही लोग हैं जो लाठी में तेल पिलाने का काम करते, मिथिलेश तिवारी के लिए मांगा वोट

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के चुनावी प्रचार में चिराग पासवान धनसोई पहुंचे। उन्होंने लोगों से उनको वोट देने की अपील की। साथ ही महागठबंधन पर हमला बोलते हुए चिराग पासवान ने कहा कि ये वही लोग हैं, जो 90 के दशक में लाठी में तेल पिलाने का काम किया था। नौकरी के बदले जमीन लेने का काम किया था। चिराग ने आपातकाल की याद दिलाते हुए कहा कि ये लोग कहते हैं कि मोदी सरकार बनी तो आरक्षण खत्म हो जाएगा।संविधान बदल दिया जाएगा,लोकतंत्र खतरे में आ जायेगा।यहीं कांग्रेस है 75 के दशक में आपातकाल की घोषणा करके लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया था। इसके साथ ही बोले की जब तक चिराग पासवान जिंदा है न संविधान खतरे में है और ना आरक्षण खत्म होगा यह मेरा वादा है।



आगे चिराग ने कहा कि आज दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है तो यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देन है। साथियों देश की जब अर्थव्यवस्था मजबूत होती है तो हर राज्य का राजस्व बढ़ता है। देश के साथ राज्य का विकास होता है। आज इसका परिणाम है कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। इसलिए देश को विकसित बनाना है तो देश के प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करना होगा।जब देश का विकास होगा तो राज्य भी विकसित होंगे। हर जिला हर प्रखंड और गांव का विकास होगा। चिराग पासवान ने आज के पहले जब घर में कोई बीमार पड़ता था तो लोगों अपनी जमीन गिरवी रखना पड़ता था। महिलाओं को अपनी जेवर गिरवी रखना पड़ता था, लेकिन जब देश के प्रधानमंत्री मोदी बने तो गरीबों की चिंता की आज आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख का मुफ्त इलाज कराने का काम किया।

# भोजपुर में हीट स्ट्रोक से तीन की मौत, अस्पताल जाने के दौरान तोड़ा दम

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बुधवार को हीट स्ट्रोक के कारण 2 बुजुर्ग समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही दम तोड़ दिया। एक सड़क पर ही बेहोश हो गए थे। जिन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतकों में दो बुजुर्ग है और एक युवक शामिल हैं।



♦ मृतकों में दो बुजुर्ग और एक युवक शामिल

**शरीर में कपकपी होने लगी थी:** पहली घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है। जहां हीट स्ट्रोक के कारण एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक जगदीशपुर गांव निवासी 80 वर्षीय चंद्रमा गिरी हैं। इनकी पत्नी शारदा देवी ने बताया कि अचानक उनके हाथ-पैर में झनझनाहट होने लगी तो परिजन उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल ले जा रहे थे। जहां इलाज के दौरान अचानक उनके पूरे शरीर में कपकपी शुरू हो गई। उन्हें बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें अमृत घोषित कर दिया। पत्नी शारदा देवी ने बताया कि लू-लगने के कारण उनके पति की मौत हुई है।

**रेफरल अस्पताल से किया रेफर:** दूसरी घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र के नवानगर गांव की है। मृतक बुजुर्ग गजराजगंज ओपी क्षेत्र के नवानगर गांव निवासी 60 वर्षीय गुप्ता नाथ शर्मा हैं। इनके बेटे ने बताया कि मैं काम पर गया हुआ था। तभी घर से फोन कर सूचना दी गई कि पिता की तबीयत खराब है। उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल ले गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बेटे ने कहा कि अत्यधिक गर्मी और लू-लगने के कारण पिता की मौत हुई है।

**सड़क पर बेहोश होकर गिर गए:** तीसरी घटना बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव की है। जहां हीट स्ट्रोक के कारण एक युवक की मौत हो गई। मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी केशव प्रसाद सिंह का 30 वर्षीय पुत्र विपिन बिहारी सिंह है। इधर मृतक विपिन बिहारी सिंह के साले ललित कुमार सिंह ने बताया कि वह कोईलवर थाना क्षेत्र के पचैना गांव स्थित गैस प्लांट में काम करने गए थे। जब वह काम कर घर वापस लौट रहे थे। तभी उन्हें लू लग गई। जिसके कारण वह बबुरा पेट्रोल पंप के पास बेहोश होकर गिर पड़े। ग्रामीणों ने सूचना दी। परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के मौला बाग स्थित निजी अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**इलाज में देरी के कारण पेशेंट रिकवर नहीं होते:** सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में मौजूद ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉक्टर सूर्यकांत निराला ने बताया कि आज हीट स्ट्रोक के काफी मरीज आए हैं। हाई टेंपरेचर के कारण लोगों के बॉडी का तापमान 107 डिग्री से ऊपर होता है और ऐसी स्थिति में मरीज को पसीना नहीं आता है। वैसे मैरिज जब यहां आते हैं तो हम उन्हें कोल्ड रूम में रखते हैं और प्राथमिक उपचार करते हैं। लेकिन लेट हो जाने के कारण पेशेंट रिकवर नहीं हो पाते हैं। ऐसे में जिस व्यक्ति का टेंपरेचर हाई हो जाता है। उन्हें कुएं और चापाकल के पानी से पहले नहाना चाहिए। जिसके कारण टेंपरेचर डाउन हो जाता है। उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक के कारण तीन मरीज की मौत हो चुकी है। जिसमें एक को रेफर कर दिया गया था और ले जाने के दौरान मौत हो गई है।

**स्कूलों को बंद करने का निर्देश जारी:** दूसरी तरफ भीषण गर्मी और लू को देखते हुए स्कूलों का बंद रखने के निर्देश जारी किया गया है। सीएम नीतीश कुमार के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने निर्देश जारी किया है।

# जिले में टीबी उन्मूलन अभियान हो रहा फेल

निज संवाददाता। आरा

जिला में टीबी उन्मूलन अभियान फेल होने लगा है। टीबी मरीजों को मुफ्त में मिलने वाली दवा करीब डेढ़ माह से सुचारु रूप से नहीं मिल पा रही है। दैनिक भास्कर ने जब इस संबंध में पड़ताल की तो पता चला कि इसकी वजह जिले में टीबी रोग से संबंधित दवा की आपूर्ति नहीं होना है। उपलब्ध आकड़े के अनुसार भोजपुर जिले में 3264 टीबी के मरीज अभी भी है। टीबी मरीजों को करीब एक माह से अधिक समय से दवा बाजार से खरीदना पड़ रहा है। दवा की आपूर्ति नहीं होने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारी भी कुछ स्पष्ट कहने से बच रहे हैं। टीबी विभाग के अधिकारी कभी कहते है दवा आ गई है, दवा दी जा रही है, कभी कहते है लोकल स्तर पर दवा की खरीदारी की गई है, कभी कहते है कुछ दवा बाजारो में भी नहीं मिल रही है। अब कहते है कि 15 दिन में दवा उपलब्ध हो जाएगी। ऐसे में 2025 तक भारत से टीबी को मुक्त कर लिए जाने वाले सरकार का पूरा अभियान फेल होता दिख रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा उपलब्ध नहीं होने और मरीजों के वापस लौटने के कारण कई मरीजों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के बीच कहासुनी भी रोज हो जा रही है। दवा उपलब्ध नहीं होने से सदर अस्पताल समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से रोजाना टीबी मरीज बिना इलाज और दवा के निराश होकर वापस लौट रहे हैं। लोकल स्तर पर कुछ दवा की हुई है खरीदारी टीबी के रोगियों को प्रारंभिक चरण में दो माह के लिए व दूसरे चरण में चार माह की दवा दी जाती है। पहले दो माह तक चलने वाली कुछ दवा मिल रही है। लेकिन इसके बाद चार माह तक चलने वाली दूसरी दवा की आपूर्ति बाधित है। इन दवाओं की आपूर्ति राज्य स्तर से नहीं हो रही है।



> 10 दिनों में जिले के मरीजों को सुचारु रूप से दवा उपलब्ध होने लगेगी। राज्य स्वास्थ्य समिति के सीटीडी के गाइडलाइन के अनुसार लोकल स्तर पर कुछ दवाओं की खरीदारी की गई है, लेकिन डिमांड अधिक हो जाने से बाजारों में भी टीबी की कई दवाएं नहीं मिल पा रही है। जैसे ही दवा उपलब्ध होगा, सभी स्वास्थ्य केंद्रों को दवा उपलब्ध करा दी जाएंगी।
>
> **-डॉ. ए अहमद,** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी

# मां से झगड़े के बाद बेटे ने खाया जहर, बहन की पढ़ाई बंद कराने को कह रहा था

### कहासुनी के बाद आत्महत्या की कोशिश

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के विमवां गांव में बुधवार को मां से झगड़ा के बाद बेटे ने जहर खा लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद पटना रेफर कर दिया गया है। युवक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के विमवां गांव निवासी सुरेंद्र यादव का 20 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार है। वो अपने दो बहन और पांच भाई में तीसरे स्थान पर है। युवक की मां चिंता देवी ने बताया कि बुधवार को वह अपनी बहन की पढ़ाई बंद करने के लिए रहा था। जिसको लेकर कहासुनी हुई।

**हालत काफी गंभीर है:** गाली-गलौज करने लगा। जब गाली-गलौज करने से मना किया तो उसने गुस्से में आकर जहर खा लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। चिकित्सक ने बताया कि युवक की स्थिति काफी गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

# चिराग ने तेजस्वी को लेकर दिया बड़ा संकेत आखिरी चरण से पहले सियासी हलचल तेज

निज संवाददाता



**पटना।** आखिरी चरण के मतदान को लेकर चिराग पासवान काफी एक्टिव हैं। उन्होंने बुधवार को जगह-जगह पर चुनावी सभा की। इसके मीडिया के सामने बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के बारे में ऐसी बात कह दी, जिससे राजनीति तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि आपके (तेजस्वी यादव) ऊपर तो पहले से ही केस चल रहा है, कोर्ट में लैंड फॉर जॉब नाम से केस चल रहा है। ये बात किसी से छुपी नहीं है कि 90 के दशक में क्या क्या चीजें होती थी, कैसे लोगों की जमीनें हथियाई जाती थीं। कैसे दुकानों को तोड़कर सामानों को हथिया लिया जाता था। चिराग ने आगे कहा कि 90 के दशक में मेरे छोटे (तेजस्वी यादव) भाई काफी छोटे रहे होंगे, इसलिए उन्हें याद नहीं होगा, बड़ा भाई होने के नाते मुझे याद है। पुराने लोगों से पूछने पर यह पता चलेगा कि क्या हालात थे और बिहार से क्यों पलायन हुआ। इसके अलावा, जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के कलेर प्रखंड अंतर्गत मधुश्रवा मैदान के प्रांगण में आयोजित चुनावी जनसभा में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जमकर राजद पर हमला बोला। वे यहां एनडीए से जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के समर्थन में वोट मांगने आए थे। उन्होंने कहा कि जब तक चिराग है, न हमारे संविधान को खतरा है और न ही कोई आरक्षण छीन सकता है। मुद्दाविहीन विपक्ष भ्रम फैलाकर वोट लेना चाहता है, जिससे सावधान रहें। उन्होने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा तो देश का हर गांव विकसित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। कांग्रेस की सरकार बनने पर विरासत टैक्स लगाकर आम लोगों की जमीन जायदाद, गहने एवं अन्य संपत्तियों को जब्त कर लिया जाएगा। चिराग ने 1990 की याद दिलाते हुए कहा कि तब लाठी में तेल पिलाया जाता था। नौकरी के नाम पर जमीन ली जाती थी। लालू यादव को परिवारवाद के अलावा दूसरे की चिंता नहीं रहती।

## राजनाथ सिंह ने डायनासोर से की कांग्रेस की तुलना

निज संवाददाता

**पटना।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस तरह डायनासोर पृथ्वी से लुप्त हो गए, उसी तरह भारत से दस साल बाद कांग्रेस भी लुप्त हो जाएगी। एनडीए का मतलब भारत जोड़ो होता है, आइएनडीआइए का मतलब भारत तोड़ो होता है। भाकपा-माले मुड़ी कटवा पार्टी है। ऐसी पार्टी से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विपक्ष महंगाई का शोर मचा रहा है। जबकि, भारत की महंगाई दर दुनिया के किसी भी देश से बहुत कम यानी तीन प्रतिशत से भी कम है। वे बुधवार को बिक्रमगंज के गांधी मैदान व औरंगाबाद के अनुग्रह नारायण सिन्हा स्टेडियम में काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के रालोमो प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, पटना साहिब क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद व बक्सर लोकसभा क्षेत्र के दिनारा में भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ ने कहा कि राजद में परिवारवाद भरा है। लालटेन का तेल समाप्त हो रहा है। बुझने की कगार पर है, इसलिए भभक रहा है। सवर्णों के गरीबों को देश में पहली बार नरेन्द्र मोदी सरकार ने 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। हमने वादे के अनुसार जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाई, अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनवाया। उन्होंने कहा कि रामराज्य लाना है तो नरेन्द्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाना है।

# बिहार में तीसरे कोण ने चुनाव के अंतिम चरण को बनाया रोचक

निज संवाददाता




**पटना।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में बिहार की आठ सीटों पर होने वाले मतदान को तीसरे कोण ने रोमांचक बना दिया है। इसमें काराकाट, जहानाबाद और बक्सर पर सबसे अधिक नजरें हैं। यह तीसरा कोण जीतने की क्षमता रखता हो या नहीं, मगर हराने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। ऐसे में वोटों की सेंधमारी रोकना बड़ी चुनौती है। यही कारण है कि अंतिम समय तक राजग और महागठबंधन के उम्मीदवार पूरी ताकत लगाकर चुनाव प्रचार में जुटे हैं। अंतिम चरण में सबसे रोचक लड़ाई काराकाट में दिख रही। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के उपेंद्र कुशवाहा यहां राजग उम्मीदवार हैं, जिनका मुकाबला महागठबंधन के राजा राम सिंह कुशवाहा (भाकपा माले ) से है। दोनों कुशवाहा नेताओं के बीच भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह की निर्दलीय उम्मीदवारी सुर्खियां बटोर रही हैं। पवन सिंह और उनके समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए आने वाले भोजपुरी सितारों को देखने-सुनने बड़ी भीड़ आ रही है। यह भीड़ वोट में कितना बदल पाती है, यह देखने वाली बात होगी। इसकी काट के लिए दोनों गठबंधनों की ओर से प्रमुख स्टार प्रचारकों के साथ विशेष तौर पर राजपूत समाज के नेताओं को काराकाट में उतारा गया है। पिछली बार काराकाट में जीत का अंतर महज 84 हजार वोट का था, ऐसे में निर्दलीय उम्मीदवार को मिलने वाला वोट निर्णायक हो सकता है। जहानाबाद में इस साल भी पुराने उम्मीदवारों के बीच ही मुकाबला दिख रहा है। जदयू से चंदेश्वर प्रसाद और राजद से सुरेंद्र प्रसाद यादव हैं, तो बसपा के हाथी पर सवार डा. अरुण कुमार तीसरा कोण बना रहे। अरुण कुमार पिछली बार भी मैदान में थे और 34 हजार 558 वोट ही ला पाए थे मगर यह वोट इसलिए निर्णायक साबित हुए क्योंकि यहां जीत-हार का अंतर महज 1751 मतों का था। जदयू के चंदेश्वर प्रसाद तीन लाख 35 हजार 584 वोट पाकर विजयी हुए थे तो सुरेंद्र यादव तीन लाख 33 हजार 833 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। बक्सर में भी निर्दलियों ने दोनों गठबंधनों के उम्मीदवारों की धुक-धुकी बढ़ाई हुई है। यहां भाजपा ने पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को तो राजद ने पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह को मैदान में उतारा है। मुख्य लड़ाई भी इन्हीं दोनों के बीच दिख रही मगर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पूर्व विधायक ददन यादव और पूर्व आइपीएस आनंद मिश्रा की मौजूदगी वोटों में सेंध लगा रही। ददन यादव राजद तो आनंद मिश्रा राजग के वोट में ज्यादा सेंधमारी लगा रहे। विशेषज्ञों के अनुसार, इस सेंधमारी को अधिक से अधिक रोकने वाला ही जीत का सफर आसानी से तय कर पाएगा। उत्तरप्रदेश से सटे बिहार के इलाकों में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार भी वोट की सेंधमारी करते रहे हैं। खासकर आरा, बक्सर, सासाराम और काराकाट में बसपा उम्मीदवार वोट काटते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवार बक्सर और सासाराम में तीसरे स्थान पर रहे थे। बक्सर में बसपा को करीब 80 हजार जबकि सासाराम में 86 हजार मत मिले थे। वहीं आरा और काराकाट में बसपा प्रत्याशी को चौथा स्थान मिला था। दोनों ही जगहों पर तीसरे स्थान पर नोटा रहा था।

## युवक पर कैंची से हमला : शरीर पर 22 से 25 बार किया वार

**पटना (नि.सं.)।** सिटी के मौरी गली में बीती रात अपराधियों ने एक युवक सागर कुमार (23) को कैंची से गोद डाला। घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की पुष्टि करते हुए पटना सिटी के डीएसपी-2 डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि पुलिस घटना के कारणों की तलाश कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल कायम है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मौरी गली में अपराधियों ने सागर कुमार को कैंची से गोद डाला। युवक को अपराधियों ने लगभग पूरे शरीर में 22 से 25 बार कैंची से वार किया। इस घटना में सागर कुमार के शरीर में दर्जनो जगहों पर जख्म के निशान हैं और वह बुरी तरह घायल है। घटना की सूचना मिलते ही पटना सिटी के खाजेकला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सागर कुमार को इलाज के लिए पटना के PMCH में भर्ती कराया है। पटना सिटी के DSP डॉक्टर गौतम कुमार ने बताया कि सागर कुमार नाम के युवक को सिरफिरे युवक के द्वारा कैंची मारे जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि कैंची शरीर के कई भागों में लगी है। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

# छात्र हत्याकांड के आरोपितों की तलाश में छात्रावासों में छापेमारी, तीन दिन बाद पुलिस लेगी एक्शन

निज संवाददाता

**पटना।** लॉ कालेज परिसर में स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र हर्ष राज (22) की पीटकर हत्या करने के मामले में वांछित आरोपितों की तलाश में एसआइटी (विशेष अनुसंधान इकाई) ने बुधवार को पटना यूनिवर्सिटी के पांच हास्टलों में छापेमारी की। एक-एक कमरे की सघन तलाशी ली गई। वहां रह रहे युवकों के पहचानपत्र देखे गए। हालांकि, किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामान अथवा संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला। वहीं, दूसरी तरफ एक फरार आरोपित के रिश्तेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की मानें तो वह आरोपित पटेल छात्रावास में रहता है। मोबाइल स्विचऑफ करने से पहले उसने रिश्तेदार से फोन पर बात की थी। सिटी एसपी (पूर्वी) भारत सोनी ने बताया कि पांच हास्टलों की तलाशी ली गई। हास्टल में ही हर्ष की हत्या की साजिश रची गई थी। सूचना थी कि कुछ आरोपित अब भी विश्वविद्यालय के हास्टलों में छिपे हैं। इस कारण पुलिस ने सर्च आपरेशन चलाया था। हत्याकांड के मुख्य आरोपित सह साजिशकर्ता चंदन यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब मामले में चार्जशीट दायर करने की तैयारी में जुट गई है। एसएसपी राजीव मिश्रा के निर्देश पर सिटी एसपी के नेतृत्व में हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। इस एसआइटी के तहत दो टीमें काम कर रही हैं। एक टीम फरार आरोपितों की धर-पकड़ के लिए सूचना के आधार पर दबिश दे रही है, जबकि दूसरी साक्ष्य संकलन पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, अब तक के साक्ष्य से यह स्पष्ट हो चुका है कि चंदन ने लाइनर की भूमिका अदा की थी। उसने कई बार विधि महाविद्यालय के चक्कर लगाए थे। इसके बाद काल कर बाकी साथियों को बुलाया और वारदात के समय घटनास्थल पर मौजूद था। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस कांड का स्पीडी ट्रायल करा सकती है। सूत्र बताते हैं कि पिछले वर्ष मिलर स्कूल ग्राउंड में डांडिया नाइट्स कार्यक्रम में विवाद के बाद चंदन की पिटाई और एक छात्र का सिर फटने की घटना के बाद से विद्यार्थी दो गुटों में बंट गए थे। सात महीने से चंदन ने गुस्सा पाल कर रखा था, क्योंकि हर्ष कभी अकेले नहीं चलते थे। उसे मालूम हुआ था कि वे परीक्षा देने के लिए अकेले ही ला कालेज जाएंगे। तब उसे जैक्सन हास्टल के एक कमरे में साथियों के साथ बैठक की। इसमें पटेल छात्रावास के कुछ युवक भी शामिल हुए। वे स्टंप, लाठी आदि भी साथ लेकर गए थे। सोमवार की दोपहर ला कालेज में स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा देकर निकले बीएन कालेज हास्टल के छात्र हर्ष राज पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला बोल दिया था। उनकी बेरहमी से पिटाई की थी, जिस कारण पीएमसीएच में उपचार के दौरान हर्ष ने दम तोड़ दिया था। हर्ष वैशाली जिले के लालगंज के रहने वाले थे। वे आगामी पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए हुंकार भरने वाले थे। समाजसेवी के साथ छात्र राजनीति में भी उभर रहे थे। करीबियों से पूछताछ और पिटाई का प्रसारित वीडियो के आधार पर पुलिस ने बिहटा के अम्हारा निवासी चंदन यादव को



गिरफ्तार कर था। पुलिस का दावा है कि उसने हत्याकांड में संलिप्तता स्वीकार करने के साथ आठ साथियों के भी नाम बताए हैं। सिटी एसपी ने बताया कि पांच आरोपितों के नाम और पते का सत्यापन करा लिया गया है। इस हत्याकांड का अनुसंधानकर्ता सुल्तानगंज थानेदार को बनाया गया है। बुधवार को उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट लेने की अर्जी दी गई है। अगर वे पकड़ में नहीं आए तो अगले तीन दिनों में उनके घर की कुर्की की जाएगी। गिरफ्तार चंदन यादव ने कई तरह की जानकारी दी है। उसके बयान का भी सत्यापन कराया जा रहा है।

## फ्रेजर रोड स्थित सूर्या अपार्टमेंट में लगी भीषण आग

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की राजधानी पटना में बुधवार होटल मौर्य के पीछे स्थित सूर्या अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, आग अपार्टमेंट के 9वें फ्लोर के दो फ्लेट में लगी है। आग लगने से घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल है। हादसे की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी हैं। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी हुई हैं। जानकारी के मुताबिक, आग सबसे पहले एक फ्लैट में लगी थी, लेकिन कुछ ही देर में आग की तेज उठती लपटों ने दूसरे फ्लैट को भी अपने आगोश में ले लिया। हालांकि अबतक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस बीच, फायर ब्रिगेड आलाधिकारियों अधिकारियों के साथ लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि आग बुझाने का काम शुरू हो गया है। जल्द ही स्थिति को नियंत्रण पा लिया जाएगा।



# नीतीश कुमार पर भड़के तेजस्वी, इशारों में केके पाठक पर भी किया अटैक

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शेखपुरा के सरकारी स्कूलों में बच्चों के बेहोश होने की घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि बिहार में न तो लोकतंत्र बचा है न ही सरकार। केवल नौकरशाही रह गई है। केके पाठक की तरफ इशारा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि आलम यह है कि मुख्यमंत्री तक की बात नहीं सुनी जाती है। समझ जाइये क्या स्थिति है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री जी इतना कमजोर क्यों हो गए हैं। तापमान 47 डिग्री पर पहुंच गया है। इस हिसाब से जो छोटे बच्चे है उन्हें थोड़ी राहत मिलनी चाहिए, उनकी सुविधा का ध्यान लोगों को देना चाहिए। यह बात तो हर कोई कहेगा कि इस तापमान में बच्चों के लिए स्कूल खोलने की क्या जरूरत पड़ गई। उन्होंने आधारभूत संरचना को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि बिहार में स्कलों की आधारभूत संरचना ऐसी नहीं है कि बच्चे स्कूल जाएंगे और सुरक्षित रहेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा क नौकरशाही किसी की बात नहीं सुन रही बावजूद मुख्यमंत्री कुछ नहीं कर पा रहे हैं। स्पष्ट दिख रहा है कि मुख्यमंत्री को लोगों ने घेर रखा है और इनके हाथ में अब कुछ भी नहीं है। राज्य ब्यूरो, जागरण, पटना : प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रामराज्य की अवधारणा को लेकर एक बार फिर मोदी सरकार को जमकर घेरा है। बुधवार को चुनाव पर निकलने के क्रम में मीडिया से बात कर रहे थे। तेजस्वी यादव ने रामराज्य को लेकर मोदी की नीतियों पर जोरदार प्रहार किया और कहा कि हमारी रामराज्य की अवधारणा में युवाओं को एक करोड़ नौकरी, गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना, गरीबों को दस किलो राशन, सभी धर्मो और वर्गो में आपसी प्रेम, भाईचारा, समता, बंधुत्व और एक समान विकास है। उन्होंने कहा कि रामराज्य वहां है जहां बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, नफरत, महिलाओं का अपमान और शोषण नहीं है, गैर-बराबरी नहीं है।

## फतुहा में ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का ऐलान

**पटना (नि.सं.)।** जिला के फतुहा में वोटिंग से दो दिन पहले सुपनचक गांव के लोगों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। गांव से चार किलोमीटर दूर मतदान केंद्र बनाया गया है। इस वजह से ग्रामीणों में नाराजगी है। इसे लेकर लोगों ने नारेबाजी भी की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत चुनाव के समय प्राथमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाया गया था। परसों यानी 01 जून को लोकसभा चुनाव को लेकर वोटिंग होनी है। जैसे ही हमें पता चला कि गांव में मतदान केंद्र ना बनाकर चार किलोमीटर दूर रसलपुर में बनाया गया है। इसे लेकर गांव वाले स्कूल के पास पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि इतनी दूर जाकर वोटिंग करने में परेशानी होगी। सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं को होगी। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि जब पंचायत चुनाव के समय स्कूल में वोटिंग हो सकती है तो अब 4 किलोमीटर दूर क्यों। इसके लिए सीधे तौर पर जिला प्रशासन जिम्मेदार हैं।

# 521 यात्रियों से वसूला गया 3 लाख से अधिक जुर्माना, मचा हड़कंप

निज संवाददाता



**पटना।** ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की धर-पकड़ के लिए पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को 24 घंटे तक सघन टिकट जांच अभियान चलाकर पूर्व मध्य रेल से खुलने तथा गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों के कुल 268 वातानुकूलित कोचों की जांच की गई। जांच के दौरान अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 521 यात्रियों को जुर्माना के बाद ट्रेन से उतार दिया गया। एसी क्लास में यात्रा करने वाले इन यात्रियों से जुर्माने रूप में तीन लाख 15 हजार रुपये वसूल किए गए। विशेष टिकट जांच अभियान में दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं धनबाद मंडलों के लगभग सभी प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में जांच की गई। टिकट जांच अभियान के दौरान 21,270 यात्री बिना टिकट/उचित प्राधिकार के यात्रा करते हुए पकड़े गए। इन यात्रियों से रिकार्ड 1.54 करोड़ से अधिक का जुर्माना वसूला गया। यह राशि अब तक किसी भी एक दिन में प्राप्त जुर्माने की राशि की तुलना में सर्वाधिक है। चालू वित्त वर्ष के 28 मई तक (01 अप्रैल, 2024 से 28 मई, 2024 तक) टिकट जांच के दौरान पूर्व मध्य रेल में बिना टिकट/अनिमियत यात्रा करते हुए 6.64 लाख लोगों को पकड़ा गया है, जिनसे जुर्माना स्वरूप 43.68 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। चालू वित्त वर्ष में 28 मई तक दानापुर मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1,69,800 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 11.06 करोड़ रुपये वसूल किए गए।

# 4 जून के बाद बिहार में खेला होना तय तेजस्वी के नए बयान ने मचाई खलबली

निज संवाददाता



**पटना।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान का काउंट डाउन शुरू हो गया है। इस बीच गुरुवार को बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन महबूबा हैं बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई। ये तीनों मिलकर मोदी जी को चुनाव हरा रहे हैं। गुरुवार को चुनाव प्रचार पर निकलने से पहले पटना एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि देश में आईएनडीआईए को तीन सौ से अधिक सीटें आने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद मोदी जी की विदाई तय है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा कि चार जून के बाद हमारे चाचा नीतीश जी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं, अपनी पार्टी को बचाने के लिए। सवालिया लहजे में तेजस्वी ने कहा कि कब से हमारे चाचा जी चुनाव प्रचार में नहीं निकले हैं। प्रशासन का काम गवर्नर देख रहे हैं। अधिकारियों को बुलाकर समीक्षा कर रहे हैं। जदयू वाले अपनी सीटों पर लगे हैं और भाजपा के लोग अपनी सीटों पर लगे हैं। उन्होंने कहा ये अंतर ये चीजें दिखा रही हैं कि चार जून के बाद कुछ बड़ा होने जा रहा है। प्रधानमंत्री के कन्या कुमारी में ध्यान को लेकर कहा कि वे ध्यान लगाने नहीं, फोटो खिंचवाने और फिल्म बनवाने जा रहे हैं। पिछली बार गुफा में बैठकर फोटो खिंचवा रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी से आग्रह है कि ध्यान लगाने जा रहे हैं तो ध्यान में बाधा उत्पन्न करने वाली चीजें साथ में न लेकर जाएं। ध्यान बंटाने वाली चीजों से परहेज करें और कैमरे वगैरह पर रोक लगाएं।

## स्पोर्ट्स एक्टिविटी से गुलजार रहेगा जून

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में जून का महीना स्पोर्ट्स एक्टिविटी से गुलजार रहेगा। अगले महीने खेल के कई आयोजन होने वाले हैं। 10 जून से 16 जून तक पहली बार 'बिहार महिला कबड्डी लीग' की शुरुआत हो रही है। इसमें 6 टीम भाग लेगी, जिसका आयोजन पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। वहीं, अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग के लड़कों के लिए फुटबॉल राज्य लीग का फाइनल और पुरस्कार वितरण 2 जून को होगा। बिहार में खेल प्रतिभा को तलाशने के लिए स्कूलों से शुरुआत की जाएगी। इसके साथ ही 28 जून को भारोत्तोलन, एथलेटिक्स और कुश्ती में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा जून महीने में ही मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत आवेदन आमंत्रित करने के लिए, खेल छात्रवृत्ति नीति के तहत आवेदन आमंत्रित करने के लिए और खेल सम्मान समारोह के लिए पोर्टल खोला जाएगा।

# मटन-मछली से लेकर मंगलसूत्र तक लालू यादव रहे बैकस्टेज

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार की राजनीति में इस लोकसभा चुनाव में तेजस्वी ने प्रचार के दौरान जहां मुद्दों की राजनीति कर अपनी अलग ही पहचान बनाई वहीं उन्होंने यह भी साबित कर दिया कि वे लालू प्रसाद की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से परिपक्व और तैयार हो चुके हैं। चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष के बड़े-बड़े धुरंधर मैदान में उतर कर विरोधियों पर हमले बोल रहे थे, वैसे समय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अंगद की तरह सियासत के इस मैदान पर डटकर खड़े रहे और उन्हें उन्हीं की शैली में घेरते दिखे। लालू प्रसाद के स्वास्थ्य की डांवाडोल स्थिति और उनकी जेल की सजा के बीच राष्ट्रीय जनता के भविष्य और उत्तराधिकारी को लेकर बिहार की राजनीति में चर्चा आम बात थी, लेकिन पहले 2020 के विधानसभा चुनाव और इसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में तेजस्वी ने बातें बनाने वाले लोगों की जुबानी बंद कर दी। पूरे चुनाव के दौरान लालू प्रसाद नेपथ्य में रहे, जबकि तेजस्वी यादव ने अकेले अपने हेलीकॉप्टर पर सवार होकर 250 से अधिक चुनावी सभाएं कर बिहार की राजनीति में एक बड़ी लकीर खींच डाली। पूरे चुनाव के दौरान वे रोजगार, नौकरी, महंगाई, बिहार के लिए विशेष पैकेज की मांग उठाकर विरोधियों पर हमलावर रहे तो विरोधियों के मंगलसूत्र, मंदिर-मजिस्द, मछली, मटन, आरक्षण पर भी उन्होंने मुंहतोड़ जवाब दिया। तेजस्वी ने कम समय में अपनी नेतृत्व क्षमता और शैली से बिहार के लोगों को अपना मुरीद बनाने में सफलता प्राप्त की है। बिहार की राजनीति में 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों को तेजस्वी की चुनावी सभाओं, उनकी प्रचार की शैली और उनके खटाखट, फटाफट और सफाचट वाले अंदाज के लिए हमेशा याद रहेगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### गरमी और आगजनी

ताप का असर चहुंओर दिखने लगा है। नौतपा के दिन शुरू हो गए हैं। माना जाता है कि सूर्य इन नौ दिनों में पृथ्वी के सबसे करीब आ जाता है। यह क्रम आगामी 2 जून तक चलेगा, पर जून के महीने में उत्तर भारत में गरमी से राहत की उम्मीद नहीं है। आगजनी की घटनाएं अचानक से बढ़ गई हैं। देश के अनेक शहरों में आगजनी के मामले कई गुना बढ़ गए हैं। इसी कड़ी में गुजरात के राजकोट में शनिवार को बहुत दुखद हादसा हुआ है। एक गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से कई बच्चों समेत 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। आग लगने का कारण जांच में चाहे जो भी सामने आए, पर इसमें मौसमी तापमान की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है। गुजरात सरकार की ओर से मृतकों के परिजन को चार लाख और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा ही पर्याप्त नहीं है, जो लोग दोषी हैं या जिन लोगों ने आग से बचने के पूरे इंतजाम नहीं रखे थे, उनके प्रति कतई नरमी बरतने की जरूरत नहीं है। इधर दिल्ली में भी मुंडका इलाके में शनिवार को एक कार एसेसरीज फैक्टरी में ऐसी भीषण आग लगी कि बचाव कार्य के लिए रोबोट का इस्तेमाल करना पड़ा। फायर ब्रिगेड की 26 गाड़ियां भी मिलकर जल्दी आग नहीं बुझा पाईं। यहां भी आग का कारण तुरंत पता नहीं चला है, पर मौसम का असर साफ है। दरअसल, अनेक ऐसे कारखाने हैं, जहां गरमी के दिनों में भी काम को धीमा नहीं किया जाता है। चूंकि इन दिनों व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, इसलिए तमाम कारखाने दिन-रात काम कर रहे हैं और आगजनी जैसी दुर्घटना की आशंका बढ़ जा रही है। क्या ऐसे कारखानों को कम से कम दिन के समय रोका जा सकता है, जहां आगजनी की आशंका ज्यादा है जहां बचाव के इंतजाम पूरे नहीं हैं, वहां तो विशेष रूप से दिन के समय काम रोक देने में ही भलाई है। ध्यान देने की जरूरत है, आगजनी की घटनाएं नोएडा में भी सामने आई हैं, और बाजारों में भी लोगों को सावधानी से रहना सिखाया जा रहा है। उधर, गुरुवार को ही महाराष्ट्र के डोंबिवली के औद्योगिक क्षेत्र में आग लगने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हो गए। क्या इस रासायनिक कारखाने को भीषण गरमी के समय बिना सुरक्षा इंतजाम के चलाना जरूरी था दरअसल, ऐसे मामलों में दोषियों को पर्याप्त सजा नहीं मिलती है, इसलिए औद्योगिक क्षेत्रों में आगजनी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वास्तव में, भीषण गरमी में आगजनी के इतने ज्यादा मामले हैं कि आप गिनते चले जाएंगे। इसके साथ ही चिंता की बात यह भी है कि बिजली की मांग बहुत बढ़ गई है। बड़े पैमाने पर वातानुकूलित यंत्रों का इस्तेमाल हो रहा है। मिसाल के लिए, दिल्ली में अब बिजली की मांग रिकॉर्ड 8,000 मेगावाट के पार चली जा रही है। नतीजा साफ है, जिस दिन मांग ने रिकॉर्ड तोड़ा, उस दिन राष्ट्रीय राजधानी में आगजनी के अनेक मामले सामने आए। अकेले एक शहर दिल्ली की शिकायतों पर गौर कीजिए, तो मई के पहले 20 दिनों में ही आग लगने की कॉल की संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुनी से अधिक, 2,280 तक पहुंच गई। दिल्ली का अनुभव यह बताता है कि आग लगने के पचास प्रतिशत से ज्यादा मामलों में विद्युत संबंधी गड़बड़ी या कोताही ही जिम्मेदार होती है। अत- यह समय घर-घर सावधानी बरतने का है और प्रशासन को भी चौबीस घंटे सचेत रहना चाहिए।

## निर्णायक क्षण- एक गलती से सदियों को सजा मिलेगी

**(तरुण विजय )**

देश सिर्फ पानी बिजली और सडकों से नहीं बनता। राष्ट्र की आत्मा और चैतन्य होता है। उस चैतन्य को जागृत होते हम देख रहें हैं तो विदेशी शक्तियां बौखला गयीं हैं। हर कीमत पर वे इस चैतन्य यात्रा को रोकना चाहते हैं- स्वार्थी विकृत सोच के भारतीयों की ही मदद से। सही और गलत के मध्य बारीक धागे सा अंतर होता है लेकिन एक सही निर्णय राष्ट्र का निर्माण तो उसी गलत फैसला उस देश के लोगों को सदियों तक सजा देता है। ग़ज़नवी हज़ार मील से भारत आया, सोमनाथ तोड़कर हज़ारों को गुलाम बनाकर हमारी धरती से ले गया- सही निर्णय होता कि सब भेद स्वार्थ भूलकर उसको रोकते, ख़त्म कर देते। ऐसा नहीं हुआ, शताब्दियों तक भारत को दुःख और दासता झेलनी पडी। पानीपत में एक निर्णय गलत हुआ- आपसी समझ और भोजन की जिम्मेदारी के अहंकार ने जीती बाजी हरवा दी। 1947 में सत्ताकामी नेताओं की महत्वाकांक्षाओं ने विभाजन का गलत निर्णय लिया, दस लाख हिन्दू सिखों का नरसंहार हुआ, उसके बाद आज तक हम युद्ध की निरंतर विभीषिका झेल रहें हैं। पटेल की जगह नेहरू को प्रथम प्रधानमंत्री बनाने का गलत निर्णय हुआ, देश ने तुरंत एक लाख पचीस हज़ार वर्ग किलोमीटर भूमि के हाथों खोयी, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सेना के स्थान पर केंद्रीय आरक्षी पुलिस की गश्ते लगवाई। अक्साई चीन खोया। आज उसका दंश और निरंतर युद्ध हम झेल रहे हैं। चुनाव भी केवल कुछ जाने अनजाने, अच्छे या कम अच्छे लोगों को लोकसभा भेजने का उपक्रम नहीं- यह राष्ट्र रक्षा के निमित्त युद्ध ही होता है जिसमें शताब्दियों भविष्य दांव पर लगा होता है। सही शासक राष्ट्र का नवीन निर्माण करते हैं- यदि विदेशी धन और मन वाले क्षुद्र विवेकी गए तो अच्छा खासा साम्राज्य ढहते देर नहीं लगती। देश रक्षा के निर्णायक क्षणों में भी बहुत से लोग कहते देखे गए- मोदी तो ठीक है लेकिन जिनको टिकट दिया गया उनमें बहुत से निकम्मे और संवेदनहीन हैं, या सारे कांग्रेसी भर दिए-

*हमारा क्या, हम अपनी जमींदारी, अपने हित संभाल रहे हैं। मुट्ठी भर अंग्रेज तीस करोड़ भारतीयों पर ढाई सौ वर्ष राज कर गए- इन्ही स्वार्थी कूप मंडूक भारतीयों की सहायता से। इन्हीं भारतीयों ने अपने ही भारतीयों पर विदेशी शासकों के आदेश से जलियांवाला में गोलियां चलाईं और सावरकर जैसे हज़ारों क्रांतिकारियों पर अत्याचार किये। भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव को फांसी देने के फैसले पर पाखंडी मुहर लगाने के लिए लाहौर के अंग्रेज जज को स्थानीय गवाहियां चाहिए थीं- तीन सौ सिख मुस्लिम और सनातनी हिन्दुओं ने गवाहियां दीं।*

अब हम किसको पहचाने वे भूल जाते हैं की युद्ध के समय सेनापति के निर्णय पर बहस नहीं हो सकती- सिर्फ सेनापति को देखो, हर सैनिक में सेनापति की छवि देखो, देश विजयी बनाने के लिए कटिबद्ध होकर जूझो और विजयी होकर निकलो- बस यही एक लक्ष्य होता है। ग़ज़नवी और गोरी हमारे अपने उन पूर्वजों की कमजोरियों और इन्ही स्वार्थों के कारण आए और हमें लूट गए जो कहते थे, हमारा क्या, हम अपनी जमींदारी, अपने हित संभाल रहे हैं। मुट्ठी भर अंग्रेज तीस करोड़ भारतीयों पर ढाई सौ वर्ष राज कर गए- इन्ही स्वार्थी कूप मंडूक भारतीयों की सहायता से। इन्हीं भारतीयों ने अपने ही भारतीयों पर विदेशी शासकों के आदेश से जलियांवाला में गोलियां चलाईं और सावरकर जैसे हज़ारों क्रांतिकारियों पर अत्याचार किये। भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव को फांसी देने के फैसले पर पाखंडी मुहर लगाने के लिए लाहौर के अंग्रेज जज को स्थानीय गवाहियां चाहिए थीं- तीन सौ सिख मुस्लिम और सनातनी हिन्दुओं ने गवाहियां दीं- वे सब भारतीय थे। उनके नाम राष्ट्रीय अभिलेखागार में फाइलों में हैं। सिर्फ राय साहबियत, राय बहादुरी खिताब लेने, साउथ नार्थ ब्लॉक बनाने की ठेकेदारी लेने हमने अपने देश के खिलाफ खड़े होने में लज्जा महसूस नहीं की। मुझे क्या मिलेगा इसी प्रश्न पर हम देश की सदियों को गुलामी और विनाश के अँधेरे में झोंक देने में संकोच नहीं करते। देश सिर्फ पानी बिजली और सडकों से नहीं बनता। राष्ट्र की आत्मा और चैतन्य होता है। उस चैतन्य को जागृत होते हम देख रहें हैं तो विदेशी शक्तियां बौखला गयीं हैं। हर कीमत पर वे इस चैतन्य यात्रा को रोकना चाहते हैं- स्वार्थी विकृत सोच के भारतीयों की ही मदद से। पराक्रमी और विजय की ओर उन्मुख नेतृत्व राष्ट्र निर्माण करता है, मुफ्त पानी, बिजली और लैपटॉप नहीं देता। बलिदानी सैनिकों की स्मृति यदि नागरिकों को सशक्त नेतृत्व निर्माण हेतु प्रेरित नहीं उनको राष्ट्र की किसी भी कल्याण योजना का लाभ उठाने का भी अधिकार नहीं हो सकता। क्या आज का भारत, अपने राष्ट्र के मूल स्वभाव और सभ्यता की रक्षा करने वालों के साथ पराक्रम दिखते हुए खड़ा होगा या ग़ज़नवी को रास्ता देने वालों की तरह केवल अपने लिए मुफ्त बिजली पानी मिलने तक सीमित रहेगा पिछले वर्षों में खालिस्तान का आतंकवाद, कश्मीर से कोयंबटूर तक के जिहादी विस्फोट, हिन्दुओं का हर कदम पर अपमान, हर वर्ष होने वाले दंगे, पाकिस्तानी आतंकवाद, गरीबी का फैलाव, सडकों की जगह गड्ढे। राशन की तरह खुशामद कर करके गैस के सिलिंडर लेने की कवायद, कठिन और बेतरतीब रेल यात्रायें, विदेशों में हमारे प्रति एक तिरस्कार और गरीब-पिछड़े-सबसे भ्रष्ट देश होने की दृष्टि से भारतीयों की ओर देखने वाले विदेशी- क्या यह सब हम भूल गए और इसमें हुआ विराट परिवर्तन हममें कोई उत्साह और जोश पैदा नहीं करता पांच सौ वर्ष तक चले संघर्ष के बाद भी अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करने वाले हिन्दुओं ने अपनी पत्रिकाओं में वहां शौचालय बनाने के सुझाव दिए- इस मानसिकता को पराभूत किसने किया किसने हिन्दू गौरव की पुनःस्थापना की किसने कहा कश्मीर में एक भी सांप और जिहादी चोर को जिन्दा नहीं छोड़ेंगे संघ के स्वयंसेवक और तपस्वी प्रचारक दीखते नहीं लेकिन देश बदल देते हैं। वे हज़ारों गैर काषाय वस्त्र धारी प्रचारक जिन्होंने मां से घर छोड़ते समय आशीर्वाद लेते हुए सिर्फ यही कहा था- भारत माता विजयी हो केवल यही अब जीवन का व्रत है- उनके तप के रंग के खिलने का समय यही है जब भारी मतदान द्वारा राष्ट्र घातक तत्वों को पराभूत करने का दम ख़म दिखाया जाये। उन्ही प्रचारकों में से एक नरेंद्र मोदी ने देश बदला, साहसिक निर्णय लिए और अब आधारभूत ऐसे परिवर्तन करने का समय है जिनसे आगामी सदियों का भारत सदैव के लिए शक्ति पथ पर चलेगा। यह नवीन भारत के लिए एक ऐतिहासिक निर्णायक क्षण है। कभी किसी को ऐसा लिखना न पड़े कि- लम्हों ने खता की थी- सदियों ने सजा पायी। बल्कि हम कहें-लम्हों ने संभाला था- सदियों ने संवारा है।

**(लेखक पूर्व सांसद और वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## बाजार में रह-रहकर तेजी के झोंके

**(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)**

खूब परदा है कि चिलमन से लगे बैठे हैं। साफ छुपते भी नहीं, सामने आते भी नहीं। शेर तो मोहब्बत के मामले में लिखा गया है, मगर एकदम सटीक बैठता है शेयर बाजार पर। और उसमें भी उन लोगों पर, जो इस बाजार में कमाई के इरादे से पहुंचते हैं। नए छोटे निवेशक हों या दसियों साल से घाट-घाट का पानी पी रहे दिग्गज विदेशी संस्थान। हाल सबका एक-सा ही होता है। यही वजह है कि बाजार एक खबर सुनकर आसमान की तरफ भागने लगता है, तो दूसरी खबर या अफवाह भी उसे अचानक धड़ाम से गिरने पर मजबूर कर देती है। चुनाव अंतिम चरण में है और इसी महीने का हाल देख लें, बल्कि पिछले महीने जिस दिन से लोकसभा चुनाव के वोट पड़ने शुरू हुए, उसी दिन से बाजार में सांप-सीढ़ी का खेल तेज हो गया है। बाजार में उतार-चढ़ाव, अनिश्चितता नापने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स 19 अप्रैल को ही अचानक तेजी से ऊपर गया था। हालांकि, उसके दो दिन बाद ही इसमें करीब 15 प्रतिशत की नरमी आ चुकी थी, मगर फिर उसने ऊपर का रुख किया, तो पिछले बुधवार तक यह दोगुने से ऊपर पहुंच चुका था। तरह-तरह की बातें हो रही थीं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक या एफपीआई लगातार बिकवाली में जुटे थे। औसतन हर रोज 1,800 करोड़ रुपये की बिकवाली। खबरें यूं चल रही थीं कि चुनाव में कम मतदान देखकर बाजार घबरा गया है। यह भी कि विदेशी निवेशक सरकार के भविष्य को लेकर घबरा गए हैं और जोखिम नहीं लेना चाहते। हालांकि, साथ ही यह बात भी थी कि चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार के कारण बहुत से विदेशी निवेशक भारत से शेयर बेचकर अब चीन पर दांव लगाने निकल पड़े हैं। फिर भी चुनाव के साथ बाजार का रिश्ता जोड़ा जा रहा था। ऐसे विश्लेषण के साथ-साथ फलौदी का मशहूर सट्टा बाजार भी काम आ रहा था। सट्टे का कारोबार असल में कितना होता है, कोई नहीं जानता, पर सट्टे के नाम पर देश भर में चर्चा खूब होती है। तो यहां बात यह चली कि चुनाव शुरू होने से पहले फलौदी बाजार में भाजपा को जितनी सीटें दी जा रही थीं, वे जबर्दस्त जीत का संकेत देती थीं, मगर तीसरे चरण में आते-आते यह आंकड़ा कम हो गया है और अब बस बहुमत के आसपास का ही भाव लग रहा है। जाहिर है, सट्टा बाजार का इस्तेमाल दांव लगाने से ज्यादा माहौल बनाने के लिए होता है और शेयर बाजार के बारे में तो कहा जाता है कि वहां सब कुछ माहौल या भावनाओं के भरोसे ही चलता है। खासकर रोज का उतार-चढ़ाव। ऐसे में, चुनावी अटकलों का बाजार पर असर पड़ना स्वाभाविक है और वह असर दिख भी रहा था। सबसे ज्यादा अटकलबाजी इसी बात पर हो रही थी कि वोटिंग कम हो रही है और बाजार इसे भाजपा के लिए परेशानी के तौर पर देख रहा है, पर चौथे चरण के बाद चुनाव आयोग ने साफ-साफ कह दिया कि मतदान कम नहीं, ज्यादा है। शेयर बाजार ने यह संकेत पढ़ लिया। उसी दिन बाजार में फिर तेजी का झोंका आया। हालांकि, इसके बाद फिर थोड़ा उतार-चढ़ाव चलता रहा। यहां तक कि अब राजनेताओं के बीच भी बाजार का जिक्र बढ़ गया। पहले गृह मंत्री अमित शाह और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ही सीधे सवाल पूछ लिए गए कि बाजार क्यों नर्वस दिख रहा है अब जो जवाब आए, उनकी शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। गृह मंत्री ने तो एकदम ताल ठोकने वाले अंदाज में कह दिया कि 4 जून से पहले शेयर खरीद लें, क्योंकि उसके बाद बाजार नया रिकॉर्ड बनाएगा। प्रधानमंत्री ने भी कह दिया कि जिस दिन चुनाव नतीजे आएंगे, उसके बाद वाले हफ्ते में शेयर बाजार रिकॉर्ड तोड़ भागेगा। उन्होंने यह भी याद दिला दिया कि जब उनकी सरकार बनी, तब सेंसेक्स 25,000 पर था, जो अब 75,000 को छू रहा है। सरकारी कंपनियों के शेयर जिन्हें लोग हाथ लगाने से डरते थे, वे कैसे आसमान छू रहे हैं मगर इतनी बड़ी बात सुनकर भी लग रहा था कि शायद बाजार को अभी कुछ और चाहिए।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5386

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

### वर्ग पहेली 5386




**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 9 जुलाई 1900 को मध्यप्रदेश के इस पूर्व राज्यपाल व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता ने जन्म लिया था (8)
6. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, बहुत सबेरे समय का घंटा (3)
7. बिहार स्थित विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केंद्र (3)
9. किसी चौपाये के स्तन (2)
12. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
13. अभिलाषा, आरजू, मन्नत (3)
15. नरक निवासी, दो जखी, नारक (4)
17. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
19. उद्यान, वाटिका वर्तमान दौर के एक प्रसिद्ध गीतकार (4)
23. प्रतिष्ठा, इज्जत, कीर्ति, नेमनामी (3)
24. वह जो प्रत्येक कार्य बाएं हाथ से करता हो (4)

**ऊपर से नीचे**

1. विष्णु भगवान का एक नाम जिनके नाम से एक कथा बहुत अधिक प्रचलित है (6)
2. मध्यप्रदेश का एक छोटा शहर जो एक लिंगी से कुछ पहले स्थित है (3)
3. रहस्य, भेद, कोई गूढ बात (2)
4. भय कंपित होना, डर से कांपना, दहलना (5)
5. अतिरिक्त, अधिक, रहित (2)
8. किसी रेखा पर सीधी और खड़ी गिरने वाली रेखा (2)
10. नदी तटवर्ती, तीरवर्ती (3)
11. क्रीडा लक्ष्य प्राप्ति, सफलता, जीत (3)
14. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर लटकाया गया था (4)
16. ख्याति, प्रसिद्धि, यश (2)
18. पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, स्थान, तीर, आब (2)
20. इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप (2)
21. झूमने का भाव (2)
22. अस्तित्व, वजूद, हाथी (2)

### वर्ग पहेली 5385 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | पा | न | | | अ | स | म |
| ब | ल | भ | द्र | | म | न | न |
| जा | ना | | व | न | ज | | क |
| | पो | ष | ण | | द | स्तू | र |
| को | स | | | | अ | प | ना |
| स | ना | थ | | जा | ली | | |
| | | प | ता | | खां | स | ना |
| | व | की | ल | | | भा | ल |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन शुभ है और आज कारोबार में किसी प्रकार का भी रिस्क लेने से आपको लाभ होगा। अगर आप निवेश करने या फिर कहीं जमीन जायदाद का सौदा करने की सोच रहे हैं तो फिर बात को आगे बढ़ाएं। आपके मन में प्रसन्नता रहेगी। इस प्रकार के जोखिम में आपको लाभ और हानि दोनों हो सकते हैं। बिना कुछ खोए पाना भी मुश्किल है।

### वृष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके दूरदर्शी स्वभाव का आपको जबर्दस्त लाभ होगा। आजीविका के क्षेत्र में आपका अनुभव आज अच्छा होगा और आपको कुछ नया हासिल होगा। आज करियर की बात करें तो आपको किसी राइवल फर्म से भी आपको बुलावा आ सकता है। ऑफर के बारे में सोचसमझकर फैसला करें।

### मिथुन

आज आज आपका दिन काफी मेहनत से भरा होगा। आपको उसका फल भी मिलेगा। आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। इस वक्त आपके स्वास्थ्य और मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है। कुछ कर गुजरने के लिए वे सभी हुनर काफी हैं जिनकी आपको जानकारी है।

### तुला

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति होने से पुरानी योजनाएं फिर से आरंभ होंगी। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे काम पूरे करने की सोचें। कार्यक्रम में परिवर्तन करना ठीक नहीं होगा। कोई जरूरी मीटिंग्स या सेमिनार भी इस बीच आ सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आपके लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है और आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। आपके कार्यस्थल पर आपको कुछ धन का निवेश अधिक करना पड़ सकता है। कुछ और पैसा इनवेस्ट करने से स्थितियां नियंत्रण में आ सकती है और बेहतर लाभ हो सकता है।

### धनु

आज का दिन करियर के मामले में सकारात्मक परिणाम देने वाला होगा। पहले लिए गए किसी निर्णय के परिणाम आपके हित में आ सकते हैं। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। चलते फिरते समय कुछ सावधानी जरूरी है। महत्वपूर्ण सामान की भी रक्षा करनी चाहिए। आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### कर्क

आज लाभ होगा और आपके ऑफिस के वातावरण में कुछ सुधार होगा। आपका काम करने का मन करेगा और सफलता प्राप्त होगी। आपका स्वास्थ्य भी बेहतर होता जाएगा। यदि आपका धन किसी योजना या सही इन्वेस्टमेन्ट पर खर्च हो रहा है तो बेहतर है वरना फिलहाल आप धन को वहीं सुरक्षित रखें जहां पर है।

### सिंह

आज का दिन करियर के मामले में परेशानी वाला हो सकता है। आज कोई रिस्क लेने की जरूरत है। आज आपको सामान्य रूप से और रूटीन के अनुसार काम करने पर सफलता प्राप्त होगी। यदि आप किसी करियर से संबंधित प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं तो उसके लिए सभी पक्ष विपक्ष का विचार कर लें। आज के दिन आपको धन की प्राप्ति होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### कन्या

आज का दिन मानसिक परेशानी और थकान वाला हो सकता है। बुरे लोगों की संगत से दूर रहें। आपको अपने मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है। आज आपको पैसों के मामले में किसी प्रकार का रिस्क लेने की जरूरत नहीं है।

### मकर

आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने के शुभ योग बन रहे हैं। किसी विवाह योग्य सदस्य के लिए रिश्ते की बात आज हो सकती है। घर में आदर सत्कार से आपको लाभ होगा। साज सज्जा तथा साफ सफाई का भी ध्यान रखें तो आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा।

### कुंभ

आज मित्रों के साथ किसी कारण से तनाव हो सकता है। आपको जहां राहत मिलेगी वहां एक उपयोगी व्यक्ति भी आपको सही सलाह देगा। आज आपके जीवन में शुभ समाचार आएगा और आपके पूरे घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आज करियर के मामले में आपको लाभ होगा और आपके नए शुभ अवसर आ सकते हैं।

### मीन

आज करियर के मामले में दिन काफी भागदौड़ वाला रहेगा। आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरुचि रहेगी। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। आपको परेशानी हो सकती है। फिर भी अपने को संतुलित करने में देर न करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### नीलांचल एक्सप्रेस से सीआरपीएफ एएसआई की सर्टिफिकेट चोरी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सीआरपीएफ के एएसआई के कुमार की बैग टाटानगर आने के दौरान आनंद विहार पुरी नीलांचल एक्सप्रेस से चोरी हो गई। घटना मंगलवार को कोडरमा स्टेशन के पास ट्रेन के जेनरल कोच की है। सीआरपीएफ के एएसआई ने टाटानगर रेल थाना में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जीआरपी को बताया बैग में अन्य सामान के साथ बीएससी और डिप्लोमा डिग्री का सर्टिफिकेट भी था। इससे रेल पुलिस ने केस दर्ज कर एफआईआर को कार्रवाई के लिए कोडरमा जीआरपी में भेजा है ताकि सर्टिफिकेट बरामद हो सके।

### तीन लोक सभा क्षेत्रों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान संपन्न

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड के तीन लोक सभा क्षेत्रों दुमका, साहेबगंज और गोड्डा के लिए पोस्टल बैलेट से जमशेदपुर में बुधवार की शाम मतदान संपन्न हो गया है। तीनों लोक सभा क्षेत्र मिलाकर 454 मतदाता थे। इनमें पुलिस कर्मी के अलावा अन्य सेवाओं के साथ आवश्यक सेवा में लगे कर्मचारी शामिल हैं। इनके लिए दो सुविधा केन्द्र खोले गए थे। इनमें से एक धालभूम अनुमंडल कार्यालय जबकि दूसरा आइटीडीए ऑफिस में खोला गया था। आइटीडीए ऑफिस में मतदाताओं की संख्या मात्र छह थी। इनमें से चार ने मतदान किये थे। दूसरी ओर, 448 मतदाताओं में से 343 ने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया।

### टाटानगर स्टेशन पर अधेड़ महिला की मौत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** गर्मी के कारण लोग लू की चपेट में आकर दम तोड़ रहे हैं। बुधवार शाम करीब 4 बजे टाटानगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो-तीन पर बुधवार अधेड़ महिला ने दम तोड़ दिया। स्टॉल संचालक की सूचना पर स्टेशन ड्यूटी रेलकर्मियों ने रेलवे अस्पताल से डॉक्टर बुलाया था, जिन्होंने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है लेकिन लू लगने से ही मौत की आशंका जताई जा रही है। रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेजा है ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके। दूसरी ओर आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में बिजली कार्यालय के निकट भी एक वृद्ध ने महिला बेहोश होकर सड़क पर गिरकर दम तोड़ दिया।


### एसएनएमएमसीएच में बच्ची की मौत पर ली जानकारी

**धनबाद, एजेंसी।** एसएनएमएमसीएच में दो वर्षीया बच्ची दिव्या कुमारी सहित तीन की मौत पर सीडब्लूसी के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए वार्ड के एचओडी डॉक्टर अविनाश कुमार से फोन पर बात कर जानकारी ली। साथ ही इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन से लिखित में रिपोर्ट मांगी है। जानकारी लेने पर डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि दिव्या कुमारी को दो माह से सांस लेने में परेशानी हो रही थी। बच्ची की स्थिति काफी गंभीर थी। कीमोथोरेक्स बीमारी से पीड़ित थी। परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। रांची के रिम्स ले जाने की बात कही गई थी, लेकिन परिजन उसे लेकर नहीं गए। इसके अलावा दूसरा बच्चा प्रीमेच्यूर था और वह बीमारी से पीड़ित था। ऐसे में 32-35 प्रतिशत ही किसी बच्चे के बचने की संभावना रहती है।

### यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**रांची, एजेंसी।** चुटिया की रहने वाली एक विवाहिता को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सूरज कुमार साहू को गिरफ्तार कर बुधवार को भेजा जेल दिया है। मामले में विवाहिता ने आरोपी के खिलाफ चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में विवाहिता ने आरोप लगाया कि शादी का दबाव बनाने के बाद सूरज ने बीते छह मई को उसके घर पहुंचा और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए मारपीट की। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि वह एक संस्था में काम करती है। इसी दौरान सूरज के साथ उसकी जान-पहचान हुई। सूरज उसके घर आने-जाने लगा। इसी बीच एक रात वह उसके घर में रुक गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने पर उसने शादी का झांसा दिया। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने इंकार कर दिया।

# कहीं उड़ रहे फ्यूज, कहीं जल रहा ट्रांसफॉर्मर, रांची में घंटों पावर कट से जनता परेशान




**रांची, एजेंसी।** राजधानी में हीट वेव का कहर जारी है। भीषण गर्मी के कारण राजधानी में अलग-अलग क्षेत्रों में फ्यूज उड़ने, ट्रांसफार्मर जलने, जंफर उड़ने समेत अन्य समस्याएं दिनभर जारी रहीं। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से गर्मी के बीच उपभोक्ता त्राहि-त्राहि कर उठे।

दिन में जहां चिलचिलाती धूप ने लोगों को परेशान किया, वहीं रात होते ही उमस भरी गर्मी सताती रही। ओवरलोडिंग होने के कारण शहर के अधिकांश क्षेत्रों में फ्यूज उड़ने की शिकायत सामने आई।

मंगलवार की रात एचईसी सेक्टर -2 दिल्ली मार्केट कैंटीन एरिया के 28 क्वार्टर में घंटों बिजली नही रही। मधुकम फीडर दो दिनों से लोग परेशान हैं।पांच मिनट बिजली आने के बाद आधे घंटे तक फिर बिजली गायब रही। कोकर सरना टोली और तिरिल समेत पूरे क्षेत्र में रेगुलर पावर कट होता रहा। यह हाल मंगलवार से जारी है। बुधवार को भी घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा बहुबाजार, बरियातू चेशायर होम रोड, रातू रोड पिस्का मोड, खेलगांव, चुटिया, बूटी मोड, डोरंडा, हरमू आदि इलाकों में लोकल फाल्ट के कारण बिजली आती-जाती रही।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि शहर में हर कोई एसी पर निर्भर हो रहा है। एक पंखा से लोग इस गर्मी में नहीं रह पा रहे हैं। हर कोई पंखा हटाकर डेढ़-डेढ़ टन के एसी अपने घरों में लगा रहे हैं। इसकी जानकारी विभाग को नहीं मिलती। ट्रांसफार्मर में लोड अधिक बढ़ रहा है और इससे फ्यूज, जंफर उड़ने व आग लगने के मामले बढ़ गए हैं। कोकर सब स्टेशन में बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से लोवाडीह क्षेत्र में पांच घंटे तक बिजली गुल रही। जिससे लोग शाम के 4 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक परेशान रहे। यहीं हाल शहर के दूसरे क्षेत्रों में भी देखने को मिला है।

हीटवेव के कहर ने बिजली विभाग की नींद उड़ा दी है। हीट वेव के कारण नामकुम ग्रिड में ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए विभाग द्वारा कूलर लगाए गए हैं। वहीं टाटीसिलवे सब स्टेशन में अर्थिंग पर पानी डालकर वोल्टेज बढ़ाने का काम जारी है। यह हाल हर सब स्टेशन में बनी रही है।

तेनुघाट दोपहर में किया ट्रिप हिट वेव के कारण तेनुघाट के थर्मल पावर प्लांट दोपहर एक बजे ट्रिप कर गया। जिसके कारण आधे शहर में बिजली का संकट जारी रहा। इसके बाद आनन-फानन में थर्मल प्लांट का दोबारा चालू कराया गया। तब जाकर शहर में पूरी बिजली मिल पाई।राजधानी में मांग के अनुसार बुधवार को 330 मेगावाट बिजली दी गई है। वहीं पूरे जिले में 361 मेगावाट बिजली सप्लाई हुई। इसके बाद भी शहर में बिजली कट की समस्या जारी रही।लोकल फॉल्ट के कारण हर क्षेत्र में दिनभर ट्रांसफार्मर में खराबी आती रही। उसे ठीक करने में बिजली विभाग को पसीना छूट गया। वहीं अधिकारियों को दिनभर उपभोक्ता के फोन पर बिजली से संबंधित जानकारी देते नजर आए।

## टाटानगर स्टेशन पर लगेंगे छह वाटर कूलर मशीन



**जमशेदपुर, एजेंसी।** झटाटानगर स्टेशन पर जल्द छह नई वाटर कूलर मशीन लगेगी, जो रेलवे को विभिन्न सामाजिक संस्था उपलब्ध करा रही है। रेलकर्मियों ने वाटर कूलर मशीन लगाने के लिए स्थल भी चिन्हित किया है। इससे प्लेटफार्म के पूर्वी-पश्चिम क्षोर के अलावा बर्मामाइंस गेट व टिकट केंद्र में वाटर कूलर मशीन लगाने की तैयारी है। बर्मामाइंस गेट पर दो वाटर कूलर मशीन लगाने की तैयारी है। हालांकि यात्रियों को ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए 13 वाटर कूलर मशीन पहले से हैं लेकिन रेलवे के 183 नल से दोपहर में गर्म पानी आने से यात्रियों को दिक्कत होती है।

## फर्जी इंस्पेक्टर बन कई लड़कियों के साथ किया रेप , शादी में खुली असलम की पोल, कोर्ट ने दी बड़ी सजा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में असलम नाम का एक शख्स फर्जी इंस्पेक्टर बन बैठा। वह नाम बदल-बदल कर कई शहरों में घूमता रहा। इस दौरान उसने न जाने कितनों को ठगी का शिकार बनाया। हैरानी की बात तो यह है कि वह इंस्पेक्टर की वर्दी में ही रहता था। पुलिस जांच में सामने आया कि असलम ने कई नाबालिग लड़कियों और महिलाओं के साथ रेप किया। पुलिस के नाम पर डर कर ये लड़कियां सामने नहीं आईं। लेकिन हैवान की पोल एक दिन खुल गई। दरअसल, एक 16 साल की लड़की के साथ उसने कई बार दुष्कर्म किया। बाद में उससे शादी करने की बात कहने लगा। पीड़िता के माता-पिता तैयार हो गए। लेकिन शादी में कुछ ऐसा हुआ जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। अब आरोपी असलम को कोर्ट ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है।

पॉक्सो स्पेशल देवेश कुमार त्रिपाठी की कोर्ट ने मंगलवार को फर्जी इंस्पेक्टर बनकर 16 साल की नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी संजय कसेरा उर्फ राज सोरेन उर्फ असलम खान उर्फ फिरोज उर्फ मोहम्मद खान को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मुजरिम पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सरकार की ओर से कोर्ट में अभियोजन का पक्ष रखने वाले विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार ने यह जानकारी दी।

विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि दोषी असलम धनबाद जिले के भूली का मूल निवासी है। जो धर्म, नाम व पहचान बदलकर संजय कसेरा के नाम से चास में ठिकाना बनाए हुए था। लोगों को बैंक लोन दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाने में जुटा था। इसी कड़ी में हरला थाना क्षेत्र की 16 साल की पीड़िता के पिता से सेक्टर चार स्थित बैंक में संपर्क हुआ।

असलम आर्थिक बदहाली को ढाल बनाते हुए घर तक पहुंच गया। जहां उसकी नजर 16 वर्षीय पीड़िता पर पड़ी। वह लगातार घर आना-जाना शुरू किया। घर आता तो इंस्पेक्टर की वर्दी में आता था। उसने पीड़िता के घर व आसपास मोहल्ले में खुद को इंस्पेक्टर के रूप में स्थापित किया। इस क्रम में पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया। आर्थिक बदहाली व पुलिस होने के भय के कारण परिजन भी खामोश हो गए।

## हेमंत सोरेन को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने बढ़ा दी न्यायिक हिरासत, अब इस दिन होगी सुनवाई

**रांची, एजेंसी।** कथित जमीन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई है। पीएमएलए कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में शामिल राज्य के पूर्व सीएम समेत आठ लोगों की न्यायिक हिरासत अवधि दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी है।



### अब इस दिन होगी सुनवाई

जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन एवं बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरसाद अख्तर की न्यायिक हिरासत अवधि 2 सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। अगली पेशी 13 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जाएगी। बता दें कि हेमंत सोरेन 1 फरवरी से न्यायिक हिरासत में हैं।

### हाईकोर्ट ने मांगा है ईडी से जवाब

झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष हेमंत सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं। सिब्बल ने कहा कि सोरेन को बिना किसी सबूत के मामले में फंसाया गया है। अदालत ने ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी। सोरेन पर राज्य की राजधानी रांची के बार्गेन में एक भूखंड के लिए भूमि दस्तावेज से छेड़छाड़ में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने 31 जनवरी को अपनी गिरफ्तारी से पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और अब वह राज्य की राजधानी रांची के होटवार में स्थित बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं।

## पांच जून से बंगाल में होगी मानसून की दमदार एंट्री, झारखंड में भी दिखेगा इसका असर



**धनबाद, एजेंसी।** जिले में मानसून आने में अभी देरी है। धनबाद की धरती तप रही है। सुबह सात बजे से ही उमस भरी गर्मी का एहसास होने लग रहा है, जबकि सुबह के दस बजे के बाद तो आलम यह है कि शरीर से पसीना ही नहीं सूख रहा है। स्थिति ऐसी है कि गर्मी से लोग बेहाल हैं।

मौसम केंद्र रांची की मानें तो गुरूवार को धनबाद का अधिकतम तापमान 41 डिग्री के ऊपर जा सकता है। फिलहाल दिन के 11 बजे तक यहां का पारा 38 डिग्री के आसपास था। दोपहर तीन बजे तक तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी। वहीं हवाओं की रफ्तार दस किलो मीटर प्रतिघंटा के आसपास रही।

सुबह के दस बजे के बाद से ही बाजारों में लोग कम दिख रहे हैं। राजमर्रा के काम से निकलने वाले लोग घरों से बाहर तो निकले हैं, लेकिन गर्मी के कारण उन्हें भी परेशानी हो रही है।

आम दिनों में जहां कोर्ट रोड में लोगों की अत्याधिक भीड़ रहती थी, यहां भी लोग कम ही दिखे। इसी प्रकार से बात हिरापुर अथवा बरटांड की करें तो आम जन घरों से कम ही निकल रहे हैं।

बादलों की ट्रैकिंग करने वाले डा. एसपी यादव ने बताया कि इस बार मानसून समय से भारत आ रहा है। एक जून को मानसून केरल में प्रवेश करेगा और पांच जून तक बंगाल आने की संभावना है।

अगर बंगाल में बारिश होती है तो इसका असर धनबाद में भी दिखने को मिलेगा। यहां फुहारें बरस सकती हैं। उन्होंने बताया कि आसमान में बादलों का आना-जाना लगा हुआ है।

## मुझे देवर ने बेघर किया है, झारखंड आंदोलन में निसंदेह शिबू सोरेन की बड़ी भूमिका रही -सीता सोरेन

**रांची, एजेंसी।** पाला बदल कर गुरुजी की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा में आ गई हैं। उपराजधानी दुमका से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव भी लड़ रही हैं। वैसे ससुर शिबू सोरेन के प्रति सीता का रुख नरम है। वहीं देवर-देवरानी के प्रति वे लगातार हमलावर हैं। शिबू सोरेन को लेकर सीता के रुख में नरमी का आलम यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर भी सीता सोरेन अपने ससुर के प्रति सॉफ्ट दिखीं। झारखंड आंदोलन में शिबू सोरेन के योगदान को संबोधन के दौरान याद किया। वहीं देवर के प्रति आक्रामक रुख दिखाते हुए कहा कि झारखंड के लुटेरे हैं। देवरानी की सियासी सक्रियता पर भी सवाल उठाया। कहा कि उन्हें उनके देवर ने बेघर किया है। झारखंड आंदोलन में निसंदेह शिबू सोरेन की बड़ी भूमिका रही है।




**भाजपा का क्या रुख :** भाजपा में रहते हुए सीता इस बात का जिक्र कर रही हैं, तो यह रुख भाजपा के लाइन से अलग है। भाजपा का मानना है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को अलग राज्य बनाया और भाजपा ही झारखंड को संवारेगी। शिबू सोरेन को लेकर सीता के रुख पर संताल परगना की सियासत की समझने रखने वालों ने बातचीत में कहा कि इसके राजनीतिक मायने हैं। सीता परिवार के अंदर अपने हक के लिए लड़ रही हैं। ऐसे में ससुर के प्रति रुख में नरमी स्वाभाविक हैं। इतना ही नहीं सीता सोरेन के रुख पर भाजपा के अंदर भी कोई इफ-बट नहीं है।

**सीता के लिए क्या चुनौती :** जानकारों की मानें तो उपराजधानी की सीट ऐसी है कि जहां भाजपा और झामुमो के बीच करीबी मुकाबला होता रहा है। दुमका सीट जीतना है, तो इसके लिए सीता सोरेन को झामुमो के वोट बैंक में सेंधमारी करनी होगी। जब-जब भाजपा जीती दुमका में संताल वोटरों में भाजपा ने सेंधमारी की। यह काम पहले बाबूलाल मरांडी कर चुके हैं। सुनील सोरेन ने भी किए हैं। अब बारी सीता की है।

स्थानीय लोग कहते हैं कि आदिवासी और मुस्लिम मतदाताओं का रूझान झामुमो के पक्ष में रहता है। मुस्लिम वोटरों में सेंधमारी सीता के लिए संभव नहीं है। ऐसे में आदिवासी मतदाताओं में संभावना बचती है। ससुर शिबू के प्रति नरमी और सम्मान के सहारे सीता आदिवासी मतदाताओं में हिस्सेदारी की कवायद कर रही हैं। देवर हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद देवरानी कल्पना सोरेन की सियासी सक्रियता भी सीता के लिए चुनौती है। पाला बदलने के बाद सीता सोरेन को पार्टी और परिवार दोनों साधना पड़ रहा है।



## शिव मंदिर के सामने मारवाड़ी समाज ने किया भोजन वितरण

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मारवाड़ी समाज द्वारा सोमवार को समाजसेवी स्वर्गीय विनोद कुमार अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनकी याद में साकची बाजार श्री शिवमंदिर के सामने आम लोगों के बीच प्रसाद (भोजन हलवा, पुलाव, पुड़ी, सब्जी, छछ एवं आम का पानी) का वितरण किया गया। इसका आयोजन स्वर्गीय विनोद अग्रवाल के पुत्र लालचंद एवं बबलू अग्रवाल द्वारा किया गया था। जिसमें तीन हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मारवाड़ी समाज के गणमान्य क्रमशः ओम प्रकाश रिंगसिया, सुभाष शाह, महाबीर प्रसाद मोदी, उमेश शाह, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, पंकज छावछरिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मोहित शाह, सन्नी संघी, यस अग्रवाल, अमन अग्रवाल, मोहित मूनका, नरेश सिंघानिया, कैलाश छावछरिया, गिरिधारी लाल खेमका, प्रदीप केडिया, रजनी बंसल,ज्योति अग्रवाल, केसर छावछरिया, राखी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मनीषा संघी, सुनीता केडिया, पायल अग्रवाल, निभा मोदी आदि शामिल होकर अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया।

## कोकदोरो प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टुर्नामेंट के फाइनल में नेवरी

**रांची, एजेंसी।** चौबे खटंगा मैदान में यूथ क्लब कोकदोरो के तत्वावधान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच एचपी क्लब सुकुरहुट्टू और नेवरी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। दूधिया रोशनी में आयोजित इस रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट धूमधाम से हो गया। जिसमें टॉस जीतकर एचपी क्लब सुकुरहुट्टू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 62 रन बनाया। वहीं, नेवरी क्रिकेट क्लब 7 ओवर 3 गेंद में 5 विकेट खोकर बेहद रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर ली। नेवरी की ओर से काली ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। इस दौरान मुख्य अतिथि डीआइजी कार्मिक नौशाद आलम, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य मजीद अंसारी, यूथ कांग्रेस के जमील अख्तर, समाजसेवी आलोक चौबे, सेक्रेट्री तबारक हुसैन, नौजवान कमेटी के सदर अफरोज आलम, मुखिया उज्जवल पहान मौजूद रहे। इसमें विजेता टीम नेवरी क्रिकेट क्लब को 55 हजार रुपए नकद राशि व ट्राफी, उपविजेता टीम एचपी क्लब सुकुरहुट्टू को 29 हजार रुपए के साथ रनर ट्राफी, तीसरे स्थान पर ओयना की टीम को 18 हजार रुपए व चौथे स्थान पर बालू की टीम को 11 हजार रुपए नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

# आवारा पशुओं को पकड़ने में जुटा नगर निगम

**धनबाद, एजेंसी।** सांड़ के हमले में महिला की मौत के बाद धनबाद नगर निगम पूरे मामले को लेकर गंभीर हुआ है। धनबाद नगर निगम में बुधवार को नगर आयुक्त सह प्रशासक रविराज शर्मा की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में आवारा पशुओं को पकड़ने का निर्णय लिया गया। बाजार बंद होने के बाद बुधवार की आधी रात से ही नगर निगम की एजेंसी ने अभियान शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि गोवंश गाय, बैल, सांड को आवारा रूप से सड़कों पर छोड़ने के लिए संबंधित गोपालकों को चिह्नित कर जुर्माना लगाया लगाने का निर्देश दिया गया है। बताते चलें कि आपके लोकप्रिय अखबार हिन्दुस्तान की ओर से लगातार आवारा पशुओं के मामले को उठाया जा रहा है।



नगर आयुक्त ने कहा कि धनबाद नगर निगम के क्षेत्र में पकड़े गए आवारा गोवंशों को रखने के लिए गंगा गोशाला कतरास के प्रतिनिधियों ने सहमति दी। गंगा गोशाला कतरास में आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। गोशाला प्रतिनिधि ने आवारा सांड़ के लिए अलग बाड़े का इंतजाम करने का अनुरोध किया। इसपर नगर आयुक्त धनबाद ने स्वीकृति प्रदान की। गंगा गोशाला कतरास में आवारा सांड़ के लिए अलग बाड़े की व्यवस्था के लिए कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को इस्टीमेट बनाने का निर्देश दिया गया। एसडीओ उदय रजक समेत अन्य पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भी अपनी बातें रखीं।सांड़ के लिए गंगा गोशाला में बनेंगे अलग कमरे- गंगा गोशाला के महासचिव महेश अग्रवाल ने कहा कि कतरास-करकेंद गोशाला में सांड़ को रखने के लिए दो हजार स्क्वॉयर फीट जगह पर आठ फीट बाय 12 फीट का कमरा अलग-अलग बनाकर देने का आश्वासन नगर आयुक्त से मिला है। फिलहाल एक महीना के खाने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान पशु आहार के रूप में कुट्टी-बिचाली खाने की आदत साड़ को हो जाएगी।शहरवासियों में भय का माहौल- नगर निगम के प्रमुख बाजार और मुहल्ले में आवारा पशुओं, सांड, मवेशी इधर-उधर घूमते रहते हैं। उनकी हिंसक गतिविधियों के कारण आए दिन स्थानीय लोगों एवं राहगीरों के चोटिल होने व अधिक घायल के बाद मृत होने की सूचना प्राप्त हो रही है।

### इस्लामिक स्टेट ने न्यूयॉर्क में

# भारत-पाकिस्तान क्रिकेट विश्व कप मैच को लेकर दी धमकी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अगले महीने न्यूयॉर्क में होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप क्रिकेट मैच के खिलाफ एक धमकी जारी की है। इसके बाद यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, जिसमें कानून प्रवर्तन की मौजूदगी बढ़ाना, निगरानी और गहन जांच प्रक्रिया शामिल है।

न्यूयॉर्क शहर की सीमा पर स्थित नासाउ काउंटी के प्रमुख ब्रूस ब्लेकमैन ने कहा, हम हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम सभी सावधानियां बरत रहे हैं। उन्होंने कहा, हम हर धमकी को गंभीरता से लेते हैं। हर खतरे के लिए एक ही प्रक्रिया है। हम खतरों को कभी कम नहीं आंकते। हम अपने सभी सुरागों का पता लगाते हैं।

इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन को आईएसआईएस के नाम से जाना जाता है। इसने ब्रिटिश चैट साइट पर क्रिकेट स्टेडियम की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके ऊपर ड्रोन उड़ रहे थे, जिस पर भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख 9/06/2024 लिखी हुई थी। पोस्ट का स्क्रीनशॉट एनबीसी न्यूयॉर्क टीवी की एक समाचार रिपोर्ट पर प्रसारित किया गया। न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने आईएसआईएस पोस्ट को कोई ख़ास तवज्जो नहीं दी और इसे कम करके आंका। हालांकि उन्होंने कहा कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।




सुरक्षा उपायों को बढ़ा रहे हैं और किसी भी स्थिति के लिए संसाधन जुटा रहे हैं। होचुल ने कहा, हालांकि इस समय कोई सार्वजनिक सुरक्षा खतरा नहीं है, हम स्थिति पर बारीकी से नज़र रखना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, मेरा प्रशासन संघीय कानून प्रवर्तन और नासाउ काउंटी के साथ महीनों से काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यूयॉर्क के लोग और यहां आने वाले लोग सुरक्षित रहें। नासाऊ काउंटी के पुलिस आयुक्त पैट्रिक राइडर ने कहा कि अभी तक, कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, लेकिन उनका विभाग स्थिति पर नजर रखे हुए है। क्रिकेट स्टेडियम की क्षमता 30,000 है। यह विशेष रूप से टूर्नामेंट के लिए बनाया गया है। टी20 वर्ल्ड कप 1 जून को भारत और बांग्लादेश के बीच एक प्रदर्शनी मैच के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 3 जून से नियमित टूर्नामेंट मैच शुरू होंगे। विश्व कप आयोजन के लिए सुरक्षा की तैयारियां नासाऊ काउंटी द्वारा अब तक की सबसे बड़ी तैयारियां हैं और इसे अमेरिकन प्रेसिडेंशियल डिबेट के बराबर माना जा रहा है। ब्रिटिश अखबार ने सबसे पहले इस खतरे के बारे में बताया। उसने कहा कि ऐसा ही खतरा यूरोप में खेल आयोजनों के खिलाफ भी था। इसने कहा कि आईएसआईएस के फ़ॉलोअर्स को क्रिकेट विश्व कप सहित प्रमुख आयोजनों को निशाना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ब्रिटिश वेबसाइट मैट्रिक्स पर पोस्ट किए गए चैट ग्रुप पर एक्सप्रेस ने कहा, फोरम पर इस बात पर भी चर्चा हुई कि आतंकवादी समूह को यूरोप में प्रमुख खेल आयोजनों में नागरिकों की हत्या करने के लिए विस्फोटकों से लदे ड्रोन का उपयोग कैसे करना चाहिए। स्टेडियम की धमकियों को साझा करने वाले चैट रूम के सदस्यों ने एके 47 राइफल से फायरिंग सहित अपने आतंकी कौशल बताए, और पाउंड स्टर्लिंग में धनराशि पर चर्चा की, जिससे पता चलता है कि इसके कुछ लोग ब्रिटेन में हो सकते हैं।



## विराट कोहली मानसिक रूप से बहुत मजबूत हैं : शेन वॉटसन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन का मानना है कि भारतीय क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली और एमएस धोनी उनके लंबे खेल करियर में सबसे मानसिक रूप से मजबूत खिलाड़ी हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज कोहली हाल ही में आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 741 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने और अब वे एक जून से शुरू होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे।

नई किताब द विनर्स माइंडसेट के मौके पर वॉटसन ने कहा, जिन लोगों के साथ मैंने एक-एक करके काम किया है, मैं खास तौर पर नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे बस इतना पता है कि जिन उच्च गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ मैंने काम किया है जैसे कि दिल्ली कैपिटल्स में, मैंने जो चीजें देखी हैं, वे हैं एक, हर खेल में आत्मविश्वास के साथ उतरने की उनकी क्षमता और यह जानना कि उनका सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसा दिखता है, इसलिए वे हर बार उसी के अनुसार आगे बढ़ते हैं।

उन्होंने कहा, फिर जिस तरह से वे किसी प्रदर्शन की समीक्षा करते हैं, खासकर जब यह बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं होता है - वे कैसे समीक्षा करते हैं और फिर अपना ध्यान इस बात पर केंद्रित करते हैं कि उन्हें अगले गेम से पहले या उसके दौरान क्या करना है ताकि वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें या खुद को अच्छा प्रदर्शन करने का बेहतर मौका दे सकें। तो, मेरे लिए दो लोग सबसे अलग हैं, क्योंकि मैंने इन दोनों के साथ खेला है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा, एक विराट कोहली हैं, जो मानसिक रूप से बहुत मजबूत हैं। वह पूरी तरह से समझते हैं कि खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसे लाया जाए, जो कि लड़ाई में शामिल होना है, एक युद्ध के खिलाफ अपनी पीठ थपथपाना है, जहां या तो आप या मैं हैं, और वह हर खेल के हर पल में पूरी तरह से शामिल रहते हैं। वह लगभग हर खेल में जो तीव्रता लाते हैं, वह अलौकिक है।

उन्होंने कहा, वास्तव में केवल कुछ अन्य लोग हैं जिनके साथ मैंने खेला है या जिनके खिलाफ खेला है, जिनके पास हर खेल के हर पल में लगातार तीव्रता थी। इसलिए विराट के बारे में यह कुछ ऐसा है, जिसे हमने इस आईपीएल में देखा है कि वह कितने व्यस्त हैं। यही कारण है कि वह इतने लंबे समय तक ऐसे उच्च प्रदर्शन को बनाए रखने में सक्षम है।

दूसरी ओर, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज धोनी ने हाल ही में समाप्त हुए टूर्नामेंट में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 14 पारियों में 161 रन बनाए जिसमें 14 चौके और 13 छक्के लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना शामिल है। लेकिन फिर आप दूसरी तरफ एमएस धोनी को पाते हैं, जो विराट से उस तीव्रता के विपरीत है। उसे अपनी तीव्रता के स्तर के साथ 10 में से नौ की तरह होने की जरूरत नहीं है; उसे लगभग छह पर होने की जरूरत है। लेकिन उसे उस तरह की रहने की जरूरत है जहां वह अभी भी पूरी तरह से व्यस्त है और अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा कर रहा है क्योंकि यह पहले से कहीं ज्यादा अच्छा है।

वॉटसन ने कहा, 42 साल की उम्र में भी वह अभी भी जानता है कि अपने दिमाग को कैसे शांत रखना है ताकि वह अपने उन कौशलों तक पहुंच सके। इसलिए एमएस धोनी, सूचना और अपने आस-पास की दुनिया की उनकी समझ, उसे वास्तव में सरल अवधारणाओं में तोड़ने में सक्षम होना उनकी महाशक्तियों में से एक है। यही कारण है कि वह इतने सफल नेता बनने में सक्षम हैं क्योंकि वह जानते हैं कि खिलाड़ियों को सही समय पर कैसे पुनर्निर्देशित किया जाए - चाहे वह खेल में हो या खेल की अगुवाई में। लेकिन फिर यह उनके लिए खुद के लिए भी ऐसा करने के बारे में है।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह बल्लेबाजी के नजरिए से इस तरह की छोटी क्षमता में भी इतना अच्छा खेल रहा है, जैसे कि आखिरी तीन ओवर। लेकिन आप देख सकते हैं कि कीपिंग के नजरिए से वह अभी भी उतना ही अच्छा खेल रहा है जितना पहले था। इसलिए वे दो लोग (कोहली और धोनी) मौजूदा खिलाड़ियों के मामले में मेरे लिए सबसे अलग हैं।

### नार्वे चेस

## क्लासिकल चेस में भारत के प्रज्ञानंद की कार्लसन पर पहली जीत, तीसरे राउंड के बाद शीर्ष पर पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल गेम जीत दर्ज की। उन्होंने इस जीत के साथ नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में बढ़त भी हासिल कर ली है।



18 वर्षीय प्रज्ञानंद ने कई बार रैपिड शतरंजा या फिर प्रदर्शनी मैचों में कार्लसन को हराया है, लेकिन क्लासिकल गेम में यह कार्लसन पर उनकी पहली जीत रही। उन्होंने तीन राउंड के बाद 5.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

प्रज्ञानंद सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उनकी जीत ने कार्लसन को अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। क्लासिकल चेस, जिसे धीमी शतरंज के रूप में भी जाना जाता है, खिलाड़ियों को अपनी चाल चलने के लिए काफी समय देता है, आमतौर पर खिलाड़ी इसमें कम से कम एक घंटे का समय भी ले सकता है। कार्लसन और प्रज्ञानंद ने इस प्रारूप में अपने पिछले तीन मुकाबले ड्रॉ खेले थे।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने भारतीय पर्वतारोही काम्या को किया सम्मानित

**काठमांडू, एजेंसी।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी 8848.86 मीटर पर पहली बार चढ़ाई को चिह्नित करने के लिए हर साल 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस मनाया जाता है। नेपाल के मार्ग से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की पर्वतारोही काम्या कार्तिकेयन को बुधवार को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस पर एक विशेष समारोह में सम्मानित किया।

### क्यों मनाया जाता है एवरेस्ट दिवस?

दुनिया की सबसे ऊंची चोटी 8848.86 मीटर पर पहली बार चढ़ाई को चिह्नित करने के लिए हर साल 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस मनाया जाता है। 1953 में नेपाल के तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी के एवरेस्ट पर चढ़ने के 71 साल बाद, 8,000 से अधिक लोग इसकी चढ़ाई कर चुके हैं।



### काम्या ने नाम किया रोशन

महज 16 साल और नौ महीने की उम्र में काम्या अपने 45 वर्षीय भारतीय नौसेना कमांडर पिता एस कार्तिकेयन के साथ नेपाल की ओर साउथ कोल से 20 मई को सफलतापूर्वक दुनिया की शीर्ष चोटी पर पहुंचीं। काम्या ने कहा कि वह एवरेस्ट पर चढ़ने के प्रति तब आकर्षित हुई जब उन्होंने सात साल पहले एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेकिंग की थी। उन्होंने कहा, यहां मेरी यात्रा के दौरान नेपाल के लोगों ने जो प्यार और स्नेह दिखाया है, उससे मैं अभिभूत हूं।

### इन्हें भी किया गया सम्मानित

काम्या के अलावा, प्रधानमंत्री प्रचंड ने कामी रीता शेरपा को भी सम्मानित किया। रीता ने इस साल रिकॉर्ड 30 बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। इसके अलावा फुंजो लामा को भी सम्मानित किया गया, जो केवल 14 घंटे और 31 मिनट में एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम समय में ऐसा करने वाली पहली महिला बन गईं।

## इगा स्वियाटेक ने मैच अंक बचाकर नाओमी ओसाका को हराया



**पेरिस, एजेंसी।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने निर्णायक सेट में 0-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5-3 के स्कोर पर मैच अंक बचाते हुए नाओमी ओसाका को हराकर बुधवार को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। दो चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेताओं के बीच मुकाबले में शीर्ष वरीय स्वियाटेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और कोर्ट फिलिप चैटरियर की छत के नीचे 7-6(1), 1-6, 7-5 से जीत हासिल की। स्टेडियम की छत पर बारिश की बूंदें गिर रही थीं और इसने अन्य कोर्ट पर मैचों में बाधा डाली।

पोलैंड की स्वियाटेक को दूसरे राउंड के टेस्ट में पूर्व नंबर एक ओसाका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। अपनी बेटी के जन्म के बाद वापसी के पांचवें महीने में ओसाका ने स्वियाटेक के माथे पर पसीना ला दिया। संघर्षपूर्ण और रोमांचक मैच, जो चैंपियनशिप फ़ाइनल होने का अहसास दे रहा था, में विश्व रैंकिंग में 134 वें नंबर की खिलाड़ी जापानी स्टार ओसाका ने 2019 जैसा प्रदर्शन किया, जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था और विश्व में नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी। लेकिन अंत में स्वियाटेक ने अपनी बची ऊर्जा का इस्तेमाल किया और विजेता बनीं। यह स्वियाटेक की रौलां गैरो में लगातार 16वीं जीत है जो जस्टिन हेनिन के 2005-10 के बीच लगातार 24 मैच जीतने के बाद सर्वाधिक है। स्वियाटेक की यह इस वर्ष की लगातार 14वीं जीत है।

ओसाका ने ज्यादा अंक जीते, ज्यादा विनर्स लगाए और ज्यादा सर्विस ब्रेक हासिल किये लेकिन स्वियाटेक ने तब अंक हासिल किये जब ज्यादा जरूरत थी। पहले दो सेट बांटने के बाद ओसाका ने निर्णायक सेट में 3-0 की बढ़त बनायी और 5-3 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रही थीं। लेकिन 30-30 के स्कोर पर वह अपना फोरहैंड नेट में मार बैठीं और फिर बैकहैंड हवा में उछाल बैठीं। स्वियाटेक के दूसरे ब्रेक अंक पर ओसाका ने आसान बैकहैंड को बाहर मार दिया और मैच वापस सर्विस पर लौट आया। ओसाका अंत में मैच समाप्त नहीं कर सकीं। ओसाका ने 5-5 के स्कोर पर सर्विस करते हुए कुछ थके हुए फोरहैंड लगाए और डबल फाल्ट कर स्वियाटेक को 6-5 की बढ़त दे दी। 12वें गेम में स्वियाटेक ने बैकहैंड क्रॉसकोर्ट विनर लगाकर 40-15 की बढ़त बना ली।

### रंजी ट्राफी

## रणजी के आगामी सत्र से पहले धवल कुलकर्णी को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**मुंबई, एजेंसी।** कुलकर्णी ने भारत के लिए 2014 से 2016 के बीच 12 वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। उन्होंने पिछले सत्र में मुंबई को रिकॉर्ड 42वीं बार रणजी ट्राफी जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था।

रणजी ट्रॉफी के आगामी सत्र से पहले मुंबई की टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। धवल कुलकर्णी को आगामी 2024-25 सत्र के सभी प्रारूपों के लिए गेंदबाजी मेंटर नियुक्त किया गया है। कुलकर्णी ने चार साल तक मुंबई के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की थी।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) की शीर्ष परिषद की बैठक के बाद धवल कुलकर्णी को गेंदबाजी मेंटर बनाए जाने की घोषणा की गई। कुलकर्णी ने भारत के लिए 2014 से 2016 के बीच 12 वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। उन्होंने पिछले सत्र में मुंबई को रिकॉर्ड 42वीं बार रणजी ट्राफी जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। एमसीए के सचिव अजिंक्य नायक ने कहा, हमने धवल कुलकर्णी को आगामी सत्र के लिए गेंदबाजी मेंटोर नियुक्त किया है। साथ ही अमोल काले (अध्यक्ष) ने प्रस्ताव दिया और शीर्ष परिषद ने सुनील गावस्कर को उनके 75वें जन्मदिन पर सम्मानित करने के उनके प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी।

## टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम सम्मानित

**न्यूयॉर्क (अमेरिका), एजेंसी।** वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरुआत से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को हाल के दिनों में राष्ट्रीय टीम के लिए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर की कैप मिली। विश्व के नंबर 1 टी20आई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी पुरुष टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टी20आई टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई।



कप्तान रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर की कैप मिली और बाएं हाथ के स्पिनर अर्शदीप सिंह को आईसीसी टी20आई टीम ऑफ द ईयर की कैप मिली।



### आखिरी कुछ दिन मुश्किल हैं

## करियर के अंतिम मुकाबले से पहले भावुक हुए सुनील छेत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुनील ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत साल 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल (94) करने वाले चौथे खिलाड़ी है। वहीं, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी के बाद सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं।

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने जानकारी दी थी कि वह अपने करियर का अंतिम मुकाबला छह जून को कुवैत के खिलाफ खेलेंगे। अब दिग्गज ने टीम और साथी खिलाड़ियों को लेकर बात की। इस दौरान वह भावुक हो गए।

छेत्री ने बताया कि करियर के अंतिम मुकाबले से पहले दिन काटना उनके लिए काफी मुश्किल हो रहा है। भारतीय टीम 2026 फीफा विश्व कप क्वालिफायर मैच खेलने के लिए कुवैत पहुंच चुकी है। करिश्मा कप्तान छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला होगा। इस मैच से पहले उन्होंने कहा, ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिये दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। समझ नहीं आता कि हर दिन, हर अभ्यास सत्र की गिनती करूं या बिना इस बारे में सोचे खेलूं। सुनील ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत साल 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी।

वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल (94) करने वाले चौथे खिलाड़ी है। वहीं, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी के बाद सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्हें साल 2011 में अर्जुन पुरस्कार और 2019 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। छेत्री ने आगे कहा, मैंने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। कोई चिंता नहीं है बल्कि मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा।

## एक नजर

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर धराया

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसावां बिगहा गांव के समीप बटाने नदी से अवैद्य बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। इस क्रम में पुलिस ने एक बाइक, दो कुदाल व दो तगाड़ी भी जब्त किया है। हालांकि चालक पुलिस को देखते गाड़ी छोड़कर भाग गया। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी राजा कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर की है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि इस मामले में गाड़ी मालिक व चालक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### अंडा खाने को लेकर हुई मारपीट

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरी गांव में अंडा खाने को लेकर उत्पन्न विवाद में पुत्र एवं माता के साथ मारपीट की गई। गहना निवासी रेशमा खातून द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार बुधवार की रात आठ बजे उनका पुत्र दानिश खान व उसका साथी तालिब खान अंडा खाने चौरी गांव गए थे। इसी बीच आरोपित अंडा दुकान पर आये और मारपीट की। किसी तरह रात में ही गहना गांव पहुंच कर सूचना दी। इसके बाद वह अपने पति के साथ पूछने गईं तो उनलोगों के साथ भी मारपीट की गई।

### माली थाना के चौकीदार की हुई मौत, शोक

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** माली थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़हारा गांव निवासी स्व. रट्टू पासवान के पुत्र 50 वर्षीय चौकीदार अंबिका पासवान की तबीयत खराब रहने के कारण मौत हो गई। अंबिका पासवान नवीनगर के माली थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। इसकी जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। परिजनों ने बताया कि अंबिका पासवान की तबीयत लगभग 15 दिनों से खराब चल रही थी। उनके दो बेटे और तीन बेटियां हैं। उनकी मौत होने से परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

सुबह पौ फटते ही गर्मी का होने लग रहा एहसास

# शाम के चार बजे भी तापमान 46 के पार, आर्द्रता मात्र 28

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले में गुरुवार का दिन भी बेहद गर्म रहा। तापमान इस कदर चढ़ा रहा है कि दिन चढ़ते लोग घरों में दुबक गए और दिन ढलने के बाद भी बाहर निकालने की हिम्मत नहीं दिखा पाए। सुबह पौ फटते ही गर्मी का एहसास होने लग रहा है। सुबह 8 बजे तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि आर्द्रता 44 प्रतिशत थी। इस समय गर्मी का एहसास हो रहा था पर लोग अपने आवश्यक कार्यों को लेकर घरों से बाहर निकले, लेकिन 10 बजते-बजते गर्मी से बदन जलने लगा। 10 बजे तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पहुंच गया और आर्द्रता घटकर 30 प्रतिशत हो गई। 12 बजे तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि आर्द्रता 31 प्रतिशत थी। 2 बजते-बजते असह्य गर्मी हो गई। तापमान चढ़कर 46 डिग्री सेल्सियस को पहुंच गया और आर्द्रता घटकर 26 प्रतिशत हो गई। शाम के 4 बजे भी तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस था। गर्मी से अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों ने 8 जून तक मौसम बेहद गर्म रहने की संभावना जताई है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार को वातावरण अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम 30 डिग्री रहने की उम्मीद है। शनिवार को अधिकतम 43 और न्यूनतम 29, रविवार को अधिकतम 41 और न्यूनतम 29, सोमवार को अधिकतम 42 न्यूनतम 29, मंगलवार को अधिकतम 43 न्यूनतम 30, बुधवार व गुरुवार को अधिकतम 44 न्यूनतम 30 तथा शुक्रवार व शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

# एनटीपीसी में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** एनटीपीसी नबीनगर में 16 मई से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता के लिए विभिन्न अभियान एवं गतिविधयो का आयोजन किया गया। पखवाड़े की शुरुवात परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चन्दन कुमार सामंता ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर किया। पखवाड़े के दौरान परियोजना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें परियोजना प्रमुख समेत हर विभागों के कर्मचारियों ने अपना श्रमदान दिया। इसी कड़ी में प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाकर पूरे टाउनशिप में एकल उपयोग प्लास्टिक पर रोक लगाया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा का समापन 30 मई को एक विशेष जरूरकता रैली (वॉकथॉन) के साथ किया गया। एनटीपीसी नबीनगर के टाउनशिप में आयोजित इस जागरूकता वॉकथॉन में एनटीपीसी कर्मचारियों के साथ साथ केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानो ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पखवाड़े के अंतिम दिन हस्ताक्षर अभियान का आरंभ किया गया जिसमें एनटीपीसी कर्मचारियों ने स्वच्छता हेतु अपने संकल्प और दायित्व को दोहराया।

औरंगाबाद प्रशासन ने काराकाट के तीन विस क्षेत्रों में की मतदान की तैयारी पूरी

# डीएम-एसपी ने पदाधिकारियों व पोलिंग ऑफिसर्स को किया ब्रीफ



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला प्रशासन ने काराकाट संसदीय क्षेत्र के औरंगाबाद में पड़ने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संचालित करने को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। काराकाट संसदीय क्षेत्र के औरंगाबाद जिले के गोह, ओबरा एवं नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी के योगदान के लिए औरंगाबाद जिला मुख्यालय में तीन केंद्र अधिसूचित किए गए थे। इसके तहत नबीनगर विधानसभा के लिए गांधी मैदान औरंगाबाद, गोह विधानसभा के लिए अनुग्रह मध्य विद्यालय औरंगबाद एवं ओबरा विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुग्रह इंटर विद्यालय, औरंगाबाद रिर्पोटिंग हेतु स्थान निर्धारित किए गए थे। इसी क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम द्वारा स्थानीय गांधी मैदान में भयमुक्त, निष्पक्ष चुनाव हेतु प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय तथा अन्य पदाधिकारियों को संबोधित किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष चुनाव कराना आपकी कर्तव्यनिष्ठा का परिचायक है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप लोगों को अपनी जिम्मेवारी के प्रति जागरूक रहना है ताकि भय मुक्त मतदान संपन्न हो सके। आप जिला प्रशासन की इकाई के रूप में कार्य करते हैं। इसके महत्त्व को समझना आवश्यक है। बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी ईफतेकार अहमद, औरंगाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, भूमि सुधार उप समाहर्ता स्वेतांक लाल आदि उपस्थित थे।

# लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं लोग

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नवीनगर में विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। एक सप्ताह से अनियमित विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। पांच से छह घंटे बिजली लोगों को मिल रही है। अरविंद कुमार सिंह, मनोज गुप्ता, फिरोज आलम, खुर्शीद आलम, राजेश सोनी, शिवपूजन विश्वकर्मा, बृजमोहन मिश्रा, प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि 10 दिनों से नगर पंचायत में अनियमित विद्युत आपूर्ति व लो वोल्टेज की समस्या से काफी परेशान हैं। सबसे अधिक समस्या पीने के पानी को लेकर हो गई है। अनियमित विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज होने के कारण मोटर व सबमरसेबल नहीं चल रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का फीडर अलग होने के बावजूद भी नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि संध्या में बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। अगर विद्युत आपूर्ति सुचारू व लो-वोल्टेज की समस्या में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

# सीएसपी संचालक से लूट के मामले में एक अपराधी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र में अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज मोड़ के पास 7 फरवरी 2024 को सीएसपी संचालक से हुई लूट के मामले में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार लाईनर की पहचान सलैया थाना क्षेत्र के पिरवां टोला मोहनपुर निवासी रामप्रवेश दास के पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई है। सदर एसडीपीओ-2 अमित कुमार ने बताया कि 7 फरवरी को टंडवा थाना क्षेत्र के मनसा बिगहा निवासी सुभाष चंद्रवंशी का पुत्र भीम कुमार सीएसपी के पैसे लेकर लौट रहा था। अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज मोड़ के पास एक गाड़ी पर सवार अपराधियों ने उसकी बाइक को ओवरटेक कर लूटपाट की थी। 1.25 लाख रुपये, स्क्रीन टच मोबाइल फोन, बायोमेट्रिक मशीन और बाइक की चाबी अपराधियों ने लूट ली थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई और एसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। एक अपराधकर्मी सूरज कुमार को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। उसने बताया कि घटना वाले दिन सूरज के अलावा सलैया थाना के फुलेन बिगहा निवासी दीप सिंह का पुत्र रितेश सिंह उर्फ रितेश कुमार अपाचे बाइक से उसके साथ भीम कुमार की रेकी कर रहा था। उसने ही अन्य अपराधियों को जानकारी दी थी कि भीम कुमार बाइक से आ रहा है। लूटपाट में कासमा थाना क्षेत्र के चिरैला गांव के राणा सिंह का पुत्र गोलू सिंह उर्फ पिस्टल सिंह, गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के मटुक बिगहा निवासी पिंटू सिंह का पुत्र राहुल कुमार, कासमा थाना के लोहरा गांव के स्व. उमा यादव का पुत्र अमर कुमार और फुलेन बीघा के दीप सिंह का पुत्र रितेश सिंह उर्फ रितेश कुमार शामिल है। एसडीपीओ ने बताया कि रितेश सिंह, राहुल कुमार, अमर कुमार और गोलू सिंह उर्फ पिस्टल सिंह पूर्व में ही जेल भेजे जा चुके हैं।




# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र में बाईपास के समीप बुधवार की शाम सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय रामप्रवेश सिंह की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार बारुण थाना क्षेत्र के मधुपुर निवासी रामप्रवेश सिंह किसी काम से औरंगाबाद में थे। वह शाम करीब पांच बजे बस पर सवार होने के लिए बाईपास के समीप पहुंचे। यहां सड़क पार करने के क्रम में ही एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए बनारस ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे। रास्ते में सासाराम टोल प्लाजा के पास उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन लाश लेकर वापस आ गए। शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के पुत्र सुजीत सिंह सहित अन्य लोगों का रो-रो कर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों ने घटना पर शोक जताया है। कहा कि रामप्रवेश सिंह मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया। सदर प्रखंड के फेसर थाना क्षेत्र के भंवर बीघा गांव के समीप मंटू यादव बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। वह खुद से बाइक चला रहे थे और किसी तरह बाइक अनियंत्रित हो गई। इस दुर्घटना में घायल हो गए। इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल लाया गया। यहां इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया गया। मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज के समीप एक मजदूर सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घायल मजदूर की पहचान राकेश साहू के रूप में की गई है जो मध्य प्रदेश का रहने वाला है। वह नेशनल हाईवे सड़क निर्माण में मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान एक गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया गया है।




# गांजा तस्करी में सहचालक को दिया गया दोषी करार

कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद।** गांजा की तस्करी करने के मामले में सह चालक को दोषी करार दिया गया है। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश पंकज मिश्रा ने कुटुंबा थाना कांड संख्या 65/20 में सहचालक भोजपुर जिला के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सिकरहटा निवासी अब्दुल तौफीक को धारा 20 (बी) ii (सी) एनडीपीएस एक्ट में दोषी कर दिया गया। बक्सर जिला के सिकरौला थाना क्षेत्र के मदार निवासी लड्डु सिंह उर्फ दिगंबर नाथ सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि 28 अप्रैल 2020 को कुटुंबा थाना को सूचना मिली थी कि एक ट्रक से भारी मात्रा में गांजा की खेप आ रही है। इस सूचना के आलोक में गश्ती पर रहे पुलिस पदाधिकारी लाल साहेब तिवारी ने सशस्त्र बल के साथ संडा में जांच अभियान शुरू किया। 29 अप्रैल 2020 को ट्रक की तलाशी में गांजा की खेप मिली। ट्रक से 349.730 किलो गांजा बरामद हुआ। गांजा को 343 पैकेट में पैक किया गया था। चालक के रूप में पवन कुमार वहीं साक्ष्य के रूप में अब्दुल तौफीक को गिरफ्तार किया गया। फोन से रेकी कर रहे लड्डु सिंह उर्फ दिगंबर नाथ सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। कांड के विचारण के दौरान ही पवन सिंह की मौत जेल में ही हो गई थी। अन्य के विरुद्ध अनुसंधान लंबित है। आगामी 6 जून को सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी।

# शराब के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** कुटुंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के खपिया पइन के समीप 40 लीटर महुआ चुलाई शराब लदी बाइक जब्त की है। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी प्रशांत त्रिवेदी ने की है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि खपिया पइन की ओर से तस्कर के शराब की खेप ले जाने की गुप्त सूचना थी। पुलिस की भनक लगते तस्कर शराब लदी बाइक छोड़ भाग गया। बाइक से 5-5 लीटर शराब भरे कुल 8 पॉलिथीन बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में बाइक मलिक समेत एक तस्कर को आरोपी किया गया है। बाइक चोरी की होने का संदेह भी उन्होंने जताया है।

